तापमान अधिकतम :32°C न्यूनतम: 24°C
सेंसेक्स 81,721.08
निफ्टी 24,853.15
सोना 98,900
चांदी 99,900

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, रविवार 25 मई 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 53 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 26 ज़ीकादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### इमरान खान ने कसा पाक आर्मी चीफ पर तंज

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### गिल बने टेस्ट टीम के कप्तान, इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम घोषित

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# देश में कोरोना की वापसी, अब तक 350 एक्टिव मरीज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। शनिवार को महाराष्ट्र के ठाणे में 8, उत्तराखंड-हरियाणा में 3-3 और यूपी के नोएडा में एक मामला सामने आया है। ठाणे में शुक्रवार को 10 मामले सामने आए थे। 23 मई को अहमदाबाद में 20, यूपी में 4, हरियाणा में 5 और बेंगलुरु में 9 महीने का एक बच्चा कोरोना पॉजिटिव पाया गया है।

इस तरह देश में अब तक कोरोना के 350 एक्टिव केस हैं। 2 मौतें हो चुकी हैं। उधर, दिल्ली सरकार ने कोविड-19 को लेकर एडवाइजरी जारी की है। सरकार ने सभी अस्पतालों को कहा है कि वे बेड, ऑक्सीजन, दवाइयों और वैक्सीन की पूरी व्यवस्था रखें। दिल्ली के सभी अस्पतालों को निर्देश दिया गया है कि हर पॉजिटिव कोविड सैंपल को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए लोक नायक अस्पताल भेजा जाए। सभी संस्थानों को अपनी रिपोर्ट दिल्ली हेल्थ पोर्टल पर रोज अपलोड करनी है। एडवाइजरी ऐसे समय आई है जब पाकिस्तान, चीन, थाईलैंड और सिंगापुर जैसे देशों में कोरोना मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। भारतीय सॉर्स एंड कोवि-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम के मुताबिक भारत में कोविड-19 के वेरिएंट एनबी1.8.1 का एक और एलएफ-7 प्रकार के चार मामले मिले हैं। चीन और एशिया के बढ़ते मामलों में यही वैरिएंट दिख रहा है। डब्ल्यूएचओ ने इन्हें चिंताजनक नहीं माना है, लेकिन निगरानी में रखे गए वैरिएंट के रूप में कैटेगराइज किया है। हालांकि एनबी 1.8.1 के ए435 एस, वी445एच, और टी478आई जैसे स्पाइक प्रोटीन म्यूटेशन अन्य वैरिएंट की तुलना में तेजी से फैलते हैं। इन पर कोविड के खिलाफ बनी इम्यूनिटी का भी असर नहीं होता। भारत में जेएन-1 वैरिएंट सबसे आम है। टेस्टिंग में आधे से ज्यादा सैंपल में यह वैरिएंट मिलता है। इसके बाद बीए-2 (26 प्रतिशत) और ओमिक्रॉन सबलाइनेज (20 प्रतिशत) वैरिएंट के मामले भी मिलते हैं।



फाइल फोटो

■ महाराष्ट्र के ठाणे में 8, उत्तराखंड-हरियाणा में 3-3 व यूपी में शनिवार को एक केस मिला

# अभिनेता मुकुल देव का निधन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता मुकुल देव का निधन हो गया। वह 54 वर्ष के थे। मुकुल देव का शुक्रवार की रात नई दिल्ली में निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे।

मुकुल देव के बड़े भाई राहुल देव ने इंस्टाग्राम पर मुकुल देव की तस्वीर शेयर कर लिखा, हमें आपको यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि हमारे भाई मुकुल देव का शुक्रवार रात नई दिल्ली में निधन हो गया। उनके परिवार में उनकी बेटी सिया देव हैं। उनके भाई-बहन रश्मि कौशल, राहुल देव और उनके भतीजे सिद्धांत देव उन्हें बहुत याद करेंगे। उनका अंतिम संस्कार शनिवार शाम 5 बजे हो गया।



■ 54 वर्ष की आयु में बीमारी के चलते ली अंतिम सांस

### 'कर्मचारी भविष्य निधि के अंशदाताओं को मिलेगा 8.25 % की दर से ब्याज'

**नई दिल्ली।** सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि योजना के अंतर्गत अंशदाताओं की संचित राशि पर वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 8.25 प्रतिशत की दर से ब्याज दिए जाने को मंजूरी दे दी है। यह जानकारी शनिवार को यहां आधिकारिक सूत्रों ने दी। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भी अंशदाताओं को 8.25 प्रतिशत की दर से ही ब्याज दिया था। कर्मचारी भविष्य निधि योजना में अंशदाताओं की संख्या इस समय सात करोड़ से अधिक है। वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि ईपीएफ पर वर्ष 2024-25 के लिए ब्याज दर इससे पिछले वर्ष के स्तर पर ही रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। श्रम मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले ईपीएफओ के केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) ने इसी वर्ष फरवरी में हुई बैठक में 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अंशदाताओं के खातों में ईपीएफ की संचित राशि पर 8.25 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज देने की सिफारिश की थी।

### ईडी ने दो लोगों को गिरफ्तार कर संपत्ति जब्त की

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एलएफएस ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड के कथित धन शोधन मामले की जांच में दो आरोपियों दिलीप कुमार मैती और मोहम्मद अनारुल इस्लाम को गिरफ्तार किया है और धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत उनकी चल और अचल संपत्ति को जब्त कर लिया है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी है। संघीय जांच एजेंसी ने कहा कि उसके कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय ने एलएफएस ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े विभिन्न परिसरों पर तलाशी अभियान चलाया और उसके निदेशकों एवं सहयोगियों की तलाशी अभियान के दौरान 118 बैंक खातों और 63 अचल संपत्तियों को फ्रीज कर दिया गया, जिनकी कीमत कई करोड़ रुपये है और अब इनकी बिक्री या हस्तांतरण पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। ईडी ने एक बयान में कहा कि जब्त की गई अचल संपत्तियों में दो होटल, एक रिसॉर्ट, भूखंड, एक आवासीय बंगला, फ्लैट और दुबई के ईगल हाइट्स में एक संपत्ति शामिल है। एजेंसी ने कहा कि इन संपत्तियों का बाजार मूल्य निर्धारित किया जा रहा है।

### बीएसएफ ने पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया

**पालनपुर।** गुजरात के बनासकांठा जिले में पाकिस्तानी घुसपैठिए को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने मार गिराया है। बीएसएफ ने शनिवार को बताया कि सतर्क जवानों ने शुक्रवार की रात बनासकांठा जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार कर भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर रहे एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा। जवानों ने उसे चेतावनी दी, लेकिन सेना की चेतावनी का अनसुना कर संदिग्ध लगातार आगे बढ़ता रहा। घुसपैठिए पर बीएसएफ जवानों ने गोली चला दी और वह मारा गया।

# हमें टीम इंडिया की तरह काम करना होगा

## मोदी बोले- राज्य विकसित, तभी भारत विकसित होगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश की आर्थिक वृद्धि और विभिन्न क्षेत्रों में विकास की दर को तेज करने तथा केंद्र और राज्यों के बीच तालमेल बढ़ाने की जरूरत पर बल दिया है।

श्री मोदी ने राजधानी में नीति आयोग की संचालन परिषद की 10वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि विकसित भारत अब देश के हर नागरिक की आकांक्षा बन गया है। उन्होंने कहा कि हमें विकास की गति बढ़ानी होगी। अगर केंद्र और सभी राज्य एक साथ आएं और टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत अब हर नागरिक का लक्ष्य बन गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब प्रत्येक राज्य विकसित होगा, तो ही भारत विकसित होगा। यह देश के 140 करोड़ नागरिकों की आकांक्षा है। श्री मोदी ने अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भूमिका बढ़ाए जाने पर बल देते हुए कहा कि हमें कार्यबल में महिलाओं को शामिल करने की दिशा में काम करना चाहिए। हमें ऐसे कानून, नीतियां बनानी चाहिए, जिससे उन्हें कार्यबल में सम्मानपूर्वक शामिल किया जा सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें इस तरह से -शेष पृष्ठ दो पर



■ प्रधानमंत्री ने केंद्र और राज्यों के बीच तालमेल बढ़ाने की जरूरत पर दिया बल

### ममता, विजयन और सिद्दारमैया बैठक में नहीं हुए शामिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में नीति आयोग की बैठक में माइक्रोफोन विवाद के करीब एक साल बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शनिवार को नई दिल्ली में होने वाली बैठक में शामिल नहीं हुई, सूत्रों ने बताया कि केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और कर्नाटक के सीएम सिद्दारमैया भी बैठक में शामिल नहीं होने का फैसला किया। प.बंगाल की मुख्यमंत्री के बैठक में शामिल न होने के फैसले के लिए हालांकि कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है।

### केंद्र सरकार कर रही पंजाब के साथ सौतेला व्यवहार :मान

**नई दिल्ली।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने केंद्र सरकार पर पंजाब के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए शनिवार को यहां कहा कि किसी राज्य के साथ इस तरह का पक्षपातपूर्ण तथा भेदभावपूर्ण व्यवहार अनुचित और अवांछनीय है। श्री मान ने यहां नीति आयोग की शासी परिषद की दसवीं बैठक में भाग लेते हुए राज्य से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए और दोहराया कि पंजाब के पास किसी भी राज्य के लिए अतिरिक्त पानी नहीं है।

### लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी ने साथी सैनिक को बचाने के लिए दिया सर्वोच्च बलिदान

**नई दिल्ली।** सेना के सिक्किम स्काउट्स के युवा अधिकारी लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी ने साहस, नेतृत्व और अधिकारी तथा जवानों के बीच के अटूट बंधन का असाधारण प्रदर्शन करते हुए उत्तरी सिक्किम में एक 'ऑपरेशनल टास्क' के दौरान साथी सैनिक को बचाने के लिए सर्वोच्च बलिदान कर मिसाल पेश की है। तेईस वर्षीय लेफ्टिनेंट तिवारी को छह महीने से भी कम समय पहले पिछले वर्ष 14 दिसम्बर को कमीशन मिला था। वह दो दिन पहले 22 मई को सिक्किम में एक 'टैक्टिकल ऑपरेटिंग बेस' (टीओबी) की ओर महत्वपूर्ण पोस्ट की रूट ओपनिंग पैट्रोल का नेतृत्व कर रहे थे। सुबह लगभग 11 बजे उनके गश्ती दल के एक सदस्य अग्निवीर स्टीफन सुब्बा का 'लॉग ब्रिज' को पार करते समय पैर फिसल गया और वह तेज पहाड़ी धारा में बह गए। लेफ्टिनेंट तिवारी ने असाधारण सूझबूझ, निस्वार्थ नेतृत्व और अपनी टीम के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए बिना किसी हिचकिचाहट के अग्निवीर को बचाने के लिए खतरनाक धारा में छलांग लगा दी। एक अन्य सैनिक नायक पुकार कटेल भी तुरंत उनकी सहायता के लिए उनके पीछे चले गए। उन दोनों ने साथ मिलकर डूबते हुए अग्निवीर को बचा लिया। इसी दौरान दुर्भाग्य से लेफ्टिनेंट तिवारी तेज बहाव में बह गए। उनके गश्ती दल द्वारा अथक प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सकता।

# आज से दो जून तक नौतपा

## राजस्थान में पारा 48 डिग्री, यूपी के 65 जिलों में बारिश का अलर्ट

■ उप्र में 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने के आसार

**नई दिल्ली।** देश में 25 मई (आज) से नौतपा शुरू हो रहा है, जो 2 जून तक समाप्त होगा। इस दौरान भयंकर गर्मी पड़ती है। कई राज्यों में तापमान 48 डिग्री तक जाने की संभावना है। 2024 में दिल्ली के मुंगेशपुर में नौतपा के दौरान तापमान 52.3 डिग्री तक पहुंच गया था, जो रिकॉर्ड है। मौसम विभाग ने शनिवार को देश के 28 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है।

इधर, पश्चिमी राजस्थान में गर्मी जारी है। 16 जिलों में 27 मई तक हीटवेव का रेड अलर्ट है। राज्य के जैसलमेर में शुक्रवार को सबसे ज्यादा 48 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा था। मध्य प्रदेश के 4 जिलों में शनिवार सुबह से तेज आंधी चल रही है। 17 जिलों में बारिश की संभावना है। यूपी के 65 जिलों में बारिश और बिजली गिरने का अलर्ट है। इस दौरान 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। छत्तीसगढ़ में प्री-मानसून की एंट्री हो गई है। अगले 7 दिनों तक बारिश का येलो अलर्ट है। रायपुर-दुर्ग में सुबह से ही तेज बारिश हुई। बिहार के सभी 38 जिलों में बारिश की संभावना है। पंजाब के 12 जिलों में बारिश 4 जिलों में लू चल रही है। हरियाणा में 7 जिलों में लू चलने का येलो अलर्ट है।

### मानसून ने आठ दिन पहले ही केरल में दी दस्तक



**पुणे।** दक्षिण-पश्चिम मानसून ने अपने सामान्य आगमन से आठ दिन पहले ही शनिवार को केरल में दस्तक दे दी। इसके अगले दो दिनों में महाराष्ट्र पहुंच जाने के आसार हैं।

मौसम विज्ञान केन्द्र (आईएमडी) ने कहा है कि इससे पहले 2009 में केरल में 23 मई को मानसून आया था। उसके बाद इतना पहले राज्य में मानसून 15 साल बाद आया है। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल इस दक्षिणी राज्य में 30 मई को, 2023 में आठ जून को, 2022 में 29 मई को, 2021 में तीन जून को, 2020 में एक जून को, 2019 में आठ जून को और 2018 में 29 मई को मानसून आया था। अगले दो-तीन दिनों में मानसून के कोंकण में पहुंचने का अनुमान है। कोंकण में इस समय मानसून आने से पहले होने वाली भारी बारिश हो रही है और मुंबई में मानसून के एक जून तक पहुंचने के आसार हैं। आमतौर पर, मानसून एक जून को केरल पहुंचता है, लेकिन इस साल यह एक सप्ताह पहले ही पहुंच गया है।

# पुंछ में पीड़ितों से मिले राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि सीमा पार की गोलाबारी में जम्मू-कश्मीर में पुंछ क्षेत्र में लोगों को भारी संकट का सामना करना पड़ा है और उनके घरों की बर्बादी अत्यंत पीड़ादायक है इसलिए पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर वह उनकी मांग उठाएंगे।

श्री गांधी ने कहा कि शनिवार को पुंछ में पाकिस्तान की गोलाबारी में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों से मिला। टूटे मकान, बिखरा सामान, नम आंखें और हर कोने में अपनों को खोने की दर्द भरी दास्तान, पुंछ क्षेत्र के ये देशभक्त परिवार हर बार जंग का सबसे बड़ा बोझ साहस और गरिमा के साथ उठाते हैं। उनके हौसले को सलाम है। उन्होंने कहा कि वह पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़े हैं और उनकी मांगें और मुद्दे राष्ट्रीय स्तर पर ज़रूर उठाएंगे। कांग्रेस नेता ने पीड़ित परिवारों के सदस्यों के साथ उनके घरों का भी मुआयना किया, जिन्हें गोलाबारी में भारी नुकसान हुआ है।



■ कहा: पुंछ के लोगों की पीड़ा, न्याय देने की मांग राष्ट्रीय स्तर पर उठाऊंगा

# CJI-प्रोटोकॉल से जुड़ी याचिका खारिज

■ चीफ जस्टिस ने कहा: यह सस्ती पब्लिसिटी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक वकील की जनहित याचिका (पीआईएल) को खारिज कर दिया, जिसमें महाराष्ट्र के सीनियर अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी।

याचिकाकर्ता का आरोप था कि इन अधिकारियों ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) बीआर गवई के पहले मुंबई दौरे के दौरान प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया। मुख्य न्यायाधीश गवई और जस्टिस आगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने इस याचिका को पब्लिसिटी इंटरेस्ट लिटिगेशन बताया और 7 साल के अनुभव वाले याचिकाकर्ता वकील शैलेंद्र मणि त्रिपाठी पर 7,000 का जुर्माना लगाया, जो उन्हें लीगल सर्विसेज अथॉरिटी में जमा करना होगा। सीजेआई ने याचिकाकर्ता से कहा कि आप अखबार में अपना नाम छपवाना चाहते हैं। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने कहा कि ये बहुत छोटा मामला है, इसे इतना बड़ा नहीं बनाया जाना चाहिए।

### सुप्रीम कोर्ट में गर्मी की छुट्टियां, 13 जुलाई तक 'आंशिक कार्य दिवस'



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में सोमवार से गर्मी की छुट्टियां शुरू हो रही हैं। इस अवधि को संभवत: पहली बार 'आंशिक कार्य दिवस' नाम दिया गया और इस दौरान भी पहले की ही तरह यहां आंशिक कामकाज होंगे। शीर्ष अदालत की एक अधिसूचना के अनुसार 26 मई से 13 जुलाई 2025 तक 'आंशिक कार्य दिवस' रहेगा और 14 जुलाई 2025 से शीर्ष अदालत में फिर से नियमित कामकाज शुरू हो जाएगा। इस 'आंशिक कार्य दिवस' में 21 पीठ विभिन्न मामलों की सुनवाई करेगी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने मामलों की सुनवाई के लिए उन पीठों को नामित किया है। अधिसूचना में कहा गया है कि 26 मई से एक जून के दौरान पांच पीठ विभिन्न मामलों की सुनवाई करेगी।

# बैंक धोखाधड़ी के मामलों में वांछित चंडोक भारत लाया गया

■ सीबीआई को मिली बड़ी सफलता

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को बैंक धोखाधड़ी के मामलों में लंबे समय से वांछित भगोड़े आरोपी अंगद सिंह चंडोक को प्रत्यर्पित कर भारत लाने में बड़ी सफलता मिली है।

सीबीआई की एक टीम चंडोक को अमेरिका से लेकर शनिवार को यहां पहुंची। चंडोक अभी सीबीआई की हिरासत में है और अब उसे अदालत में पेश किया जाएगा। बैंकों में धोखाधड़ी और लोगों के साथ ठगी के आरोपी चंडोक ने यहां से भागकर अमेरिका में शरण ली थी। रिपोर्टों के अनुसार चंडोक ने अमेरिका में भी अंतर्राष्ट्रीय ऑनलाइन ठगी गिरोह के साथ मिलकर अमेरिकी नागरिकों के साथ ठगी की। उस पर फर्जी कंपनियों के माध्यम से विदेशों में अवैध तरीके से भेजने के भी आरोप हैं। अमेरिकी जांच एजेंसियों ने उसके खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था और जांच के बाद वहां की अदालत ने उसे छह वर्ष की सजा सुनाई थी। सीबीआई चंडोक को भारत लाने के लिए काफी समय से अमेरिकी एजेन्सियों के साथ तालमेल कर रही थी। आखिरकार सीबीआई को इसमें सफलता मिली है। चंडोक के प्रत्यर्पण से साइबर अपराध के कुछ मामलों में भी सुराग मिलने की संभावना है।

# परमाणु ब्लैकमेल बर्दाश्त नहीं करेगा भारत

## भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने रूसी नेतृत्व के सामने रखा देश का पक्ष

मास्को, वार्ता

**रूस की यात्रा** पर गए द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सांसद कनिमोझी के नेतृत्व में भारतीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने रूसी नेतृत्व के समक्ष आतंकवाद कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति दोहराई है और इस बात पर जोर दिया है कि भारत किसी भी परमाणु ब्लैकमेल को बर्दाश्त नहीं करेगा।

मास्को में अपनी बैठकों के दौरान, दोनों पक्षों ने आतंकवाद विरोधी उपायों को मजबूत करने और सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद को खत्म करने की आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की। मास्को में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने रूसी संसद के दोनों सदनों के अलावा थिंक टैंकों सहित कई बैठकें कीं। भारतीय प्रतिनिधिमंडल की यह यात्रा वैश्विक आतंकवाद विरोधी ढांचे को मजबूत करने और बहुध्रुवीय अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करने के भारत के लंबे समय से चले आ रहे प्रयास को गति प्रदान करने के उद्देश्य से हो रही है। प्रतिनिधिमंडल ने फेडरेशन काउंसिल की अंतर्राष्ट्रीय मामलों की समिति के प्रथम उपाध्यक्ष एंड्री डेनिसोव और अन्य सीनेटरों के साथ बातचीत की। बातचीत आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में कानूनी स्तर पर एकमत कायम करने पर केंद्रित थी। भारतीय पक्ष ने आतंकवाद के खिलाफ देश की लड़ाई में प्रतिक्रिया के रूप में ऑपरेशन सिंदूर की ओर ध्यान आकर्षित किया। बाद में, भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने स्टेट ड्यूमा की अंतर्राष्ट्रीय मामलों की समिति के अध्यक्ष लियोनिद स्लटस्की के साथ बैठक की और स्टेट ड्यूमा के सदस्यों के साथ बातचीत की।



### बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल ने अबू धाबी में किए मंदिर में दर्शन

**अबू धाबी/अहमदाबाद।** पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर भारत का पक्ष बताने के लिए यूएई गए प्रतिनिधिमंडल ने अबू धाबी में विश्वप्रसिद्ध स्वामीनारायण मंदिर में दर्शन किए। बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था ने बताया कि मंदिर की अद्वितीय सुंदरता, पवित्रता व आध्यात्मिकता से समूचा प्रतिनिधि मंडल बहुत प्रभावित हुआ और मंदिर के वैश्विक सौहार्द के संदेश ने सभी को छू लिया। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व शिवसेना सांसद श्रीकांत एकनाथ शिंदे कर रहे हैं। इसके अन्य सदस्यों में भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज, मनन कुमार मिश्रा और एसएस अहलूवालिया सांसद सस्मित पात्रा, सांसद ईटी मोहम्मद बशीर और राजदूत सुजन चिनॉय शामिल हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### बिजली कटौती पर झांसी के चीफ इंजीनियर को हटाया

**लखनऊ।** यूपी में बिजली कटौती और कर्मचारियों के आंदोलन को देखते हुए ऊर्जा मंत्री एके शर्मा शनिवार को शक्ति भवन में समीक्षा बैठक के दौरान बुंदेलखंड में बिजली कटौती पर भड़क गए और तत्काल झांसी के चीफ इंजीनियर को हटाने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारी कार्रवाई के लिए तैयार रहें। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि बीते 21 व 22 मई को प्रदेश के विभिन्न जिलों में आंधी-तूफान के कारण बाधित हुई बिजली आपूर्ति को दुरुस्त करने के लिए सभी डिस्कॉम के एमडी और डायरेक्टर टेक्निकल को प्रभावित क्षेत्रों में खुद जाकर निरीक्षण करें और आपूर्ति को सही कराएं। सभी कांटिजेंसी प्लान बनाकर बिजली आपूर्ति में आ रही समस्या को दूर करें। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि बिजली से संबंधित शिकायतों को जल्द से जल्द दूर करने के लिए सभी डिस्कॉम, जोन और जिले स्तर पर 24 घंटे संचालित होने वाले कंट्रोल रूम को स्थापित करें।

### सपा सांसद बर्क को देना होगा 1.91 करोड़ जुर्माना

**संभल।** समाजवादी पार्टी के संभल से सांसद जिया उर रहमान बर्क पर बिजली विभाग ने 1.91 करोड़ का जुर्माना लगाया है और अब उन पर कोई विकल्प नहीं बचा है। ये जुर्माना सांसद के घर बिजली चोरी की जांच के बाद लगाया गया था। सांसद पर जुर्माने को लेकर संभल चर्चाएं जोरों पर हैं। बिजली विभाग संभल के अधिशासी अभियंता नवीन गौतम ने बताया कि संभल के सांसद जिया उर रहमान बर्क को अंतिम नोटिस भेजा गया है। अब उनके पास इसे भरने या अदालत का दरवाजा खटखटाने का विकल्प है। सांसद जिया उर रहमान को ये बिजली विभाग का नोटिस तब भेजा है, जब वो पहले से कई मामलों में फंसे हुए हैं। बिजली विभाग के मुताबिक पिछले साल 19 दिसम्बर को सांसद बर्क के आवास पर छापा मारा गया था। इस दौरान बिजली टीम को सांसद के आवास पर दो किलोवाट के दो कनेक्शन मिले, एक जिया उर रहमान के नाम और दूसरा उनके दादा पूर्व सांसद डा. शाफिकुर्रहमान बर्क के नाम, जबकि दोनों मीटर में खपत शून्य थी, जिसके बाद बिजली चोरी के शक में जांच हुई, तो उसमें चोरी पकड़ी गई।

### पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा, पहुंचे जेल

**बरेली।** यूपी के बरेली जिले में सोशल मीडिया पर देश विरोधी पोस्ट शेयर करने के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इन युवकों ने इंस्टाग्राम पर पाकिस्तान जिंदाबाद और भड़काऊ पोस्ट और धमकी भरे वीडियो अपलोड किए थे। ये मामला तब सामने आया, जब इंस्टाग्राम पर वायरल हुए दो पोस्ट से पूरे इलाके में तनाव का माहौल बना दिया। पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के सामने दोनों हाथ जोड़ते और मांफी मांगते दिखे। पहले युवक ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पाकिस्तान जिंदाबाद जैसी देश विरोधी टिप्पणी पोस्ट की थी। दूसरे युवक ने एक वीडियो अपलोड किया, जिसमें वह धारदार हथियार लहराते हुए नजर आ रहा है और जुबान काटने की धमकी दी थी।

## युवाओं का भविष्य हो रहा बर्बाद, यूपी सरकार बनाए नया कानून

# ऑनलाइन सट्टेबाजी, गेमिंग पर हाईकोर्ट नाराज

प्रयागराज, वार्ता



■ अब सार्वजनिक जुआ अधिनियम 1867 प्रासंगिक नहीं

■ उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन करें

**ऑनलाइन** गेमिंग, सट्टेबाजी जैसे वर्चुअली अपराधों पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने चिंता जताई है। हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा है कि ऑनलाइन गेमिंग, सट्टेबाजी जैसे वर्चुअली अपराधों को रोकने के लिए तत्काल प्रभावी कानून बनाए जाने की आवश्यकता है, क्योंकि, अब सार्वजनिक जुआ अधिनियम 1867 प्रासंगिक नहीं है।

यह आदेश न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर ने आगरा के इमरान खान व अन्य की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। कोर्ट ने इसकी विधायी व्यवस्था के लिए राज्य सरकार को आर्थिक सलाहकार प्रो. केवी राजू की अध्यक्षता में उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन करने और उस समिति में प्रमुख सचिव, राज्य कर के साथ विशेषज्ञों को भी शामिल करने का निर्देश दिया है। यह समिति वर्तमान स्थिति का आकलन करते हुए एक विधायी व्यवस्था बनाएगी। कोर्ट ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग, सट्टेबाजी जैसे वर्चुअली अपराधों पर लगाम के लिए फिलहाल कोई प्रभावी कानून नहीं है। सार्वजनिक जुआ अधिनियम 1867 औपनिवेशिक युग का कानून था, जो आज के दौर में प्रासंगिक नहीं रह गया है। वर्चुअली सट्टेबाजी या जुआ अब राज्य और राष्ट्र की सीमा से परे जा चुका है। सर्वर सिस्टम दुनिया की दूसरी सीमाओं में हैं, जिस पर कोई नियंत्रण नहीं है।

देश के किशोर और युवा आसानी से पैसे कमाने के चक्कर में इसकी चपेट में आ रहे हैं। इससे उनमें अवसाद, चिंता, अनिंद्रा के साथ सामाजिक विघटन की स्थिति बढ़ रही है। निम्न और मध्यम वर्ग ऑनलाइन गेम उपलब्ध कराने वाले प्लेटफार्म के झांसे में आकर आर्थिक नुकसान उठा रहे हैं। कोर्ट ने इन चुनौतियों से निपटने के लिए रजिस्ट्रार को आदेश की प्रति प्रदेश शासन के मुख्य सचिव को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है, ताकि कि इसका अनुपालन हो सके। बता दें कि याचियों के खिलाफ आगरा के मंटोला थाने में सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत तीन साल पहले प्राथमिकी दर्ज हुई थी। 27 दिसंबर 2022 को आरोप पत्र दाखिल होने के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट ने याचियों को नोटिस जारी किया था। याचियों की ओर से याचिका दाखिल कर आपराधिक कार्रवाई को रद करने की मांग की गई थी। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ खेलने वालों के खिलाफ कोई प्रभावी कानून नहीं है। सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत अधिकतम दो हजार जुर्माना और 12 महीने तक की कैद का प्रावधान है. लेकिन, फैंटेसी स्पोर्ट्स, पोकर और ई-स्पोर्ट्स जैसे ऑनलाइन गेम्स को लेकर कानून अस्पष्ट है। बड़ी संख्या में युवा इसकी जद में आकर नुकसान उठा रहे हैं। भारत में ब्रिटिश सरकार द्वारा जुआ गतिविधियों को विनियमित करने और सार्वजनिक जुआ घरों को दबाने के लिए लागू किया गया औपनिवेशिक युग का कानून है। वर्ष 1867 में यह पर्याप्त था, लेकिन आज नगण्य है। यूके, अमेरिका सहित दुनिया के कई विकसित देशों ने प्रावधान बनाए हैं।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में अगली सुनवाई चार जुलाई को

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले में दोनो पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद सुनवाई की अगली तारीख चार जुलाई निर्धारित की है। श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर का केस लड़ रहे दिनेश फलाहारी ने बताया कि मुगल शासक औरंगजेब द्वारा श्री कृष्ण जन्मस्थान पर किए गए अवैध कब्जे को हटाने के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र की एकल बेंच ने दोनो पक्षों को सुनने के बाद सुनवाई की अगली तिथि चार जुलाई निश्चित की है।

### बिना दिमाग लगाए आदेश देने वाले अफसर को ट्रेनिंग कराए वित्त मंत्रालयः उच्च न्यायालय

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने ऋण वसूली अधिकरण(डीआरटी) लखनऊ से मामलों में बिना दिमाग लगाए समान आदेश पारित किए जाने का सख्त संज्ञान लिया है। न्यायालय ने केंद्रीय वित्त मंत्रालय को निर्देश दिया कि डीआरटी के ऐसे अफसर की ट्रेनिग कराने पर गौर करे जिससे डीआरटी का कार्य सुचारू रूप से चल सके। इसके लिए कोर्ट ने केंद्रीय वित्त मंत्रालय को इस आदेश की कॉपी भेजने का भी निर्देश दिया है। न्यायाधीश पंकज भाटिया की एकल पीठ ने यह आदेश विमला कश्यप समेत तीन याचियों की याचिका पर दिया। इसमें डीआरटी के इसी दो मई उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसके तहत याचियों को अंतरिम राहत देने की अर्जी खारिज कर दी गई थी। याचियों के अधिवक्ता का कहना था कि यद्यपि, अर्जी में अंतरिम राहत देने की वजहें बताई गाएं थी, इसके बावजूद इन्हें गलत तरीके से दर्ज करके डीआरटी ने अर्जी खारिज करने का अप्रत्याशित आदेश पारित कर दिया।

## भ्रष्टाचार के आरोपी दरोगा की बर्खास्तगी रद्द

प्रयागराज, वार्ता

■ नोएडा में तैनात थे दरोगा प्रदीप कुमार गौतम हाईकोर्ट ने दी राहत

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की (दण्ड एवं अपील) नियमावली 1991 के नियम- 8 (2) (बी) के प्राविधानों के अन्तर्गत पर्याप्त साक्ष्य होने पर भी बगैर विभागीय कार्यवाही के बर्खास्तगी करना अवैध है।

कोर्ट ने कहा कि ऐसा करना नियम तथा कानून के विरुद्ध है। यह आदेश न्यायमूर्ति अजित कुमार ने वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम एवं अतिप्रिया गौतम की बहस सुनकर पारित किया है। मामले के अनुसार दरोगा प्रदीप कुमार गौतम, चौकी इंचार्ज, गोलचक्कर, थाना फेस-1, नोएडा, गौतमबुद्धनगर में उपनिरीक्षक के पद पर कार्यरत था। याची पर यह आरोप है कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा था, जिसके अवलोकन से पाया गया कि वायरल वीडियो में एक व्यक्ति अपनी जेब में हाथ डालता है और पास में खड़े उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार गौतम चौकी प्रभारी गोलचक्कर, थाना फेस-1, नोएडा को कुछ रुपये पकड़ाता है। आरोप लगाया गया है कि उक्त व्यक्ति के द्वारा चौकी प्रभारी को रिश्वत दी जा रही है। दरोगा का यह कृत्य उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक आचरण नियमावली के प्रतिकूल है, जिससे पुलिस विभाग की छवि धूमिल हुई है। वीडियो के अवलोकन से प्रथम दृष्टया अपराध कारित होना पाए जाने के फलस्वरूप उक्त प्रकरण में दिनांक 05 अप्रैल 2005 को दरोगा के विरुद्ध थाना फेस-1, नोएडा में धारा 7/13 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कराया गया। याची के ऊपर यह भी आरोप था कि वायरल वीडियो के अवलोकन से याची द्वारा घूस लेना स्वतः स्पष्ट हो रहा है एवं दरोगा के विरुद्ध पंजीकृत आपराधिक अभियोग गम्भीर अपराध की श्रेणी में आता है। अभियोग की विवेचना प्रचलित है तथा दरोगा प्रदीप कुमार गौतम द्वारा कर्तव्य पालन में घोर लापरवाही बरतते हुए गैर जिम्मेदारीपूर्ण, स्वेच्छाचारिता एवं अनुशासनहीनता के साथ-साथ पुलिस जैसे अनुशासित विभाग की छवि को धूमिल की गई है। पुलिस कर्मी की बर्खास्तगी बगैर विभागीय कार्यवाही के अवैध है। पर्याप्त साक्ष्य के आधार होंने पर भी बगैर स्पष्ट कारण बताए कि क्यों विभागीय कार्रवाई नहीं की जा सकती, बर्खास्त करना नियम एवं कानून के विरुद्ध है।

## नीति आयोग की बैठक ध्यान भटकाने का प्रयास

### सामाजिक ताना-बाना टूट रहा हो, तो विकसित भारत कैसे बनेगा

नई दिल्ली, वार्ता



■ कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने लगाया आरोप संपत्ति गिने चुने लोगों के हाथ में सिमट रही

कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में शनिवार को नीति आयोग की शासी परिषद की विकसित भारत लक्ष्य प्रगति को लेकर हो रही बैठक तब औचित्यहीन हो जाती है, जब खुद सरकार सामाजिक ताना-बाना तोड़ने और संवैधानिक संस्थाओं को बर्बाद करने में लगी हो।

पार्टी ने बैठक को ध्यान भटकाने का एक और प्रयास बताया है। कांग्रेस ने नीति आयोग को अब तक की सबसे अयोग्य बॉडी बताया और कहा कि आज हो रही विकसित भारत लक्ष्य समीक्षा प्रगति बैठक भी एक बार फिर सरकार की पाखंड करने और ध्यान भटकाने की कोशिश ही है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने यहां जारी एक बयान में कहा शासी परिषद की बैठक हो रही है। कहा गया है कि इसमें तथाकथित 'विकसित भारत' लक्ष्य की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। जब सत्ता में बैठे लोग अपने ही शब्दों और कर्मो से सामाजिक सौहार्द के ताने-बाने को तोड़ने में लगे हों तो कैसा विकसित भारत होगा। उन्होंने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जब संसद, न्यायपालिका, विश्वविद्यालयों, मीडिया और संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता को सत्ता की सुविधा के अनुसार कुचला जा रहा हो तो कैसा विकसित भारत होगा। भारत जिन मूल्यों और आदर्शों के लिए जाना जाता रहा है, उन पर अंतर्राष्ट्रीय मंचों के सामने ही योजनाबद्ध हमला किया जा रहा हो तो कैसा विकसित भारत होगा। जब देश की आर्थिक विषमता लगातार बढ़ रही हो और संपत्ति कुछ गिने-चुने लोगों के हाथों में सिमटती जा रही हो तो यह कैसा विकसित भारत होगा। श्री रमेश ने कहा कि अगर भारत की शानदार विविधताओं का जानबूझकर अपमान किया जाए और उन्हें मिटाया जाए तो कैसा विकसित भारत होगा। ए कैसा विकसित भारत हैं जहां केवल अभिव्यक्ति की आजादी ही नहीं, बल्कि अभिव्यक्ति के बाद की स्वतंत्रता भी खतरे में है।

## सपा समाप्त, राहुल बने पाक के प्रवक्ता

**वाराणसी।** यूपी में विधानसभा चुनाव 2027 में हैं, लेकिन राजनेताओं की बयानबाजी अभी से ही तेज हो गई है। पिछले दिनों डिप्टी सीएम बृजेश पाठक और सपा के सोशल मीडिया पर उपजा विवाद थमा भी नहीं कि शनिवार को सरकार में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी को फिर से समाप्तवादी पार्टी कहा और कहा कि 2027 का चुनाव अखिलेश यादव के लिए मुंगेरी लाल के हसीन सपने की तरह है। वे वाराणसी में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे, उन्होंने राहुल गांधी को पाक का प्रवक्ता बता दिया। वाराणसी पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने राहुल गांधी के विदेश नीति पर सवाल उठाने पर कहा कि राहुल गांधी पाकिस्तान के प्रवक्ता से भी ज्यादा बोलते हैं। कांग्रेस भारत की सेना को कमजोर साबित करना चाह रही है।

## योगी की सौगात, यूनिफॉर्म को 487 करोड़

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ अभिभावकों के खाते में 26 मई को पहुंच जाएगी धनराशि

**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार ने प्रदेश के करोड़ों बच्चों के लिए एक और राहत भरी घोषणा की है। राज्य सरकार ने कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को यूनिफॉर्म के लिए 487 करोड़ रुपये की बड़ी राशि जारी करने की मंजूरी दे दी है। सूत्रों के अनुसार सीएम योगी आदित्यनाथ 26 मई को लोक भवन में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में इस योजना के तहत बच्चों के अभिभावकों के बैंक खातों में सीधे पैसे भेजेंगे।

इस योजना का लाभ प्रदेश के सभी सरकारी, सहायता प्राप्त और राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों को मिलेगा। यूनिफॉर्म के लिए यह धनराशि डीबीटी के माध्यम से सीधे छात्रों या उनके अभिभावकों के खातों में भेजी जाएगी, ताकि कोई बिचौलिया न हो और पैसा सीधे जरूरतमंद तक पहुंचे। सरकार की इस योजना के अंतर्गत सिर्फ यूनिफॉर्म ही नहीं, बल्कि स्कूल बैग, जूते-मोजे और स्वेटर आदि की भी व्यवस्था की जाती है। हर साल शिक्षा विभाग छात्रों को इन वस्तुओं की खरीद के लिए राशि उनके बैंक खातों में भेजता है।

पिछले वर्षों में भी इसी तरह डीबीटी के माध्यम से करोड़ों बच्चों को लाभ दिया जा चुका है। यह पूरी प्रक्रिया बेसिक शिक्षा विभाग की निगरानी में होगी। विभाग ने पहले ही सभी जिलों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं कि पात्र छात्रों की सूची तैयार की जाए और उनके बैंक खातों को आधार से जोड़ा जाए, ताकि ट्रांसफर में कोई दिक्कत न आए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि उनकी सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी बच्चा स्कूल से वंचित न रह जाए। इसके लिए सरकार बच्चों की पढ़ाई से जुड़ी हर बुनियादी जरूरत को पूरा करने के लिए कृतसंकल्प है। यही कारण है कि यूनिफॉर्म, बैग और मिड-डे मील जैसी योजनाओं को और बेहतर बनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार हर साल छात्रों को यूनिफॉर्म के लिए 1200 रुपये की राशि देती है, जिसमें दो यूनिफॉर्म, एक बैग, एक जोड़ी जूते, दो जोड़ी मोजे और एक स्वेटर शामिल होता है। इससे पहले वर्ष 2023 में भी लगभग इसी तर्ज पर 1.91 करोड़ बच्चों को लाभ पहुंचाया गया था। योगी सरकार की यह पहल गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## भाजपा का गुजरात मॉडल-भ्रष्टाचार का साबितः सिसोदिया

नई दिल्ली, वार्ता



■ आप की सरकार ने अपने ही विधायक के खिलाफ कार्रवाई में कोताही नहीं बरती

आम आदमी पार्टी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी जिस गुजरात मॉडल का देश भर में ढोल पीटती है, दरअसल वह भ्रष्टाचार का मॉडल है, जिसमें भाजपा के नेता और मंत्री करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार कर लेते हैं, लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती है।

ऐसे ही गुजरात में हुए एक कथित महाघोटाले पर आप के वरिष्ठ नेता और पंजाब के प्रभारी मनीष सिसोदिया ने भाजपा पर तीखा हमला बोला और कहा कि भाजपा सरकार के पंचायती राज मंत्री के पुत्रों ने कंपनियां बना कर दाहोद में मनरेगा का काम लिया, लेकिन काम नहीं किया और 71 करोड़ रुपये हड़प लिए। अब वे पुलिस की गिरफ्त में हैं, लेकिन भाजपा ने अपने मंत्री का न इस्तीफा लिया और न कोई कार्रवाई की। आप संयोजक अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में पंजाब की 'आप' सरकार ने भ्रष्टाचार की जानकारी होते ही अपने विधायक को गिरफ्तार करा दिया। आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने शनिवार को कहा कि पंजाब में शुक्रवार को जब 'आप' के एक विधायक ने भ्रष्टाचार किया, तो भगवंत मान की सरकार ने तत्काल कार्रवाई की। आप की सरकार ने अपने ही विधायक के खिलाफ कार्रवाई में कोई कोताही नहीं बरती। यही केजरीवाल की राजनीति है और यही भगवंत मान सरकार का मंत्र रहा है। सिसोदिया ने कहा कि भाजपा वाले अपने गुजरात मॉडल की बहुत बात करते हैं, लेकिन सच तो यह है कि गुजरात मॉडल भ्रष्टाचार का मॉडल है। यह खुलासा हो रहा है कि गुजरात के दाहोद में मनरेगा में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। मीडिया में भी यह थोड़ा-बहुत चर्चा में आया कि गुजरात के पंचायती राज मंत्री बच्चूभाई खाबड़ के पुत्रों ने अपने ही पिता के विभाग के पैसे उड़ा दिए। दाहोद में 71 करोड़ रुपये का मनरेगा घोटाला हुआ है। भाजपा की सरकार इसमें मंत्री के खिलाफ कोई कार्रवाई ही नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि पूरे गुजरात के सभी तालुकाओं में इसकी जांच करा ली जाए, तो यह घोटाला कितने हजार करोड़ रुपये का होगा, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है।

आप नेता ने कहा कि जब मंत्री खुद अपनी कुर्सी पर बने हुए हैं और उनके पुत्र उनके ही विभाग में भ्रष्टाचार के आरोप में गुजरात पुलिस की गिरफ्त में हैं, तो मंत्री का इस्तीफा क्यों नहीं लिया जा रहा? भाजपा अपने मंत्री से इस्तीफा क्यों नहीं ले रही? इसके पीछे क्या वजह है? सिसोदिया ने कहा कि एक तरफ पंजाब का मॉडल है, जहां अपनी ही पार्टी के विधायक तक को नहीं छोड़ा जाता और दूसरी तरफ गुजरात का मॉडल है, जहां अपनी पार्टी के मंत्री के पुत्रों ने खुल्लम-खुल्ला भ्रष्टाचार किया। उन्हें गिरफ्तार भी किया जा रहा है, लेकिन मंत्री पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। कौन उन्हें बचा रहा है? यह गुजरात भी जानना चाहता है और देश भी जानना चाहता है।

## मांग कमजोर रहने से जिंसों में रहा टिकाव

नई दिल्ली, वार्ता



चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ

स्थानीय स्तर पर मांग कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और पिछले स्तर पर पड़े रहे। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही।

इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8600-8700 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3600-3700 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 15385 रुपये, मूंगफली तेल 17802 रुपये, सूरजमुखी तेल 16703 रुपये, सोया रिफाइंड 14652 रुपये, पाम ऑयल 14066 रुपये और वनस्पति तेल 15677 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## कांग्रेस बोलती है पाकिस्तान की भाषाः पूनावाला

**नई दिल्ली।** बीजेपी नेता शहजाद पूनावाला का कहना है कि कांग्रेस नेता राहुल गाधी ने पहलगाम में हुई आतंकी घटना को एक त्रासदी यानी ट्रेजेडी बता रहे हैं, उन्होंने कहा कि राहुल का इस तरह की बातें करना कोई हैरानी की बात नहीं है। कांग्रेस ने हमेशा पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की लीपापोती की है और पाक को क्लीन चिट दी है। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान सेना की ओर से सीमा पार से की गई गोलीबारी के पीड़ितों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। इस बीच बीजेपी ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए दोनों पर पाकिस्तान की भाषा बोलने का आरोप लगाया है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**हमें टीम...** काम करना चाहिए कि लागू की गई नीतियां आम नागरिकों के जीवन में बदलाव लाएं। जब लोग बदलाव महसूस करते हैं, तभी यह बदलाव को मजबूत करता है और बदलाव को एक आंदोलन में बदल देता है। उन्होंने कहा कि एक टीम के रूप में हमारे पास 140 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने का एक शानदार अवसर है। हमें इस लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए कि 2047 तक भारत को विकसित बनाना। हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि हर राज्य विकसित हो, हर शहर विकसित हो, हर नगर पालिका विकसित हो और हर गांव विकसित हो। उन्होंने कहा कि अगर हम इन सभी दिशाओं में मिल कर काम करेंगे, तो हमें विकसित भारत बनने के लिए 2047 तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने पर्यटन क्षेत्र के विकास के लाभ को भी रेखांकित किया और एक राज्य: एक वैश्विक गंतव्य का नारा दिया। उन्होंने कहा कि राज्यों को वैश्विक मानकों के अनुरूप और सभी सुविधाएं और बुनियादी ढांचा प्रदान करके हर राज्य में कम से कम एक पर्यटन स्थल विकसित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस रणनीति से पर्यटन स्थल के आस पास के शहरों का पर्यटन स्थल के रूप में विकास भी होगा। उन्होंने कहा कि भारत में तेजी से शहरीकरण हो रहा है। हमें भविष्य के लिए तैयार शहरों की दिशा में काम करना चाहिए। विकास, नवाचार और स्थिरता हमारे शहरों के विकास का इंजन होना चाहिए। नीति आयोग के अनुसार आज की बैठक का मुख्य विषय है- 'विकसित भारत के लिए विकसित राज्य एट2047।' राजधानी के भारत मंडपम में आयोजित इस बैठक में भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए राज्यों के विकास पर विशेष चर्चा हो रही है। आयोग का मानना है कि राज्यों को मानव विकास, आर्थिक विकास, स्थिरता, प्रौद्योगिकी और शासन सुधारों पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपने अद्वितीय भौगोलिक और जनसांख्यिकीय लाभों का लाभ उठाना चाहिए। बैठक में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री और उप राज्यपाल, केंद्रीय मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष, सदस्य और मुख्य अधिशासी अधिकारी (सीईओ) शामिल रहे।

## गंगा दशहरा उत्सव पर होगी रामलला मंदिर परिसर के मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा

■ तीन जून से पांच जून तक तीन दिवसीय उत्सव मनाया जाएगा

**अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में भव्य और दिव्य रामलला के मंदिर परिसर में स्थित मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा आगामी पांच जून को गंगा दशहरा उत्सव के अवसर पर की जाएगी।

इस अवसर पर तीन जून से पांच जून तक तीन दिवसीय उत्सव मनाया जाएगा जबकि पूजन के कार्यक्रम तीस मई से शुरू हो जाएंगे और उनकी शुरुआत परिसर में स्थित मंदिर में शिवलिग की स्थापना से होगी। काशी और अयोध्या के कुल वैदिक विद्वान अनुष्ठान की देखरेख करेंगे। देवताओं के लिए दो-दो फिट लंबे संगमरमर के सिंहासन विशेष रूप से तैयार किए गए हैं। श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट क्षेत्र के अधिकारियों ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान मूर्तियों को एक सिंहासन पर रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा सप्त मण्डप क्षेत्र में स्थित मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी जिसमें श्री वाल्मीकि, अ्गाय, विश्वामित्र, अहिल्या, शबरी और निषादराज प्रतिष्ठित होंगे।मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक में शामिल होने अयोध्या पहुंचे मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्र के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा के धार्मिक कार्यक्रम तीन जून से शुरू होंगे और पांच जून को समापन होगा। इसके पहले मुख्य मंदिर का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा।

उन्होंने बताया कि बाकी मंदिर में जो निर्माण कार्य हो रहे हैं, विशेषकर परकोटा निर्माण, शेषावतार मंदिर का निर्माण अपने निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पूरे होंगे। राम मंदिर सहित परकोटा के छह मंदिरों के शिखर को भी स्वर्णजटित बनाए जाने का काम अगले दो दिनों में पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सप्त मंदिर का निर्माण पूर्ण हो गया है। वहां पर ऋषियों, मुनियों की मूर्ति भी पहुंच गई है। पुष्करिणी जो बीच में जलसंचय है वह भी पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर में चार द्वारों के निर्माण कार्य आडोटोरियम व अतिथिगृह के निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि द्वार के निर्माण में सबसे पहला जो उत्तरीय दिशा में द्वार है वह चार जून तक पूर्ण हो जाएगा। परिसर में हो रहे अन्य काम अक्टूबर तक पूरे कर लिए जाएंगे। ज्एष्ठ कृष्ण एकादशी के पर्व पर राम मंदिर के प्रथम तल पर रामदरबार की मूर्ति को यथास्थान स्थापित कर दिया गया है। हालांकि यहां अवशेष कार्य अभी चल रहे हैं। राम दरबार की इस मूर्ति को जयपुर से लाया गया है जो कि सुबह छह बजे क्रासिग ध्से रामजन्मभूमि परिसर में दाखिल किया गया। इसी तरह से परकोटा के दक्षिण-पश्चिम में निर्मित शिवालय में भगवान नर्मदेश्वर को भी यथास्थान स्थापित कर दिया गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# अंतर्राष्ट्रीय नारकोटिक्स ड्रग रैकेट में शामिल विदेशी महिला को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय नारकोटिक्स ड्रग रैकेट में शामिल दो अफ्रीकी मूल की महिला नागरिकों यास्मीन टूरे और हनोक तर्र उर्फ पीटर को स्पेशल सेल ने गिरफ्तार करके उनके कब्जे से दस करोड़ रुपये की ८.०७० किलोग्राम मेथमफेटामाइन ड्रग बरामद की है।

पुलिस महिलाओं से पूछताछ कर उनके विदेश और भारत में सक्रिय गैंग के बोर में जानकारी लेने की कोशिश कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी वेदप्रकाश की देखरेख में इंस्पेक्टर रणजीत ङ्क्षसह और संजीव कुमार के निर्देशन में पुलिस टीम ने मेट्रो स्टेशन, धौला कुआं के पास मेथमफेटामाइन की खेप के साथ नाइजीरियाई महिला यास्मीन टूरे को गिरफ्तार किया। ट्रॉली बैग से ६.०१० किलोग्राम मेथमफेटामाइन बरामद की।

पूछताछ करने पर पता चला कि वह दिल्ली में अफ्रीकी मूल के व्यक्तियों द्वारा चलाए जा रहे ड्रग कार्टेल की सदस्य थी। उसने तिलक नगर में रहने वाले हनोक तार उर्फ पीटर से बरामद ड्रग्स खरीदी थी। हनोक तार उर्फ पीटर को तिलक नगर इलाके से गिरफ्तार किया। उसके किराए के घर से कुल २.०६० किलोग्राम मेथामफेटामाइन बरामद किया गया है। उसे तिलक नगर में अफ्रीकी मूल के व्यक्ति पीटर से मेथामफेटामाइन की खेप मिली थी। वह ज्यादातर दिल्ली के जनकपुरी, विकासपुरी और उत्तम नगर के बाजार क्षेत्रों में ड्रग्स लेती है। वह अपने बैग की गुप्त गुहाओं में लंबे रूट की बसों के माध्यम से अहमदाबाद के माध्यम से बैंगलोर/मुंबई तक आपत्ति. जनक पदार्थ ले जाती थी।

खेप पहुंचाने के बाद, वह आम तौर पर हवाई जहाज से दिल्ली वापस आती थी। वह दो साल से अधिक समय से इस तरह के नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल है। पता चला कि ड्रग सप्लायर वैध यात्रा दस्तावेजों के बिना अवैध रूप से भारत में रह रहे हैं।

## ड्रग रैकेट में हरियाणा के तीन एजेंट पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कनाडा भेजने के लिये किसी ओर का पासपोर्ट दिलाने में मदद करने वाले हरियाणा के तीन कबूतरबाजों को आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान अमित उर्फ रिंकू,मोहित और हरजिंदर सिंह के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते १८ मई की रात टोरंटो,कनाडा जाने के लिये पवन दत्त के नाम से जारी भारतीय पासपोर्ट रखने वाला एक युवक आईजीआई एयरपोर्ट पर पहुंचा। पासपोर्ट में लगी फोटो उसकी नहीं थी। जिसको चिपकाई गई थी।

पूछताछ करने पर युवक की पहचान गांव- तेपला, पटियाला, पंजाब के रहने वाले गौरव के रूप में हुई। पूछताछ करने पर पता चला कि उसने अपने पासपोर्ट का उपयोग करके दो बार कनाडाई वीजा के लिए आवेदन किया था, लेकिन दोनों आवेदन खारिज कर दिए गए थे।

इसके बाद, वह अपने गांव के अमन राजपूत के माध्यम से प्रदीप नामक एक एजेंट के संपर्क में आया। एजेंट ने कनाडा जाने का जुगाड़ करने के लिये तीस लाख रुपये मांगे। उसको बाद में कुरुक्षेत्र के एक होटल में बुलाया गया, जहाँ उनकी मुलाकात प्रदीप और उनके दो सहयोगियों से हुई। उसे पवन दत्त के नाम से एक फ्लाइट टिकट, एक वीजा और एक पासपोर्ट दिया। बाद में उसको लेकर तीनों इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आए थे। एसएचओ सुशील गोयल के निर्देशन में इंस्पेक्टर सुमित, हेड कांस्टेबल दलबीर,बिरजू,जोगिंदर, विश्वजीत और कांस्टेबल रजनीश को आरोपियों को पकडने का जिम्मा सौंपा गया। तीनों आरोपियों के ठिकानों पर छापेमारी करके गिरफ्तार कर लिया।

# साइलेंट जोन में हॉर्न बजाने पर एक हजार रुपये का जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के साइलेंट जोन घोषित इलाके स्कूल, अस्पताल और कोर्ट परिसरों के आसपास साइलेंट जोन में धड़ल्ले से गाड़ियां दौड़ रही हैं।

दिल्ली गेट के पास लोकनायक और जीबी पंत सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों के बाहर तेज हॉर्न, ट्रैफिक जाम और भीड़भाड़ आम नजारा बन चुका है। कोर्ट परिसरों के बाहर भी लगातार शोरगुल देखा जा सकता है, जो न्यायिक प्रक्रिया की गंभीरता को प्रभावित करता है। आरएमएल अस्पताल के इमरजेंसी गेट के बाहर ऑटो चालकों का अवैध कब्जा न केवल आपातकालीन सेवाओं में बाधा बनता है, बल्कि मरीजों और उनके परिजनों की परेशानी भी बढ़ाता है। ट्रैफिक संकेतों और साइलेंट जोन के नियमों की अनदेखी अब सामान्य बात हो गई है। यह स्थिति साफ दर्शाती है कि इन क्षेत्रों में कानून का पालन गंभीर संकट में है। नतीजतन, आम नागरिकों का स्वास्थ्य, सुविधा और संवैधानिक अधिकार सीधे तौर पर प्रभावित हो रहे हैं। साइलेंट जोन में हॉर्न बजाने पर एक हजार रुपये का जुर्माना है। इस दौरान विशेष ट्रैफिक पुलिस आयुक्त अजय चौधरी ने बताया कि साइलेंट जोन में हॉर्न न बजाएं के चिन्ह लगाए जाते हैं। साथ ही, लोगों को इस नियम के प्रति जागरूक भी किया जाता है। राजधानी दिल्ली में साइलेंट जोन की व्यवस्था भले ही नागरिकों की सहूलियत के लिए बनाई गई हो, लेकिन हकीकत इससे कोसों दूर है। खासकर दिल्ली गेट के पास स्थित लोकनायक और जीबी पंत सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों के बाहर का हाल तो और भी चिंताजनक है। यहां सुबह से लेकर शाम तक ट्रैफिक जाम की समस्या आम है। एंबुलेंस से लेकर स्कूल बस तक, हर वाहन को घंटों फंसे रहना पड़ता है। इस जाम में सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को उठानी पड़ती है, जिन्हें इलाज या जरूरी कार्य से अस्पताल आना होता है। तेज हॉर्न और धुएं से भरे इस माहौल में मरीजों की हालत और बिगड़ जाती है। जगह-जगह लगे ट्रैफिक संकेत और साइलेंट जोन के बोर्ड भी इस अराजकता को रोकने में नाकाम साबित हो रहे हैं।

## एक नजर

### मणिपुर, असम से दिल्ली व पंजाब में अफीम की सप्लाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मणिपुर, असम से अफीम की खेप लाकर दिल्ली एनसीआर में सप्लाई करने वाले सुरजीत सिंह और परगन सिंह नामक ड्रग्स सप्लायरों को स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से दो करोड़ रुपये की ४५.६ किलोग्राम अफीम जब्त की है। पुलिस उनके नेटवर्क के बारे में जानकारी लेने की कोशिश कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी राहुल कुमार सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर राकेश कुमार और अमित नारा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक पुख्ता जानकारी के बाद सेक्टर ३७ रोहिणी के पास घेराबंदी करके दोनों आरोपियों को ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल कार भी जब्त की। पूछताछ करने पर पता चला कि आरोपी सुरजीत सिंह उर्फ विक्की जोरहाट, असम में रहने वाले सोनू का साथी है। वह परगन सिंह के साथ मिलकर दिल्ली और अमृतसर में सोनू के विभिन्न संपर्कों को अफीम की आपूर्ति करने के लिए बिचौलिये का काम करता है। आरोपी परगन सिंह म्यांमार के सीमावर्ती क्षेत्र से अफीम खरीदता था और जोरहाट, असम लाता था। वह अफीम को जोरहाट, असम से दिल्ली और अमृतसर ले जाया जाता था। जिस कार का इस्तेमाल किया जाता था। उस कार की पिछली सीट के अंदर एक गुप्त स्थान बनाया हुआ था।

### कलाकार बिना धार्मिक भेदभाव करते हैं कला का प्रदर्शन: अंसारी



**नई दिल्ली।** समाजसेवा, फैशन और पाककला के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने वाली कविता अरोड़ा के सम्मान में एक भव्य संगीतमयी संध्या गीतों की शाम कविता अरोड़ा के नामष का आयोजन हुमा खघन इवेंट्स ग्रुप द्वारा ट्रिपल एस स्टूडियो शकर पुर में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता फेस ग्रुप के चेयरमेन डॉ. मुश्ताक अंसारी ने की। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि जब समाज में किसी के योगदान को सम्मानित किया जाता है, तो उस व्यक्ति की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। उन्होंने आगे कहा, कलाकार बिना धार्मिक भेदभाव के सभी के मनोरंजन के लिए अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शफीकघ अंसारी और मुख्य संरक्षक योगेश मलिक ने विशेष उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में अनेक प्रतिष्ठित अतिथियों ने भाग लिया, जिनमें पुलिस इंस्पेक्टर इन्द्रपाल सिंह, सीमा डोगरा (निर्माता-निर्देशक), तिलक खेड़ा, संजय नारायण (प्रसिद्ध गायक उदित नारायण के भ्राता), राजा भार्गव (कलाकार संगठन), हेमंत जिंदानी (मशहूर गायक), यूनुस नसीब, धर्मेंद्र तोमर (निर्माता-निर्देशक), शफीकघ-उर-रहमान (गैलेक्सी प्रोडक्शन हाउस), बैजनाथ (सामाजिक कार्यकर्ता), हाजी सरफराज खघन (ऑल मजलूम मंच), अविनाश सैनी (शिक्षाविद), मिर्जेन्द्र मिश्रा (सामाजिक कार्यकर्ता), सोनिया खघन, डॉ. विनोद कतियाल, गुरु प्रताप लूमस (ब्रेवे हार्ट वरिष्ठ न्यास), सोनू चंदेल (निर्देशक, एसएसएस स्टूडियो), मोहम्मद सुहैल (फोटोग्राफर), निर्देशक रवि कसाना, सुषमा रानी, विकास कक्कड़, सुषमा जैसवाल, दीपा बिष्ट तथा जीनत शहजादी आदि नाम प्रमुख थे।

### विद्या बालन का मार्केटिंग कंपेन में दिखेगा नया अंदाज

**नई दिल्ली।** फेडरल बैंक ने अपना नया एकीकृत मार्केटिंग कंपेन सेविंग की विद्या लॉन्च किया है। इसका प्रमुख उद्देश्य बैंक की सेविंग को बढ़ाना है। कंपेन में बॉलीवुड अभिनेत्री और बैंक की ब्रांड एंबेसडर विद्या बालन को नए अंदाज में पेश किया है । इस बाबत बैंक के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर एमवीएस मूर्ति ने कहा कि यह कंपेन रिश्ता आपसे है, सिर्फ ऐप से नहीं की कहानी को और ताकत देता है। यह बताता है कि जब स्मार्ट सेविंग की बात आती है, तो बेहतरीन सेवा और सार्थक संबंध लंबे समय तक चलने वाली वैल्यू बनाते हैं। विद्या बालन, हमारी ब्रांड एंबेसडर, ने ज्ञान के माध्यम से सचेत निर्णय लेने की गुढ़ बात को बेहद आसान बना दिया है। सेविंग्स की विद्या एक मल्टी-बिट हैंडल है। जमा राशि बनाने और व्यवसाय को बढ़ाने देने के लिए तिमाही जरूरत के आधार पर विभिन्न एक्सेसरीज को लॉक किया जा सकता है।

### बवाना की फैक्टरी में लगी आग

**नई दिल्ली।** बवाना औद्योगिक क्षेत्र इलाके में स्थित प्लास्टिक दाना बनाने वाली फैक्टरी में बीती रात भीषण आग लग गई। हादसे में पूरी फैक्टरी ध्वस्त हो गई। दमकलकर्मियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू किया। पुलिस मामला दर्ज करके आग लगने के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीती रात चार बजकर ४९ मिनट पर जे १०, सेक्टर-२ डीएसआईडीसी बवाना स्थित फैक्टरी में आग लगने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। आसपास के फैक्टरी कर्मचारियों से पता चला कि फैक्टरी में काम करने वाले कर्मचारी सुरक्षित बाहर निकाल आए थे। पुलिस ने तुरंत इलाके की बिजली को कटवाया। फैक्ट्री से काफी धमाकों की आवाजें आ रही थी। दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर डेढ़ दर्जन गाडियों की मदद से आग पर घंटों की मशक्कत के बाद काबू किया।

### बाराखंभा रोड पर बनेगी फायर ब्रिगेड की नई बहुमंजिला इमारत

**नई दिल्ली।** बाराखंभा रोड पर अग्निशमन सेवा के लिए नई बहुमंजिला इमारत बनाई जाएगी, जो न केवल आधुनिक सुविधाओं से लैस होगी, बल्कि इसके वाणिज्यिक उपयोग से सरकार आय जुटाने की तैयारी भी कर रही है। इमारत को सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर तैयार किया जाएगा। गृह विभाग मंत्री आशीष सूद ने सचिवालय में बैठक कर अग्निशमन सेवा विभाग के समर एक्शन प्लान पर तेजी से काम करने और सेवा को आधुनिक बनाने के निर्देश दिए। दिल्ली अग्निशमन सेवा का मौजूदा दोमंजिला मुख्यालय १९६० में बना था, ये अब पुराना और असुरक्षित हो चुका है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बजट भाषण में इसे बहुमंजिला और आधुनिक इमारत में बदलने की घोषणा की थी।




समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह सुगम्य सहायक योजना के तहत दिव्यांगों को ट्राई साइकिल वितरण कर उनका उत्साह बढ़ाते हुए।

# समाज कल्याण मंत्री ने किया ट्राई साइकिल का वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने सुगम्य सहायक योजना के तहत दिव्यांगों को ट्राई साइकिल व अन्य उपकरणों का वितरण कर उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम का आयोजन जिला समाज कल्याण कार्यालय (उत्तर पूर्व) दिलशाद गार्डन में हुआ।

रविन्द्र इन्द्राज ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के श्सशक्त दिव्यांग, समर्थ भारतश संकल्प की दिशा में दिव्यांगों को सम्मानजनक और सुविधाजनक जीवन देने के लिए दिल्ली सरकार उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाने और आधुनिक उपकरण देने की दिशा में सतत काम कर रही है। केंद्र सरकार ने हाल ही में केन्द्रीय आवास सुविधाओं में भी दिव्यांगों को आरक्षण दिया है। पब्लिक ट्रांसपोर्ट और इंफ्रास्ट्रक्चर उनके अनुकूल बन रहे हैं। केंद्र और दिल्ली सरकार दिव्यांगजनों के आत्मबल, आत्मनिर्भरता और सामा. जिक समावेश को बढ़ावा देने की दिशा में लगातार महत्वपूर्ण प्रयास कर रही हैं।

कार्यक्रम में दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, श्रवण यंत्र, वॉकर, ब्रेल किट, स्मार्ट फोन, स्मार्ट स्टिक और अन्य उपकरण दिए गए। कार्यक्रम में दिव्यांगों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा की केंद्र और दिल्ली सरकार लगातार दिव्यांगों के लिए आर्थिक और अन्य तरह की सुविधाएँ बढ़ाने के लिए जो प्रयास कर रही है, उससे उनका मनोबल बढ़ा है।

## प्रदूषण पर लगाम लगाने को निगम ने जारी किए निर्देश

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम ने दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण, खासकर धूल प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए नए निर्देश जारी किए हैं। अब दिल्ली नगर निगम क्षेत्र में निर्माण व तोड़फोड़ के काम के लिए दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। बिना पंजीकरण के कोई भी बिल्डिंग प्लान स्वीकृत नहीं किया जाएगा। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एमसीडी की ओर से जानकारी दी गई है कि हर निर्माण स्थल पर डीपीसीसी पोर्टल पंजीकरण पहचान पत्र के साथ डिस्प्ले बोर्ड लगाना भी जरूरी होगा। एमसीडी ने यह कदम वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के मार्गदर्शन में उठाया है।

# हिजामा व फसाद को लेकर आम लोगों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** मदरसा तालीम-उल-इस्लाम जामिया मस्जिद, पुरानी सीमापुरी में होने वाले हिजामा और फसाद जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में दिलशाद कॉलोनी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। हैदराबाद के सरकारी निजामिया मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर मुहम्मद अहसान फारूकी ने मीडिया से बात करते हुए हिजामा और फसाद पर विस्तृत चर्चा की और महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित किया।

फसाद के बारे में उन्होंने कहा कि यह इलाज की तीन हजार साल पुरानी पद्धति है, लेकिन इसका प्रचार पवित्र पैगंबर (सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम) के समय में हुआ और आज एलोपैथिक डॉक्टर भी यह मानने को तैयार हैं कि यह भी इलाज है। रक्त निकालने की प्रक्रिया को फसाद कहा जाता है और इसे वेनेसेक्शन भी कहा जाता है। प्राचीन चिकित्सा ग्रंथों में इसे एक महत्वपूर्ण उपचार माना गया है और इसे व्यवहारिक रूप से भी किया जाता था, लेकिन पिछले १५० वर्षों से फसाद को समाप्त कर दिया गया है। अब कोई भी चिकित्सक या ऋषि इसका अभ्यास नहीं कर रहे हैं। मैं इस पद्धति को जीवित रखने का प्रयास कर रहा हूं और भगवान का शुक्र है कि मैं इसमें सफल रहा हूं। डॉ. मुहम्मद फारूकुल इस्लाम ने यूनानी चिकित्सा और हिजामा के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी, डॉ. मुहम्मद आसिम ने शिविर के आयोजन का उद्देश्य बताया। औलिया हर्बल्स के निदेशक डॉ. नौशाद आलम ने बताया कि कल आयोजित होने वाले शिविर में दिल्ली और दिल्ली के बाहर से करीब १०० हकीम भाग लेंगे और वे न सिर्फ लोगों को हिजामा और फसाद के बारे में जागरूक करेंगे बल्कि मरीजों का इलाज भी करेंगे।

## साढ़े चार लाख रुपये का सामान खरीदा, बैग गायब पुलिस ने लौटाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रनहौला पुलिस ने एक बुजुर्ग दंपत्ति का बैग लौटाया है। जिसके बाद बुजुर्ग दंपत्ति ने दिल्ली पुलिस का आभार व्यक्त किया है। बैग में साढ़े चार लाख रुपये का कीमती सामान रखा हुआ था। कुछ समय बाद उनके बेटे की शादी भी है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रनहौला पुलिस को एक बुजुर्ग से पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर ने बताया कि वह और उनकी पत्नी नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से टीएसआर (थ्री-सीटर रिक्शा) से रनहौला के विकास नगर में अपने घर तक गए थे। घर पहुंचने के बाद, उन्हें पता चला कि एक सूटकेस अनजाने में टीएसआर में पीछे छूट गया था। सूटकेस में कीमती सामान और लग्जरी आइटम थे, जिनकी कीमत करीब साढ़े चार लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज किया।

एसीपी जयपाल सिंह की देखरेख में एसएचओ नरेन्द्र सिंह के निर्देशन में एसआई रमेश, हेड कांस्टेबल रमेश और कांस्टेबल नरेंद्र को बैग वापिस लाने का जिम्मा सौंपा गया। पुलिस टीम ने ऑटो-रिक्शा (टीएसआर) की तलाश में विकास नगर से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन तक लगभग २० किलोमीटर तक में लगे तीन से सौ ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जिसमें ऑटो की पहचान करने के बाद ऑटो के मालिक रमेश कुमार का पता लगाया गया।

राजेश कुमार को ढूंढ निकाला, जिससे जब गुम हुए बैग के बारे में पूछा गया, तो उसने सहयोग करते हुए बैग को सौंप दिया। बैग को शिकायतकर्ता बुजुर्ग दंपति को लौटा दिया गया। दंपति ने पुलिस टीम के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# नाइट क्लबों में ड्रग्स की सप्लाई, जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर के नाइट क्लबों में प्रतिबंधित एम्फेटामाइन ड्रग्स की सप्लाई करने वाले अंतर्राज्जीय नारकोटिक्स रैकेट के दो तस्करों विनय पांडे और विशाल सूजी को स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किया है।

आरोपी के कब्जे से २५ लाख रुपये की ड्रग्स बरामद की है। जो प्रतापगढ़ यूपी से खरीदी गई थी। एसीपी राहुल कुमार सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर अनुज नौटियाल और चंदन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने निरंकारी ग्राउंड, मुखर्जी नगर के पास घेराबंदी करके दोनों आरोपियों को ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी विनय पांडे चार वारदातों में शामिल रहा है। पिछले दो सालों वह साइकोट्रॉपिक पदार्थों के कारोबार में शामिल रहा है। वह पंजाब, हरियाणा और दिल्ली/एनसीआर में साइकोट्रॉपिक पदार्थों की आपूर्ति करने वाले यूपी ड्रग कार्टेल का सक्रिय सदस्य है। वहीं एक अन्य ऑपरेशन में स्पेशल सेल ने पांच करोड़ रुपये की अफीम,चरस और हेरोइन के साथ पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। अफीम और चरस को नेपाल से लाया जाता था। जबकि कच्ची हेरोइन उत्तर पूर्वी राज्यों से लाई गई थी। बरामद की गई ड्रग्स को दिल्ली और अन्य नजदीकी राज्यों में सप्लाई करना था। आरोपियों की पहचान राजकुमार,जसमेर सिंह, काला,संजय रावत और मोहन लाल के रूप में हुई।

# पूर्व महापौर की पत्नी की शोकसभा में दिखाई दी गंगा -यमुना तहजीब की झलक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विवेक विहार डी ३१७ में पूर्व महापौर व रेल मंत्रालय सदस्य भारत सरकार रामनारायण दुबे के निवास पर इनकी पत्नी की तेरहवीं के उपलक्ष्य में एक शोक सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भारत सरकार के मंत्री हर्ष मल्होत्रा, डाक्टर हर्ष वर्धन पूर्व स्वास्थ्य मंत्री भारत सरकार, पूर्व सांसद लाल बिहारी तिवारी, शाहदरा विधायक संजय गोयल, पटपड़गंज विधायक, बीर सिंह पवार निगम पार्षद, प्रीति निगम पार्षद, विवेक विहार पार्षद लिथड़ा, जीतेन्द्र सिंह शनटी, बलबीर सिंह गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी। निर्मल जैन , डाक्टर, पत्रकार बन्धु ने शिरकत कर चित्र पर पुष्प भेंट कर श्रद्धांजलि अर्पित की।



सुबह १० बजे हवन पूजा अर्चना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दो बजे पंडितों को भोज खिलाकर वस्त्र व धन दान कर परिवार के लोगों ने ब्रह्माण्ड का आश्रीवाद लिया। ३ बजे श्री राम मंदिर में एक शोक सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सामाजिक संगठन व सभी दलों के नेता गण इस गम में शरीक हो कर इस दुख की घड़ी में दुबे परिवार का मनोबल बढ़ाया। सैकड़ों की संख्या में हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई ने शोक सभा में पहुंचकर दु:ख जताया तथा चित्र पर पुष्प भेंट कर श्रद्धांजलि अर्पित की। भारी संख्या में सिख मुस्लिम समाज मौजूद था ।

# वादों के निस्तारण में प्रभावी पैरवी के निर्देश

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कल शाम कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में जिला स्तरीय समिति, अभियोजन एवं कारागार की सुरक्षा तथा पोस्टमार्टम, गुण्डा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट से संबंधित बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने जिला स्तरीय समिति की बैठक में वादों के निस्तारण के सम्बन्धित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उपस्थित से एक-एक वाद के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए प्रभावी पैरवी कर निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में कारागार की सुरक्षा, पोस्टमार्टम, गुण्डा एक्ट और गैंगस्टर एक्ट से संबंधित मामलों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने पोस्टमार्टम की प्रक्रिया और गुणवत्ता पर ध्यान देने एवं कारागार की सुरक्षा में सुरक्षा और सुधारों पर चर्चा की। उन्होंने गुंडा एक्ट विषय की समीक्षा में गंभीर आपराधिक गतिविधियों में लिप्त के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने गैंगस्टर एक्ट विषय की समीक्षा करते हुए गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागों में इन मामलों पर ध्यान दें और आवश्यक कदम उठाएं।

## दिल्ली में जल संकट पर नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने मुख्यमत्री रेखा गुप्ता को लिखा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बढ़ते जलसंकट और पानी की किल्लत को लेकर नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को चिट्ठी लिखकर मिलने का समय मांगा है। नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने रेखा गुप्ता को लिखी अपनी चिट्ठी में कहा कि, ष्टैंकरों के सामने लाइन में खड़ी महिलाएं, बाल्टी और मटकों के साथ इंतजार करते बच्चे ये दृश्य अब दिल्ली की नई पहचान बनते जा रहे हैं; क्या ऐसी दिल्ली का सपना भाजपा ने दिल्लीवालों को दिखाया था?ष

उन्होंने कहा कि,ष्दिल्ली में मुख्यमत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में २४-२४ घंटे तक पानी की सप्लाई ठप; जनता परेशान है लेकिन सरकार और मंत्री मौन है। दिल्ली में भाजपा की चार इंजन की सरकार इसके बावजूद भी दिल्ली की जनता पानी जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए भी मोहताज है।ष्नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि, ष्मई के महीने में ये हाल है, तो गर्मी बढ़ने पर क्या होगा? क्या सरकार दिल्ली के लोगों के पीने का पानी भी अब भगवान भरोसे छोड़ देना चाहती है? उन्होंने कहा कि, दिल्ली में पानी की कमी सिर्फ एक प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि जनता के प्रति भाजपा सरकार की लापरवाही है।ष प्रतिपक्ष आतिशी ने सीएम रेखा गुप्ता को लिखे पत्र में कहा कि, ष्आपके नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के राज में दिल्लीवासियों की पानी की सप्लाई २४-२४ घंटे तक ठप हो रही है। जगह-जगह पानी की सप्लाई बंद होने के मैसेज लोगों के मोबाइल पर आ रहे हैं। लेकिन आपकी सरकार और आपके मंत्रीगण पूरी तरह से चुप हैं, न कोई ठोस योजना, न कोई राहत कार्य।

## बुजुर्ग दंपती से की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डिफेंस कॉलोनी थाना पुलिस ने बुजुर्ग दंपती से डेढ़ लाख रुपये ठगने वाले शातिर जालसाज को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने खुद को एमसीडी और वन विभाग का अधिकारी बताकर पीड़ितों से ठगी की थी। पुलिस ने उसके पास से ठगी में इस्तेमाल बाइक, मोबाइल और २८५०० रुपये बरामद किए हैं। पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि ७६ वर्षीय महिला ने थाने में शिकायत दी थी। डिफेंस कॉलोनी के डी ब्लॉक में रहने वाली महिला ने बताया कि ९ मई को एक अज्ञात व्यक्ति उनके घर आया था। उसने खुद को एमसीडी और वन विभाग का अधिकारी बताया। आरोपी ने महिला से कहा कि उसके घर से निकलने वाली नाली साफ नहीं है। इसलिए ५० हजार रुपए का चालान काटा जाएगा। आरोपी ने कहा कि चालान नहीं भरा तो बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा। मामले को निपटाने के लिए उसने २५ हजार रुपए की रिश्वत मांगी। जब महिला ने रिश्वत देने से मना कर दिया तो आरोपी ने उसे उसके बेटे की शादी बर्बाद करने की धमकी दी।

इससे डरकर महिला ने उसे पैसे दे दिए। इसके बाद आरोपी १३ मई को फिर पीड़िता के घर आया। इस बार भी उसने बिजली कनेक्शन काटने और बेटे की शादी में बाधा डालने की धमकी दी। इस बार उसने ५० लाख रुपये की रकम मांगी। इस तरह आरोपी ने महिला के पति से डेढ़ लाख रुपये ऐंठ लिए। इसके बाद भी जालसाज पीड़ित दंपती पर पैसे ऐंठने का दबाव बनाता रहा और ब्लैकमेल करता रहा। इससे तंग आकर पुलिस से शिकायत की गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। आरोपी की पहचान के लिए १०० से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। फिर पुलिस ने जालसाज को गिरफ्तार कर लिया।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं


फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

## हिंडन एयरपोर्ट सलाहकार समिति के सदस्य बने संजीव गुप्ता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की ओर से भाजपा के महानगर कोषाध्यक्ष और समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता को हिंडन एयरपोर्ट सलाहकार समिति का सदस्य नामित किया गया है। इस अवसर पर उन्होंने गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि सांसद अतुल गर्ग के प्रयास से मुझ जैसे साधारण व्यक्ति को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाने का अवसर प्राप्त हुआ है।

क्योंकि सांसद का अपने सभी कार्यकर्ताओं पर अभूतपूर्व स्नेह रहता है। इसी के तहत मुझे भी यह मौका दिया गया है। शुक्रवार को हिंडन एयरपोर्ट के निदेशक उमेश यादव ने एक पत्र जारी करते हुए यह घोषणा की थी। इसके लिए संजीव कुमार गुप्ता ने उनका धन्यवाद देते हुए कहा कि वह हिंडन एयरपोर्ट के सभी यात्रियों की सुविधा में वृद्धि और हवाई अड्डे की साकारात्मक छवि और इसके विकास के लिए अपनी पूरी इमानदारी के साथ प्रयासरत रहेगें। इस अवसर पर उन्होंने सांसद प्रतिनिधि और अपने पारिवारिक सदस्य राजेन्द्र मित्तल मेदी वालों का भी धन्यवाद किया।

## बाइक सवार बदमाशों ने की लूटपाट

**स्योहारा।** प्रेमनाथ पुत्र चतर सिंह गांव रजपुरा थाना छजलैट जिला मुरादाबाद ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह बीती शाम लगभग 5 बजे मोटरसाइकिल से अपनी पत्नी गीता देवी के साथ अपने घर से अपनी सुसराल स्योहारा मुण्डा खेडी आ रहा था। गांव विशनपुरा कोट नहर की पटरी जंगल के पास बाइक सवार तीन लड़कों ने मेरी बाइक रूवका कर मुझे व मेरी पत्नी गीता देवी को डराया धमकाया ओर मेरी पत्नी के कानो के सोने के कुण्डल, सोने की कन्ठी व गले का सोने का पेडिल व कानों की धुरीये तथा मेरा पर्स जिसमे करीब 3000 रूपये व एक मोबाइल छीन कर गांव गल्ला खेडी की तरफ भाग गये। मेरी पत्नी के कुण्डल खींचने से कान फट गये है। पुलिस को 112 पर कॉल कर लूट की घटना की जानकारी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात में मुक. दमा पंजीकृत करके जांच शुरू कर दी है।

# शालीमार गार्डन में मुठभेड़ के बाद लुटेरा गिरफ्तार

### लूटी चेन बरामद, पैर में लगी गोली



**गाजियाबाद।** शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में एक लुटेरे को पुलिस ने पैर में गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान तालिब ऊर्फ टिक्की के रूप में हुई है, जो गाजियाबाद के पसोंडा इलाके का निवासी है।

मौके से पुलिस ने एक लूटी हुई चेन, एक तमंचा और एक बाइक बरामद की है। पूछताछ में तालिब ने स्वीकार किया कि वह अपने साथी मोनू के साथ मिलकर कई लूट की घटनाओं को अंजाम देता था और फिर दिल्ली भाग जाता था।

मामले में जानकारी देते हुए एसीपी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात शालीमार गार्डन पुलिस टीम डीएवी कट पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान दो युवक वजीराबाद रोड की ओर से आते दिखाई दिए।

उन्हें रोकने की कोशिश की गई, लेकिन वे बाइक घुमाकर भाग निकले। पुलिस ने तुरंत पीछा शुरू किया। थोड़ी दूर जाकर दोनों बदमाश बाइक छोड़कर पैदल भागने लगे। इस दौरान एक बदमाश ने पुलिस पर तमंचे से फायरिंग की। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में तालिब के पैर में गोली लग गई और वह घायल हो गया, जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया।

पुलिस के अनुसार, 25 वर्षीय तालिब उर्फ टिक्की, पुत्र मरहूम मेहरबान अली, निवासी ईदगाह के सामने, पसोंडा, थाना टीलामोड़, गाजियाबाद है। तालिब 9वीं कक्षा से आगे पढ़ाई नहीं कर पाया और आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो गया। ,

उस पर दिल्ली और गाजियाबाद में लूट के चार मामले दर्ज हैं। वह अपने साथी मोनू पुत्र शाहिद के साथ मिलकर 10 से अधिक लूटपाट की घटनाएं कर चुका है। पुलिस ने जो चेन बरामद की है, वह शालीमार गार्डन क्षेत्र की एक महिला से लूटी गई थी।

पुलिस ने बताया कि फरार बदमाश मोनू की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घायल तालिब को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई जारी है।

## विदेशी सामान के बहिष्कार के लिए शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कविनगर रामलीला मैदान के जानकी सभागार में राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता के निर्देश पर व्यापारियों के विदेशी सामान के बहिष्कार की शपथ ग्रहण समारोह में सभी आमंत्रित अतिथियों व मुख्य अतिथि सुनील सिंघी के साथ राष्ट्रीय व्यापार मंडल की पदाधिकारी की टीम का नेतृत्व करते हुए पंडित अशोक भारतीय ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए चीन पाकिस्तान अजरबैजान एहसान फरामोश तुर्की उर्फ ठरकी जैसे देशो का सामान ना खरीदना न बेचने तथा अपने बच्चों को भी विदेशी सामान का बहिष्कार करने की अपील की। यदि बच्चे नहीं मानेंगे तो उन्हें अपनी संपत्ति से बेदखल करने तथा सूई से लेकर कार तक की सभी चीज स्वदेशी इस्तेमाल करने की अपील की। इस अवसर पर पंडित अशोक भारतीय के साथ संदीप त्यागी रसम डॉ. ओ पी अग्रवाल सौरभ यादव आशु पंडित अंकुर अग्रवाल प्रदीप चौधरी प्रवीण भाटी जितेंद्र त्यागी आदि सहित अनेक व्यापारीगण उपस्थित रहे।

### कोरोना वायरस के चार नए मामले

## स्वास्थ्य विभाग अलर्ट पर, प्रशासन ने की सावधानी बरतने की अपील




**गाजियाबाद।** कोरोना वायरस के चार नए मामलों की पुष्टि होने के बाद स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन अलर्ट पर आ गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. अखिलेश मोहन ने बताया कि पिछले 24 घंटों में चार मरीजों की कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आई है, जिससे स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। इन मामलों में एक 18 वर्षीय युवती, एक बुजुर्ग दंपति और एक 37 वर्षीय महिला शामिल हैं। बृज विहार की 18 वर्षीय युवती को खांसी, जुकाम और बुखार की शिकायत थी। जांच के बाद रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दूसरी ओर, वसुंधरा निवासी 71 वर्षीय पुरुष और उनकी 64 वर्षीय पत्नी हाल ही में बेंगलुरु से लौटे थे। लौटने के कुछ दिनों बाद दोनों को कोरोना के लक्षण दिखाई दिए और 16 मई को जांच के बाद वे कोविड पॉजिटिव पाए गए। दोनों फिलहाल अपने घर पर होम आइसोलेशन में हैं और उनकी स्थिति स्थिर है। चौथा मामला वैशाली की 37 वर्षीय महिला का है, जो पिछले कुछ दिनों से खांसी और जुकाम से पीड़ित थी। डॉक्टर की सलाह पर कराई गई जांच में वह भी कोविड पॉजिटिव पाई गई। वह भी घर पर आइसोलेटेड है और सामान्य अवस्था में है।

इन मामलों के सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने आम जनता से सतर्क रहने की अपील की है। भीड़भाड़ से बचने, मास्क पहनने और कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी गई है। डॉ. मोहन ने बताया कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को अलर्ट पर रखा गया है और टेस्टिंग सुविधाओं को बढ़ाया जा रहा है। इसके साथ ही अस्पतालों को निर्देश दिए गए हैं कि वे कोविड बेड, ऑक्सीजन और दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 21 मई को कोविड-19 के जेएन.1 उपवेरिएंट को देखते हुए राज्य की मौजूदा स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी रखी जाए।

## खुशनुमा परवीन बनी महानगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** महानगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर महिला कांग्रेस ने कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महिला प्रदेश अध्यक्ष भारती त्यागी ने एडवोकेट खुशनुमा परवीन को महानगर अधयक्ष नियुक्त किया गया। एडवोकेट खुशनुमा परवीन ने राष्ट्रीय अध्यक्षा अलका लांबा के आदेशानुसार महिला कांग्रेस की दो सौ सदस्यता कराई। जिसके आधार पर खुशनुमा परवीन को अधयक्ष बनाया गया।

राष्ट्रीय महिला कांग्रेस नेता पूजा चड्ढा ने महिला कांग्रेस में काम कर रही सभी महिलाओं को संगठन में काम करने के लिए कहा। प्रदेश अधयक्ष भारती त्यागी ने एडवोकेट खुशनुमा परवीन को मनोनयन पत्र जारी करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में संगठन सृजन अभियान चल रहा है जिसमें महिला कांग्रेस को भी मजबूती से भागीदारी करनी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लम्बा ने पूरे देश में महिला कांग्रेस को मजबूत करने का काम किया है। अब गाजियाबाद में भी महिला कांग्रेस मजबूत होगी। पूर्व मंत्री सतीश शर्मा और पूर्व महानगर अधयक्ष वी के अग्निहत्री ने कहा कि खुशनुमा परवीन के अध्यक्ष बनने से महिला कांग्रेस वार्डो में मजबूत होगी।

अंत में खुशनुमा परवीन ने राष्ट्रीय अधयक्ष अलका लम्बा, प्रदेश अधयक्ष भारती त्यागी प्रदेश कांग्रेस कमेटी अधयक्ष अजय राय और राष्ट्रीय महिला कांग्रेस नेता पूजा चड्ढा सहित सभी का आभार जताया और विश्वास दिलाया कि मै गाजियाबाद में महिला कांग्रेस को मजबूत करूंगी।

इस अवसर पर मुख्य रूप से निवर्तमान जिलाधयक्ष महिला कांग्रेस सोनल नागर, पूर्व जिलाधयक्ष महिला कांग्रेस संगीता त्यागी, सविता, सरिता, सोनी, एडवोकेट सुनंदा, एडवोकेट सोनाली, एडवोकेट रिया, दीपिका, पुष्पा अंजुम, रानी, संगीता, गीता, पंकज तेजनिया, आशीष प्रेमी, विकास, बाबूराम शर्मा, सूर्यकान्त, एडवोकेट चन्दरपाल, नितिन, दिवाकर आदि लोग शामिल हुए।

# लैपटॉप चोरी करने वाला गैंग दबोचा

### पिछले छह महीनों में 250 से ज्यादा लैपटॉप चोरी कर पटना भेजे



**गाजियाबाद।** एनसीआर में सक्रिय एक शातिर लैपटॉप चोरी गैंग का खुलासा हुआ है। कौशांबी थाना प्रभारी (एसएचओ) अजय कुमार शर्मा की टीम ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है, जो कारों के शीशे केमिकल से तोड़कर लैपटॉप और मोबाइल चोरी करते थे। पुलिस द्नारा पूछताछ किए जाने पर पता चला कि ये गैंग पिछले 6 महीनों में 250 से ज्यादा लैपटॉप चोरी कर बिहार के पटना भेजे गए हैं।

पुलिस के अनुसार, आरोपी खास तरह के केमिकल का इस्तेमाल कर कार के शीशे को पिघलाते थे, जिससे बिना आवाज के शीशा गिर जाता था। वे ऑटो को कार से सटाकर खड़ा करते ताकि कोई देख न सके, फिर बैग उठाकर फरार हो जाते। चोरी के बाद वे खाली बैग कार में ही छोड़ देते थे, जिससे शक कम हो।

समामले में जानकारी देते हुए एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि क्षेत्र में लगातार कारों से लैपटॉप चोरी की शिकायतें मिल रही थीं। इस पर पुलिस टीम को सादा कपड़ों में तैनात किया गया। शुक्रवार को एसएचओ अजय शर्मा आनंद विहार बॉर्डर पर खुद निगरानी पर थे, तभी एक युवक ने बताया कि उसकी कार से लैपटॉप बैग चोरी हो गया है और चोर ऑटो से भाग निकले हैं। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए ऑटो का पीछा किया और दिल्ली बॉर्डर पर घेराबंदी कर एक आरोपी को पकड़ लिया। मौके से चोरी के 5 लैपटॉप बरामद किए गए।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रियाज खान, पुत्र मेहंदी हसन, निवासी खजूरी खास, शोएब, निवासी गाजीपुर, दिल्ली के रुप में हुई है। दोनों ने कबूला कि वे चोरी किए गए लैपटॉप को नोएडा स्थित प्रवीण नामक दुकानदार को 4,000 रुपये में बेच देते थे। मोबाइल के उन्हें 6,000 रुपये तक मिलते थे। प्रवीण इन डिवाइसेज को 'ऑन डिमांड' चोरी कराकर पटना भेजता था। पुलिस अब प्रवीण की तलाश में जुट गई है।

पुलिस की पूछताछ में रियाज ने बताया कि वह पिछले 7 महीनों से लगातार चोरी कर रहा है और अब तक 250 से 300 लैपटॉप चोरी कर चुका है। उसका साथी शोएब पहले से ही इस काम में सक्रिय था। वे कई बार कार के लॉक तोड़कर भी बैग निकाल चुके हैं।

एसएचओ अजय कुमार शर्मा ने बताया कि आगे की पूछताछ में और भी खुलासे हो सकते हैं। आरोपियों के नेटवर्क को खंगाला जा रहा है और जल्द ही उनके अन्य साथियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

### लोगों के लिए जानलेवा बने स्पीड ब्रेकर

## आरडब्ल्यूए फेडरेशन ने आवाज उठा पीडब्ल्यूडी से की कार्रवाई की मांग



**गाजियाबाद।** अनियंत्रित और अव्यवस्थित रूप से बनाए गए स्पीड ब्रेकरों को लेकर शुक्रवार को आरडब्ल्यूए फेडरेशन एवं फ्लैट ओनर फेडरेशन गाजियाबाद का एक प्रतिनिधिमंडल पीडब्ल्यूडी कार्यालय पहुंचा। चेयरमैन कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी के नेतृत्व में प्रति. निधिमंडल ने अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) राम राजा से मुलाकात कर समस्या को गंभीरता से उठाया।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि गाजियाबाद की सड़कों पर बिना मानक के बनाए गए स्पीड ब्रेकर आम लोगों के लिए जानलेवा बनते जा रहे हैं। कर्नल त्यागी ने बताया कि इन ब्रेकरों की ऊंचाई, डिजाइन और संकेतकों की कमी के कारण विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और रीढ़ की हड्डी से संबंधित बीमारियों से पीड़ित लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इन ब्रेकरों को 'कमर तोड़ स्पीड ब्रेकर' कह चुके हैं और इनके सुधर के निर्देश दिए गए थे। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि पीडब्ल्यूडी अन्य सड़क निर्माण एजेंसियों से समन्वय स्थापित कर मानसून से पहले शहर भर में बने खतरनाक स्पीड ब्रेकरों को हटाकर नियमानुसार, संकेतों और सुरक्षा उपायों के साथ उनका पुनर्निर्माण कराए।

इस मौके पर हर्मित सिंह बित्ता, गौरव बंसल और अंजु शर्मा ने ओवरहेड पुलों के एक्सपेंशन जॉइंट्स की खराब स्थिति का मुद्दा उठाया और उनके शीघ्र सुधार की मांग की।

साथ ही, सड़कों और पुलों पर एक्सपेंशन जॉइंट्स व स्पीड ब्रेकरों के रखरखाव से संबंधित जानकारी सिंगल विंडो सिस्टम से आमजन को उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही अधिशासी अभियंता राम राजा ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## दहेज के लिए ससुराल वालों ने गला दबाकर की बहु की हत्या, दो लाख की रखी थी मांग

**गाजियाबाद।** मोदीनगर क्षेत्र के कस्बा निवाड़ी में दहेज की मांग पूरी न होने पर एक विवाहिता की कथित तौर पर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान हापुड़ जिले के गांव असौड़ा निवासी सायबा के रूप में हुई है, जिसकी शादी 22 जून 2024 को निवाड़ी निवासी समीर के साथ हुई थी। परिजनों के मुताबिक, शादी के करीब छह महीने बाद से ही ससुराल पक्ष दो लाख रुपये की दहेज की मांग करने लगा था। मांग पूरी न होने पर सायबा के साथ मारपीट की जाती थी। कुछ दिन पहले सायबा की मां और भाई भी निवाड़ी आए थे और उन्होंने कुछ समय में पैसों का इंतजाम करने की बात कही थी। लेकिन ससुराल पक्ष तत्काल रकम की मांग पर अड़ा हुआ था। सायबा के भाई आजाद ने बताया कि शुक्रवार को उन्हें बहन की तबीयत बिगड़ने की सूचना मिली। जब वे मौके पर पहुंचे तो सायबा का शव चारपाई पर पड़ा मिला और ससुराल पक्ष के सभी लोग मौके से फरार थे। आजाद का आरोप है कि सायबा की गला दबाकर हत्या की गई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि आजाद की तहरीर पर पति समीर, ससुर सफीक और सास खुर्शीदा के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# हल्दौर में निकाली तिरंगा यात्रा

**हल्दौर।** हल्दौर में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने अपने साहस और शौर्य का प्रदर्शन कर पाकिस्तान की फौज को कड़ा सबक सिखाकर भारत को गौरवान्वित किया। आतंकियों के कायराना हमले में मारे गए करीब **26** पर्यटकों की विधवाओं के मांग के सिंदूर का बदला उनके घर मे घुस कर लिया। खंड विकास कार्यालय परिसर में शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख चौधरी विजेंद्र सिंह, बीडीओ विक्रम सिंह, एडीओ ग्राम पंचायत सुशील कुमार ने संयुक्त रूप से किया। तिरंगा यात्रा ब्लॉक कार्यालय से शुरु होकर बालकिशनपुर चौराहे से राम दर्शन कालोनी से होती हुई ब्लॉक कार्यालय पहुंचकर समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा का लोगों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर तिरंगा यात्रा के संयोजक विपुल चौधरी, विधान सभा संयोजक अनिल सिंह, मंडल अध्यक्ष पीयूष चौहान, हेमेंद्र प्रधान, महेश कुमार, शिवम चौधरी, अतुल मारवाड़ी, वरुण प्रताप सिंह, विपिन कुमार, राहुल चौधरी, अतुल कुमार, पूर्व पालिका अध्यक्ष अमर सिंह पम्मी, दीपक चौहान चानू, अमित सैनी आदि रहे।

# डीजेजेएस ने मंगल कलश यात्रा के माध्यम से आत्मबोधा का दिया संदेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आशुतोष महाराज जी के दिव्य मार्गदर्शन में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा पिलखुवा में 25 – 31 मई, 2025 को प्रतिदिन सायं 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक सात-दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन होने जा रहा है। जिसके निमित्त 24 मई को अद्वितीय मंगल कलश यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण एवं सौभाग्यवती माताओं ने सिर पर कलश धारण किए, छोटे बच्चों, तथा युवाओं ने श्रद्धा, उत्साह और भक्ति के साथ इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया।

प्रारम्भ में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन को संपन्न किया गया। तत्पश्चात् यह पावन यात्रा प्रातः 9 बजे आनंद स्वरूप बाल मुकुंद धर्मशाला, रेलवे रोड, पिलखुवा से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई कथा स्थल ख्र लाला गंगा सहाय धर्मशाला, गांधी बाजार, पिलखुवा पर संपन्न हुई। इस यात्रा के माध्यम से संस्थान द्वारा संचालित ष्बोध ख्र नशा मुक्ति अभियानष के अंतर्गत आयोजित ष्संकल्प मुहीमष का सशक्त संदेश जन-जन तक पहुँचाया गया एवं नशा मुक्ति का संद. ेश देते हुए लोगों को जागरूक किया।

पिलखुवा क्षेत्र के नागरिकों के साथ-साथ कई विशिष्ट अतिथियों ने भी अपनी सहभागिता दिखाई, जैसे- एवं सुनील गर्ग (गर्ग सेल्स कॉर्पोरेशन), हरीश अग्रवाल (नगर अधयक्ष पिलखुवा), विपिन अग्रवाल (BJP एवं RSS अधयक्ष, पिलखुवा), ओमप्रकाश (ओम केबल्स एंड ग्रुप), वेद प्रकाश एवं आशा रामा (वस्त्र थोक व्यापारी पिलखुवा), अनिल (क्लिनिक), एवं शरद (ट्रांसपोर्ट कंपनी), एवं शंकर राज बंसल (बीटीसी ट्रांसपोर्ट), एवं देवेंद्र सिंह शिशोदिया (मास्टर), एवं नीरज (समाजसेवी), एवं सिंघल (पारले बिस्किट), एवं गौरव शर्मा (पूर्व सैनिक), एवं अतुल मित्तल (उद्योग खादी भंडार), अखिलेश मित्तल (मेला अधिकारी पिलखुवा), सुनील (महाअधयक्ष आरएसएस पिलखुवा), सब- इंस्पेक्टर परमिंदर एवं समस्त स्टाफ (प्रभारी बस अड्डा पिलखुवा), हरिंदर सिंह चौहान एवं योगेन्द्र सिंह चौहान इत्यादि। डीजेजेएस का उद्देश्य है। विश्व में शांति की स्थापना करना, जो सनातन-पुरातन ब्रह्मज्ञान की शाश्वत विधि के माध्यम से ही संभव है।

**Name Change**

I, Have Changed My Name From Shuheb To Suhaib For All Future Purpose. Suhaib S/o Shri Momin R/o Mohalla Noorganj Muradnagar Ghaziabad.

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं. 24/2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैः-

**क्रम सं.-1,** कार्य का विवरणः समंइं/लाइन/इज्जतनगर के अधिकार क्षेत्र में सी०टी०आर० (पी) का प्रावधान। (5 डिग्री और अधिक वक्र पर सी०टी०आर० (पी)-5.7 ट्रैक किमी० एवं टी०एस०आर०(पी)-2.8 ट्रैक किमी० के स्वीकृत कार्य के अन्तर्गत), अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 2,01,03,788.95, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 2,50,500/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 06 माह।

**(1)** ई-निविदा दिनांक 16-06-2025 को 15:00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे।

**(2)** ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाईट *www.ireps.gov.in* पर देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.),
मुजाधि/डब्लू-83 इज्जतनगर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# डीयू के पास बिक रही थी ड्रग्स मामा-भांजा समेत पांच पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करते हुए पांच फार्मा-ड्रग्स तस्करों को पकड़ा है और ट्रामाडोल-टैबलेट और कोडीन आधारित सिरप की आपूर्ति में शामिल एक सिंडिकेट कार्टेल का भंडाफोड़ किया है। यह कार्टेल दिल्ली विश्वविद्यालय के उत्तरी परिसर इलाके में सक्रिय था। उनके कब्जे से कुल २३६० ट्रामाडोल-आधारित कैप्सूल और १२० कोडीन जब्त किए गए, जिनकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग एक लाख रुपये है। अपराध शाखा में तैनात एसआई विशन कुमार को दिल्ली में कोडीन सिरप और ट्रामाडोल कैप्सूल की आपूर्ति करने वाले लडकों के बारे में जानकारी मिली थी। जो यूनिवर्सिटी रोड नियर श्री राम इंस्टीट्यूट के पास फार्मास्युटिकल ड्रग्स की डिलीवरी करने आएगे। एसीपी राज. कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर राकेश दुहन के निर्देशन में पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी करके संबी मंडी घंटाघर,मलका गंज के रहने वाले मनीष भटले को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से कैप्सूल के १० डिब्बे (डायसाइक्लोमाइन एचसीआई, ट्रामाडोल एचसीआई, और एसिटामिनोफेन) कुल मिलाकर २३६० कैप्सूल (११८ ग्राम),१०० मिलीलीटर कोडीन-आधारित सिरप की १२० बोतलें (२४ ग्राम कोडीन) बरामद की गईं। उसके पास कोई बिल या पर्ची नहीं थी। आरोपी से पूछताछ करने पर पता चला कि उसने अपने मामा देवेंद्र, अभिषेक मेडिकोज, मलकागंज के मालिक से यह मादक पदार्थ खरीदा था।

अभिषेक मेडिकोज पर छापा मारकर देवेंद्र को गिरफ्तार किया। देवेन्द्र से पता चला कि उसने निखिल उर्फ गुन्नू से कोडीन सिरप की बोतलें खरीदी थीं। गुन्नू को उसके घर से गिरफ्तार किया। उसने बरामद ट्रामाडोल टैबलेट अंकित गुप्ता (मालिक- रवि मेडिकेयर), जी.टी. करनाल रोड औद्योगिक क्षेत्र से खरीदी थी। अंकित गुप्ता को गिरफ्तार करके उसके गोदाम पर छापा मारा गया। उसने स्वीकार किया कि उसने निखिल को बिना किसी बिल या प्रिस्क्रिप्शन के ट्रामाडोल सप्लाई की थी। उसके गोदाम से कोडीन सिरप की १५ बोतलें भी बरामद की गईं।

## मणिपुर, असम से दिल्ली व पंजाब में अफीम की सप्लाई

**नई दिल्ली।** मणिपुर,असम से अफीम की खेप लाकर दिल्ली एनसीआर में सप्लाई करने वाले सुरजीत सिंह और परगन सिंह नामक ड्रग्स सप्लायरों को स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से दो करोड़ रुपये की ४५.६ किलोग्राम अफीम जब्त की है। पुलिस उनके नेटवर्क के बारे में जानकारी लेने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी राहुल कुमार सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर राकेश कुमार और अमित नारा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक पुख्ता जानकारी के बाद सेक्टर ३७ रोहिणी के पास घेराबंदी करके दोनों आरोपियों को ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल कार भी जब्त की। पूछताछ करने पर पता चला कि आरोपी सुरजीत सिंह उर्फ विक्की जोरहाट, असम में रहने वाले सोनू का साथी है। वह परगन सिंह के साथ मिलकर दिल्ली और अमृतसर में सोनू के विभिन्न संपर्कों को अफीम की आपूर्ति करने के लिए बिचौलिये का काम करता है। आरोपी परगन सिंह म्यांमार के सीमावर्ती क्षेत्र से अफीम खरीदता था और जोरहाट, असम लाता था। वह अफीम को जोरहाट, असम से दिल्ली और अमृतसर ले जाया जाता था। जिस कार का इस्तेमाल किया जाता था। उस कार की पिछली सीट के अंदर एक गुप्त स्थान बनाया हुआ था।

# दुकान दिलाने के बहाने कार में ले जाकर दुष्कर्म का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गाजीपुर निवासी एक युवक ने महिला को ब्यूटी पार्लर के लिए दुकान दिलाने के बहाने कार में ले जाकर दुष्कर्म का प्रयास किया। आरोप है कि वह बमुश्किल आरोपी के चंगुल से छूटी और शोर मचाया। जिसके बाद आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। दिल्ली के जसौला विहार निवासी एक महिला ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि वह गाजीपुर स्थित फिश मार्केट में मुर्गा खरीदने के लिए शबाब की दुकान पर गई थी। आरोप है कि आरोपी ने इसी दौरान उनसे जान पहचान बनाई और काम के बारे में पूछा। जब आरोपी को बताया कि वह ब्यूटी पार्लर का काम जानती है, लेकिन मौके की दुकान नहीं मिल रही। इस पर आरोपी ने कहा कि वह उन्हें दुकान दिला देगा। इस पर आरा. पी ने बुलंदशहर में काम अच्छा होने और दुकान दिलाने की बात कही।

आरोप है कि २१ मई को आरोपी अपनी कार लेकर जसौला स्थित उनके घर पहुंचा और दुकान दिलाने के बहाने ले आया। इसके बाद आरा. पी काला आम चौराहे पर आकर कार में लेकर इधर-उधर घूमता रहा। जब दुकान दिलाने के लिए कहा तो आरा. पी ने कहा कि दुकान वाला व्यक्ति नुमाईश मैदान में आठ बजे आएगा। इसके बाद आरोपी उन्हें नुमाईश मैदान ले गया और कार में ही उनके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। इसके बाद आरोपी उन्हें जबरन कार के पीछे की सीट पर ले गया और दुष्कर्म का प्रयास किया। बमुश्किल व आरोपी के चंगुल से छूटी और शोर मचाया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया।

## दो सीसीएल पकड़े

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने बुराड़ी थाने में हुई सनसनीखेज हत्या का मामला सुलझाकर , दो सीसीएल को पकड़ा है। पुलिस ने उनके पास से अपराध में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद किया है।

# डीयू के हिन्दी-अंग्रेजी विभाग में भी होगी पत्रकारिता में एमए की पढ़ाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डीयू के हिन्दी और अंग्रेजी विभागों में भी अब पत्रकारिता में एमए की पढ़ाई कारवाई जाएगी। गौरतलब है कि पिछले दिनों डीयू के दक्षिणी परिसर के पत्रकारिता विभाग में स्टुडियो का उद्घाटन करते हुए कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने घोषणा की थी कि डीयू पत्रकारिता में पीजी डिप्लोमे के अलावा स्नातकोत्तर का पाठ्यक्रम भी शुरू करेगा। इसके लिए कमेटियों का गठन किया गया है। दक्षिण परिसर के हिंदी विभाग में 'दो वर्षीय स्नातकोत्तर हिन्दी पत्रकारिता पाठ्यक्रम' के शुभारंभ हेतु डीयू के दक्षिणी दिल्ली परिसर के निदेशक प्रो. श्री प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया है। इसके अलावा डीयू के अंग्रेजी विभाग के अंतर्गत 'अंग्रेजी पत्रकारिता में स्नातकोत्तर' नामक एक नया कार्यक्रम शुरू करने के लिए भी समिति के गठन को मंजूरी प्रदान की गई है।

दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉलेजों और संबंधित कॉलेजों/संस्थानों के विभागों में शिक्षकों की वरिष्ठता के लिए नियमों को डीयू ईसी ने पारित कर दिया है। इसके तहत यदि सभी सापेक्ष योग्यताएं समान हैं, तो सभी उद्देश्यों के लिए शिक्षकों की वरिष्ठता आयु/जन्म तिथि के आधार पर निर्धारित की जा सकती है। गौरतलब है कि डीयू के डीन ऑफ कॉलेजिज प्रो. बलराम पाणी की अध्यक्षता में इस विषय पर एक समिति गठित की गई थी। समिति की विस्तृत रिपोर्ट पर विचार करने के उपरांत यह नियम पारित किए गए हैं।

समिति ने इस मुद्दे पर हितधारकों की चिंताओं का विश्लेषण करते हुए पाया कि कॉलेजों के बीच बहुत सारी चिंताएं/आरोप और अस्पष्टता रही है कि विभाग के भीतर शिक्षकों की वरिष्ठता और किसी भी संबंधित कॉलेज के विभागों में वरिष्ठता निर्धारित करते समय कौन सी पद्धति अपनाई जाए। इसलिए, कॉलेज/संस्थान दुविधा की स्थिति में हैं, क्योंकि ऐसे बहुत सारे आरोप/चिंताएं प्राप्त होती हैं।



दिल्ली पुलिस ने महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम 'शशक्ति' के तहत, रनहोला थाने के अंतर्गत , बक्करवाला में आत्मरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें भाग लेती लड़कियाँ।

# बक्करवाला में लड़कियों के लिए 'शक्ति आत्मरक्षा' कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** युवा लड़कियों के भविष्य को मजबूत करने और एक सुरक्षित समाज सुनिश्चित करने के लिए एक शक्तिशाली पहल में, दिल्ली पुलिस ने अपने प्रमुख महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम "शशक्ति" के तहत, रनहोला थाने के अंतर्गत , बक्करवाला में एक दिवसीय आत्मरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया।बाहरी जिला साम. ुदायिक पुलिसिंग सेल द्वारा आयोजित, कार्यशाला ने क्षेत्र की युवा लड़कियों को व्यावहारिक आत्मरक्षा तकनीक सीखने के लिए एक साथ लाया गया, जिससे न केवल शारीरिक शक्ति, बल्कि आंतरिक आत्म विश्वास और मानसिक लचीलापन भी बढ़ा। दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि यह केवल आत्मरक्षा से कहीं अधिक है। शक्ति का मतलब है डर को शक्ति में बदलना और निर्भरता को आत्मनिर्भरता में बदलना"।

हम चाहते हैं कि हर लड़की अपनी ताकत को पहचाने, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े और बिना किसी डर के दुनिया का सामना करे। कार्यशाला में उत्साही भागीदारी देखी गई, जिसमें प्रशिक्षित प्रशिक्षकों ने वास्तविक जीवन के परिदृश्यों का प्रदर्शन किया और संभावित खतरों के खिलाफ प्रभावी प्रतिक्रिया रणनीतियों को सिखाया। यह पहल सामुदायिक जुड़ाव और युवा सशक्तिकरण के लिए दिल्ली पुलिस की सक्रिय प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# लाल बत्ती के पास लूटपाट करने वाले तीन पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नांगलोई पुलिस ने एक गैंग के तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। वारदात के लाल बत्ती गैंग का एक साथी पैदल होता था,जबकि दो बाइक पर। वारदात करने के तुरंत बाद पैदल बदमाश अपने साथियों की बाइक पर बैठकर फरार हो जाता था। चालक भी बाइक को सौ से ज्यादा की रफ्तार से भगाने में सक्षम होता था।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नांगलोई पुलिस को एक शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि जब वह अपने पति और बच्चे के साथ स्कूटी पर विशाल मेगा मार्ट, नांगलोई जा रही थी। जैसे ही वे लाल ट्रैफिक सिग्नल पर रुके, एक अज्ञात व्यक्ति पीछे से आया और उसकी सोने की चेन छीनकर मौके से भाग गया। पुलिस ने मामला दर्ज किया। वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली।

आरोप अनस को गिरफ्तार किया। जिसकी निशानदेही पर उसके बाकी साथी हेमंत और किशन उर्फ किची को भी गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर पता चला कि अनस वारदात करने के वक्त पैदल था, जबकि अन्य मोटरसाइकिल पर थे। हेमंत सात जबकि किशन दो वारदातों में शामिल रहा है।

## कई वारदातों में शामिल हिस्ट्रीशीटर पकड़ा

**नई दिल्ली।** अपराध शाखा ने चार वारदातों में वांछित हिस्ट्रीशीटर मनप्रीत उर्फ काकू और पहले १३ मामलों में शामिल बदमाश को गिरफ्तार किया है। एसीपी नरेन्द्र सिंह की देखरेख में पुलिस टीम ने तकनीकी और मैन्युअल दोनों तरह से काम करते हुए मोहन गार्डन इलाके से गिरफ्तार किया।

पूछताछ करने पर आरोपी से पता चला कि वह किशोरावस्था में ही अपराध करने में शामिल हो गया था। वर्ष २०११ में पहली बार वह किशोर अवस्था में एक जघन्य मामले में शामिल हुआ था। उसके बाद से वह लगातार किसी न किसी कारण से अपराध करता रहा है। हाल ही में, वर्ष २०२४ में उसने अपना तरीका बदला और साइबर जालसाजों को अपना खाता उपलब्ध कराया था। उसके खिलाफ फरीदाबाद हरियाणा में भी केस दर्ज है। जहां पर गिरफ्तार होने के बाद उसको जमानत दे दी गई थी।

# दिल्ली के स्कूलों में नई शिक्षा नीति लागू, हुनरमंद होंगे छात्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति २०२० के तहत दिल्ली सरकार ने अपने स्कूलों में छठी से आठवीं कक्षा तक के स्कूलों में छठी से आठवीं कक्षा के छात्रों के लिए प्री-वोक. ेशनल शिक्षा कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है। शैक्षणिक सत्र २०२५- २६ से लागू होने वाले इस कार्यक्रम के तहत छठी कक्षा में कौशल बोध नामक नया विषय शुरू किया जाएगा, जिसे आने वाले वर्षों में सातवीं और आठवीं कक्षा में भी जोड़ा जाएगा। विद्यार्थियों को जीवन कौशल और व्यावसायिक जागरूकता से जोड़ने के उद्देश्य से यह विषय शुरू किया जा रहा है। राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा २०२३ के अनुरूप तैयार इस पाठ्यक्रम को तीन श्रेणी के कार्यों में बांटा गया है। विद्यार्थियों को हर वर्ष तीन प्रोजेक्ट पूरे करने होंगे, प्रत्येक श्रेणी से एक। इन गतिविधियों में जैविक खेती, मिट्टी के बर्तन, बढ़ईगीरी, मोटे अनाज से खाना बनाना, कढ़ाई और बुनियादी बिजली के काम जैसे व्यावहारिक कार्य शामिल होंगे। विद्यार्थियों को समूह में काम करने, सुरक्षित तरीकों से काम करने और कक्षा के ज्ञान को जीवन में लागू करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिक्षा विभाग ने इस योजना के सुचारू क्रियान्वयन, शिक्षक प्रशिक्षण और स्कूली माहौल में व्यावसायिक शिक्षा के एकीकरण की जिम्मेदारी स्कूल प्रधानाचार्यों को सौंपी है।

## शूटर को हथियारों के साथ पकड़ा

**नई दिल्ली।** गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू गैंग के करीबी शूटर सोमबीर उर्फ सोनू उर्फ फिल्मी को स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किया है। कपिल सांगवान उर्फ नंदू के निर्देश का इंतजार कर रहा था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी वेदप्रकाश की देखरेख में इंस्पेक्टर पवन कुमार,सतविंदर और सुमित के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक पुख्ता जानकारी के बाद आरोपी को ताजपुर खुर्द गांव से गिरफ्तार किया है।

# सर्जरी के दौरान एमबीबीएस की छात्रा की हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** चितरंजन पार्क (सीआर पार्क) थाना क्षेत्र के ग्रेटर कैलाश-दो के एक प्राइवेट अस्पताल में कॉस्टमेटिक सर्जरी के दौरान एमबीबीएस छात्र की मौत होने का मामला सामने आया है।

मेटाबोलिक और बैरिएट्रिक सर्जरी के लिए छात्र को एनेस्थिसिया भी दिया गया था। नागपुर निवासी छात्र के परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही बरतने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस से की है। सीआर पार्क थाना पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से छात्र प्रेयस भीमराव मेशरम (२७) के शव का पोस्टमार्टम करवाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार नागपुर का रहने वाला प्रेयस फिलीपींस से एमबीबीएस करके आया था। एमबीबीएस की विदेश डिग्री होने के कारण वह भारत का लाइसेंस लेने के लिए होने वाली परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। उनकी परीक्षा २६ मई को होनी थी। वह गौतम नगर, हौजखास में रह रहे थे। उनके पिता भीमराव एकनाथ मेशरम ने बताया कि उनके पास अस्पताल से फोन आया कि उनके बेटे की मौत हो गई है। उनका बेटा पतला होने के लिए चर्बी हटाने के लिए सर्जरी करवाने आया था। उन्होंने अस्पताल प्रशासन पर आरोप लगाया कि जब उनका बेटा अस्पताल में अकेला था तो उसकी सर्जरी कैसे कर दी गई।

# अवैध झोपड़ियों को अनधिकृत कब्जे से मुक्त कराया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैंट स्थित मेहरम नगर क्षेत्र में रक्षा संपदा कार्यालय दिल्ली मंडल, दिल्ली छावनी परिषद , सेना तथा दिल्ली पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के दौरान करीब दो एकड़ रक्षा भूमि से अनधिकृत कब्जा व अवैध पार्किंग हटाया गया।

कार्रवाई के दौरान इस जमीन पर चल रही डेरियों व झुग्गी हटाई गईं। साथ ही बड़ी संख्या में पार्किंग में खड़े वाहनों को जब्त किया गया। अब इस रक्षा भूमि का इस्तेमाल रक्षा संपदा अपनी जरुरत के हिसाब से कर सकेगा। रक्षा संपदा विभाग की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने की हाल फिलहाल में की गई यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है। पिछले दिनों भी रक्षा भूमि पर इसी प्रकार की एक बड़ी कार्रवाई अवैध पार्किंग व अनाधिकृत कब्जे के खिलाफ की गई थी। कार्रवाई से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली में भूमि को लेकर सरकार व देश के रक्षा संगठनों द्वारा रक्षा भूमि की मांग हमेशा ही बनी रहती है ऐसे में अवैध कब्जा हटाने को लेकर आज की इस कारवाई बेहद महत्वपूर्ण है। इस कार्रवाई के बारे में रक्षा संपदा अधिकारी वरुण कालिया व दिल्ली छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी कपिल गोयल ने बताया कि भविष्य में रक्षा भूमि पर इस तरह के सभी अनधिकृत कब्जे के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी की जाएगी और ऐसी सभी सरकारी भूमि का उपयोग सरकार जनकल्याण व देशहित के लिए करेगी।

# सेंधमारी में फरार सगे भाई चढ़े पुलिस के हत्थे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नेताजी सुभाष पैलेस पुलिस ने दो भाईयों विजय उर्फ विनय और राम खिलावन को एक हीरे की अंगूठी, विदेशी मुद्रा (थाईलैंड बहत) और एक चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी राम खिलावन घोषित अपराधी है और कई धोखाधड़ी के मामलों का मास्टरमाइंड है। वह पिछले १२ वर्षों से फरार चल रहा था। राम खिलावन ने अशोक विहार में हथियारों के साथ एक डकैती के मामले में अपने भाई विजय के लिए झूठा दावा करने के प्रयास में अदालत में एक जाली मार्कशीट प्रस्तुत की थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते २६ अप्रैल की शाम को गौरव ढींगरा और उनका परिवार रात के खाने के बाद कोहाट एन्क्लेव में अपने घर लौटे तो घर में तोडफोड़ की गई और उनका घरेलू सहायक सोनू गायब मिला। अलमारी में रखे हीरे और सोने के गहने चोरी थे। एसीपी शैलेन्द्र सिंह चौहान की देखरेख में एसएचओ महेश कसाना के निर्देशन में एसआई जितेंद्र, एसआई रोहित चाहर,हेड कांस्टेबल दरवेश, धर्मराज, अनिल, अंशुल और विशाल को आरो. पियों को पकडने का जिम्मा सौंपा गया था। इस मामले में आरोपी करण, सौरव, प्रमोद कुमार और पवन साहू को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। हालांकि,आरोपी विजय उर्फ विनय और राम खिलावन वारदात के बाद अपना ठिकाना बदलकर पुलिस को चकमा दे रहे थे। एक पुख्ता जानकारी के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

# गड्डी गैंग के तीन बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के नई दिल्ली जिला पुलिस के नॉर्थ एवेन्यू थाने की टीम ने गड्डी गैंग" के सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है।आरोपी कुल आठ मामलों में वांछित था। दिल्ली के नई दिल्ली जिला पुलिस पुलिस उपायुक्त देवेश कुमार महला ने बताया कि नॉर्थ एवेन्यू थाने में दर्ज दो मामलो को सुलझाने के लिए एसीपी संसद मार्ग अजय कुमार गुप्ता की देखरेख में एसएचओ नॉर्थ एवेन्यू रजनी कांत के नेतृत्व में एसआई प्रदीप, एएसआई मनोज, हेड कांस्टेबल श्री भगवान, कांस्टेबल विजय और अजय की टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की मदद से आरोपी अनिल उर्फ छ्अमित उर्फ छ्सनी(३०) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा सह-आरोपी को गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं।पुलिस पुछताछ में पता चला कि गैंग दो व्यक्तियों की टीम में काम करता था और महिलाओं से उनके आभूषण ठगता था।

पहला सदस्य आभूषण पहने किसी महिला से बात करता था, चाय पीने या सहायता की पेशकश करने जैसी सरल बातचीत के माध्यम से विश्वास जीतता था। इसके बाद, दूसरा सदस्य परेशानी का बहाना करके आता था और दावा करता था कि वह अपने नियोक्ता से नकदी का बैग लेकर भाग गया है। यह व्यक्ति फिर बैग खोलता था, जिसमें भारतीय रुपये के नोटों के बंडल होते थे, जिनमें से कुछ असली नोट होते थे जबकि बाकी नकली नोट होते थे।

# सड़कों पर दौड़ रही इलेक्ट्रिक बसों का बदला जाएगा रंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सड़कों पर दौड़ने लगी डीईवीआई बसों का रंग बदलेगा। फिलहाल ये ई-बसें एक ही रंग की हैं। अब ये बसें तीन रंगों में नजर आएंगी। इन बसों को गहरे नारंगी, पीले और हरे रंग में रंगा जाएगा। एक सरक. ारी अधिकारी ने बताया कि इन रंगों के बाद ये बसें दूर से ही नजर आएंगी और लोगों को इनका फायदा मिलेगा। फिलहाल दिल्ली में ४०० छोटी इलेक्ट्रिक बसें चल रही हैं। बसों का रंग बदलने को लेकर परिवहन विभाग ने आठ दिन के अंदर दो आदेश जारी किए हैं। इस संबंध में परिवहन मंत्री डॉ. पंकज सिंह की मंजूरी पर पहला आदेश १४ मई को जारी हुआ था, जिसमें रंग बदलने की बात थी, लेकिन रंग के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। लेकिन सूत्रों का कहना है कि पहले इन बसों का रंग डीएमटीएस की नॉन एसी बसों की तरह नारंगी रखने की बात थी, लेकिन बाद में १९ मई को दूसरा आदेश जारी हुआ, जिसमें इन बसों को तीन रंगों में रखने का निर्णय लिया गया।दिल्ली सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि जल्द ही इन बसों के नए रंग को लेकर मॉडल उपलब्ध कराया जाएगा। मंजूरी मिलने के बाद चल रही ४०० नौ मीटर की बसें इन्हीं रंगों में रंगी जाएंगी। इसके अलावा अब जो भी नौ मीटर की ई-बसें आएंगी, वे तीन रंगों- हरा, नारंगी और पीला- की होंगी। इस योजना के तहत कुल २०८० बसें आनी हैं।

## इंस्टाग्राम पर हथियार के साथ वीडियो, पहुंचा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर हथियार लहराकर इलाके में अपना वर्चस्व और गैंगस्टरों की निगाह में आने वाले आसिफ उर्फ साहिल को निहाल विहार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पिस्टल और कारतूस बरामद किया है। पुलिस आरोपी से हथियारों का सॉर्स पूछने की को. शिश कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि निहाल विहार पुलिस को सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम पर आरोपी का पिस्टल के साथ वीडियो व फोटो अपलोड होने की जानकारी मिली थी। एसीपी पाटिल स्वागत राज. कुमार की देखरेख में हेड कांस्टेबल परमिल और कांस्टेबल बंटी को आरोपी को पकडने का जिम्मा सौंपा गया। पुलिस टीम ने ह्यूमैन सॉर्स से आरोपी की पहचान और ठिकाना पता किया गया। एक पुख्ता जानकारी के बाद जाली वाला गंदा नाला, अंबिका एन्क्लेव, निहाल विहार के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# सीआईएसएफ ने बलकर्मियों के वेतन खातों के प्रबंधन के लिए एसबीआई के साथ किया समझौता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बल सदस्यों के कल्याण को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस वेतन पैकेज के तहत सेवारत और सेवानिवृत्त सीआईएसएफ कर्मियों के वेतन खातों के प्रबंधन के लिए भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

सीआईएसएफ मुख्यालय, नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में समझौता ज्ञापन को औपचारिक रूप दिया गया, जहां सीआईएसएफ की ओर से रेखा नांबियार, उप महानिरीक्षक/प्रशासन और रंजना सिन्हा, महाप्रबंधक (एनआरआई और एसपी), एसबीआई कॉरपोरेट सेंटर, मुंबई द्वारा २३.मई २०२५ से २२.मई २०२८ तक तीन वर्षों की अवधि के लिए प्रभावी इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते में सीआईएसएफ कर्मियों के लिए कई तरह के



बढ़े हुए वित्तीय लाभ शामिल किए गए हैं, जोसीआईएसएफ द्वारा अपने सदस्यों के कल्याण और वित्तीय सुरक्षा के लिए जारी प्रतिबद्धता में एक प्रमुख मील का पत्थर साबित होगा। यह एमओयू बल कर्मियों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए सीआईएसएफ और एसबीआई दोनों की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। एसबीआई सीआईएसएफ परिसर या आस-पास की शाखाओं की स्थापना/नवीनीकरण करने और कुशल बैंकिंग परिचालन की सुविधा के लिए नवीनतम तकनीक प्रदान करने का भी प्रयास करेगा। एसबीआई द्वारा विभिन्न सीआईएसएफ प्रतिष्ठानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि कर्मियों को बैंक के उत्पादों और निवेश अवसरों के बारे में जानकारी दी जा सके।

# मुठभेड़ के बाद 'गोगी' गैंग से जुड़े शार्पशूटर को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद जितेन्द्र ष्गोगीष गैंग से जुड़े एक कुख्यात शार्पशूटर को गिरफ्तार किया है, जो ,राजस्थान में हुई गोलीबा. री के बाद हत्या के एक मामले में वांछित था।पुलिस ने उसके पास से एक सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल , तीन जिंदा कारतूस, मोबा. इल फोन, डोंगल और चोरी की बाइक बरामद की है।दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल पुलिस उपायुक्त अमित कौशिक ने बताया कि मई २०२५ में, आरोपी विकास उर्फ घ्साका (३२) ने अपने साथियों के साथ मिलकर अपने गांव के एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी। पहचान छिपाने के लिए, उन्होंने पीड़ित के हाथ को काट दिया, जिस पर एक टैटू था, और बाद में जले हुए शरीर को राजस्थान के खैरथल तिजारा जिले में फेंक दिया। घटना के बाद, थाना किशन गढ़ बांस, खैरथल तिजारा, राजस्थान में एक एफआईआर दर्ज की गई थी। आरोपी वर्तमान में राजस्थान पुलिस द्वारा उपरोक्त हत्या के मामले में वांछित है।गुप्त सूचना के आधार पर टीम को पता चला कि २३-२४ मई, की मध्यरात्रि में, राजस्थान के एक हत्या के मामले में मुख्य संदिग्ध, कुख्यात गोगी गैंग का सदस्य विकास उर्फ घ्साका हथियारों के साथ दिल्ली के बरवाला गांव के आसपास आने की उम्मीद है।गुप्त सूचना मिलने पर, एसीपी राहुल कुमार सिंह, की देखरेख में इंस्पेक्टर राकेश कुमार और अमित नारा के नेतृत्व में टीम द्वारा जाल बिछाया गया। आधी रात के आसपास, आरोपी विकास उर्फ साका को बाइक पर देखा गया और उसे रुकने के लिए कहा गया, लेकिन आरोपी नहीं रुका और पुलिस टीम पर गोलियां चला दीं।

# तेज रफ्तार ट्रक ने केंटर चालक को कुचला

## ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर रटौल अंडरपास के निकट हुआ हादसा, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर रटौल अंडरपास के पास के नजदीक शुक्रवार की रात साइड में खड़े केंटर से ट्रक टकरा गया, जिसमे केंटर चालक की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शुक्रवार की रात बेलावो जौनपुर निवासी देवेंद्र पुत्र पुन्नू नोएडा से फल-सब्ज़ी उतारकर खाली कैंटर लेकर राई हरियाणा जा रहा था। रात करीब 11 बजे रास्ते में रटौल अंडरपास के नजदीक वह साइड में केंटर खड़ा कर टायर चेक करने के लिए नीचे उतरा। तभी पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने केंटर टक्कर मार दी,



मृतक का फाइल फोटो

जिससे केंटर चालक देवेंद्र की मौत हो गयी। हेल्पर मनोज और ट्रक चालक सत्यवान पुत्र तारा चंद निवासी हरियाणा घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और दोनों घायलों को उपचार के लिए बागपत जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर लोहे की कटी जाली छोड़ भागे चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वें पर रटौल अंडरपास के समीप चोरों ने खेत के पास लगी 200 मीटर लोहे की जाली काट ली लेकिन तभी किसानों को अपने खेतों पर आते देख चोर जाली छोड़ फरार हो गये।

ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वें के समीप जंगली जानवरों से बचाव के लिए रटौल अंडरपास के समीप खेतो के पास लोहे की जाली लगायी गयी है जिससे जगली जानवर एक्सप्रेस-वें पर न चढ सके लेकिन चोर आये दिन जालीयो को निशाना बना काट ले जाते है। 6 माह पहले भी चोरो ने लहचौड़ा के समीप करीब 500 मीटर जाली काट ले गये थे। रात भी चोरो ने रटौल अंडरपास के समीप खेतो के समीप लगी लगभग 200 मीटर जाली काट ली, लेकिन चोर उन्हें ले जाने मे सफल नही हो सके। सुबह जब किसान खेतो पर पहुंचे तो जाली कटी देखी और पुलिस को सूचना दी। बड़ागांव के किसान ललित त्यागी ने बताया कि लगभग 200 मीटर जाली काटी गयी है जिससे ले जाने मे चोर सफल नही हो सके है।



## थाना समाधान दिवस में तहसीलदार व थाना प्रभारी ने सुनी जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रमाला।** थाना रमाला में शनिवार को समाधान दिवस मनाया गया जिसमें बड़ौत तहसील से राजस्व की टीम और थाना रमाला पुलिस ने जन समस्याएं सुनी। राजस्व टीम में नायब तहसीलदार बड़ौत अतुल रघुवंशी एक कानून गो व दो क्षेत्रीय लेखपाल शामिल हुए। बताया गया कि क्षेत्र से कुल 8 शिकायत प्राप्त हुई थी जिनमें से दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया और 6 शिकायतें संबंधित लेखपालों को निवारण के लिए दे दिया गया। लेखपालों ने बताया कि समाधान दिवस में मिली जन शिकायतों को जल्द से जल्द निस्तारण कराया जाएगा। थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने कहा कि मौके पर दो समस्याओं का बड़ी सरलता के साथ निस्तारण कर दिया गया और आगे भी हमारी यही कोशिश रहती है कि जितना जल्दी से जल्दी मौके पर समाधान हो जाए उतना जनता के लिए अच्छा रहता है।



## बिना डिग्रीधारी डॉक्टर चला रहे अवैध क्लीनिक

### सीएमओ कार्यालय को चढ़ाया जाता है प्रसाद, डिग्री हो या ना होने से कोई मतलब नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रमाला।** थाना रमाला क्षेत्र के कई गांव में अवैध रूप से बिना डिग्री के झोला छाप डॉक्टर धड़ल्ले से अपने क्लीनिक चला रहे हैं जिनकी प्रवाह सीएमओ कार्यालय को प्रतीत नहीं हो रही है।

किशनपुर बिराल में बस स्टैंड पर पीएचसी किशनपुर बिराल के आसपास लगभग पांच अवैध क्लिनिक चल रहे हैं जिनकी शिकायत लगातार जनता द्वारा की गई है, लेकिन सीएमओ कार्यालय से दिखावे के लिए टीम आती है और पूजापा लेकर खाना पूर्ति करके चली जाती है। किशनपुर बिराल बस स्टैंड पर क्लिनिक जो डिग्री एमबीबीएस के बाद मिलती है, शिफा क्लीनिक अपने आप को सेनेटरी इंस्पेक्टर बताते हैं और क्लिनिको बेहिचक चला रहे हैं। सूत्रों के अनुसार सीएमओ कार्यालय से कोई अधिकारी दिन के करीब 12 बजे शिकायत वाली जगह पर पहुंचे जिसमें उन्होंने क्लिनिको अस्थाई रूप से बंद कराया। बताया गया है कि इसके अलावा शेष उपरोक्त चारों क्लिनिक यथावत स्थिति में चल रहे हैं। विश्वसनीय सूत्रों ने बताया कि अभी तक सीएमओ कार्यालय की पूजा पाठ नहीं की थी। इसलिए उसका क्लीनिक बंद कराया गया। बाकी डॉक्टरों की तरफ से इशारा है कि हर महीने सीएमओ कार्यालय की भेंट पूजा हो जाती है। इसलिए हमें किसी का कोई डर नहीं है। डिग्री हो या ना हो इससे क्या मतलब है यह अन्य चिकित्सकों का कहना है।



## एक नजर

### बंदर के हमले से बालक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** बंदर ने एक 10 वर्षीय बच्चें पर हमला कर घायल कर दिया जिससे उपचार के लिए निजि चिकित्सक के लेकर गये।

रटौल निवासी मुज्जमिल का 10 वर्षीय बेटा अबु काफ घर के बाहर खेल रहा था तभी बंदरो के एक झुडं ने उस पर हमला बोल दिया। गनीमत यह रही बालक घायल नहीं हुआ। परिजन बालक को उपचार करा घर ले आये।

### हत्यारोपी को रिमांड पर लेकर की निशानदेही पर पिस्टल बरमद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली मे हुई बब्बू की हत्या के एक आरोपी को न्यालय के आदेश पर रिमांड पर लाकर उसकी निशानदेही पर अभियुक्त से एक 32 बोर की पिस्टल बरामद की गयी है।

ढिकोली गांव में 6 माह पहले बब्बू की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी जिसमे गांव के ही ज्ञानेन्द्र ढाका और एक अन्य के खिलाफ मुकदमा कायम हुआ था जिसमे ज्ञानेन्द्र ढाका ने दिल्ली मे पकड़ा गया था और तिहाड़ जेल मे बंद था। उसके दूसरे साथी अक्षय पुत्र ओमपाल निवासी किवाना थाना काधला जिला शामली को थाना प्रभारी संजय कुमार न्यायालय के आदेश पर रिमांड पर लेकर थाने पहुंची जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने 32 बोर की पिस्टल बरामद की है।



## संस्कृति और संवेदना को दुनिया के समक्ष प्रस्तुत करेंगे युवा अमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जब दुनिया संघर्ष, असमानता और अलगाव के दौर से गुजर रही है, ऐसे समय में भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासतकृजो शांति, करुणा और मानवता की भावना में निहित है। उसका संदेश फैलाना अत्यंत आवश्यक हो गया है। इसी भावना को वैश्विक पटल पर प्रस्तुत करने का एक ऐतिहा. सिक अवसर उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के ग्रामीण युवा अमन कुमार को मिला है। नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी द्वारा स्थापित 'सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कम्पैशन' के तहत आयोजित सत्यार्थी समर स्कूल 2025 के लिए उनका चयन 22 देशों और 250 से अधिक विश्व. विद्यालयों से प्राप्त 1200 आवेदनों में से शीर्ष 25 युवा नेताओं में हुआ है।

यह समर स्कूल जून माह में नई दिल्ली और राजस्थान में आयोजित होगा, जिसमें करुणा-आधारित नेतृत्व, सह-अस्तित्व, सामाजिक न्याय और मानवीय संवेदनाओं को केंद्र में रखकर एक महीने की गहन आवासीय फेलोशिप दी जाएगी। उनकी उपलब्धियों में उत्तर प्रदेश का सर्वोच्च युवा पुरस्कार- राज्य स्तरीय स्वामी विवेकानंद यूथ अवॉर्ड, यूनिसेफ इंडिया का मोस्ट वैल्यूएबल यू रिपोर्टर अवार्ड, ऋषिहुड यूनिवर्सिटी का चेंजिंग चॉक्स अवार्ड, एजुक्लाउड्स का एंपावर्ड अवार्ड जैसे कई सम्मान शामिल हैं। वह 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष युवा अतिथि बनने का गौरव प्राप्त कर चुके है। आज जब वैश्विक विमर्श तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और प्रतिस्पर्धा की ओर झुका है, तब भारत के एक ग्रामीण युवा द्वारा दयालुता, करुणा और संवे. दना जैसे मूल्यों की वकालत करना यह बताता है कि भारत न केवल तकनीकी शक्ति बन रहा है, बल्कि नैतिक और सांस्कृतिक नेतृत्व में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है।



## करनाल से लेकर बड़ौत तक चल रहा बालू का अवैध कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रमाला।** हरियाणा के करनाल से लेकर बागपत के बड़ौत तक बालु का अवैध काम चल रहा है। अवैध खनन कारोबार कहने के नाम पर तो जनपद बागपत में ओवरलोड के नियंत्रण पर अभियान कार्रवाई चालू है। परंतु पुलिस ने आज थाने के सामने एक ओवरलोडेड रेत से भरे ट्रक को हाथ देकर रुकवाया और उसके कागज मांगे ड्राइवर ने नीचे उतरकर बताया कि कागज मालिक के पास है मेरे पास नहीं है। ओवरलोड पर ड्राइवर कोई जवाब नहीं दे पाया। ड्राइवर से पूछा गया तो ड्राइवर ने बताया कि गाड़ी प्रतिदिन जाती है और हरियाणा बॉर्डर के बड़ौली वाले खान से लेकर के हम बड़ौत में रेत सप्लाई का काम कर रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार हर रोज की तरह आज भी एक ट्रक नंबर UP 17 BT 2040 बालू से भरा थाना रमाला ने थाने के सामने ही रुकवा कर पूछताछ की मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने थाने के आसपास चेकिंग शुरू की। चैकिंग स्थल पर जैसे ही उपरोक्त गाड़ी आई तो रमाला पुलिस ने उस गाड़ी को रोका और माल के कागज मांगे तो चालक ने बताया कि मेरे पास कागज नहीं है कागज गाड़ी मालिक के पास है। गाड़ी मालिक का नाम उसने मुर्तजा निवासी बागपत बताया है। पुलिस गाड़ी को पकड़कर थाने ले आई और आगे की नंबर प्लेट पर कपड़ा लिपटा हुआ पाया गया और पीछे वाले नंबर प्लेट को किसी लोहे की वस्तु से कुछ अंकों को मिटाया गया है जिस गाड़ी की पहचान ना हो पाए और यह अवैध धंधों में संचालित होती रहे जिससे प्रतीत होता है कि ऐसे ही गाड़ियों के नंबर प्लेट को छुपा कर यह गोरख धंधा चल रहा है। अब देखना है कि थाना रमाला रेत से भरे ट्रक को कब्जे में लेकर सीज करती है या इस अवैध धंधे में कृपा पात्र बनती है। अभी तक कोई विधिक कार्रवाई नहीं की गई है।



## देवीय आपदा के अंतर्गत प्रभारी मंत्री ने व्यक्तियों को दी राहत सहायता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को जनपद प्रभारी मंत्री, राज्य मंत्री संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास विभाग उत्तर प्रदेश जसवंत सिंह सैनी का जनपद बागपत में दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत दूसरे दिन प्रभारी मंत्री ने देवीय आपदा अंतर्गत राहत पाने वाले बागपत तहसील के व्यक्तियों को मकान की आंशिक क्षति के रूप में भूषण पुत्र भोलेराम निवासी ग्राम सालावतपुर खेड़ी को 6500 सवाना पत्नी जब्बार निवासी ग्राम निवाड़ा को 6500 की आर्थिक सहायता का चेक देकर राहत प्रदान की।

बड़ौत तहसील आपदा मोचन निधि एवं राष्ट्रीय मोचन निधि के अन्तर्गत 21 मई 2025 की रात्रि 08बजे आये तेज तूफान एवं अत्यधिक वर्षा के कारण कृष्णपाल पुत्र बलबीर निवासी वाजिदपुर, तहसील बडौत, जनपद बागपत की गाय नीम के पेड के नीचे दबकर मृत्यु हो गयी, जिनको 37500/- (सैतीस हजार पांच सौ रूपये) की सहायता राशि की संस्तुति की गयी है जिनको प्रभारी मंत्री ने राहत सहायता चेक देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व पंकज वर्मा, एसडीएम बागपत अविनाश त्रिपाठी, एसडीएम बड़ौत मनीष यादव भाजपा जिला अध्यक्ष वेदपाल उपाध्यक्ष भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष सूरजपाल गुर्जर उपस्थित रहे।



## ज्ञान की गंगा का स्नान करके मानव जीवन के परम लक्ष्य को कर सकता है प्राप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के द्वारा जून माह में नगर में आयोजित होने वाले आवासीय संस्कार शोधक शिविर के लिए चौधरी कुंदन सिंह इंटर कॉलेज बासौली में जिला सभा मंत्री रवि शास्त्री ने बेटियों को संबोधित करते हुए कहा कि सत्संग ही सच्चा तीर्थ है। ज्ञान की गंगा का स्नान करके मानव जीवन के परम लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। बेटियां दो घरों को संस्कारित करने की क्षमता रखती है। शास्त्रों में नारी का स्थान सर्वोत्तम माना गया है। संस्कारित नारी एक अच्छे राष्ट्र का निर्माण कर सकती है। समाज में बढ़ रही अश्लीलता को रोकने का एकमात्र उपाय बेटियों को भारतीय संस्कृति का ज्ञान होने पर ही रुक सकती है। आर्य समाज लगातार शिवरों के माध्यम से सुधार का कार्य कर रहा है। आर्य समाज की स्थापना का 150 वां वर्ष हम सब मना रहे हैं। परंतु आज भी समाज में दहेज प्रथा, मृत्यु भोज, शादियों में अश्लील गाने, नौजवानों का शराब जैसा गंदा शौंक समाज का ताना-बाना छीन भिन्न हो रहा है। ऐसे में हम सबको मिलकर इन बुराइयों के समापन के लिए कार्य करना होगा तभी जाकर हमारा समाज सुरक्षित रह पाएगा। इस अवसर पर प्रबंधक डा.सत्येंद्र सिंह, प्रधानाचार्य जयवीर सिंह, सविता आर्य, अमरपाल आर्य, कपिल आर्य आदि उपस्थित रहे।

## गायब हुआ वाटर कूलर चुपचाप लौटा कैसे, रहस्य और भी गहरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** क्षेत्र के लूंम गांव में बीते दिनों गायब हुआ ग्राम पंचायत का एक वाटर कूलर अब रहस्यमय अंदाज़ में रातों-रात अपनी जगह वापस आ गया है। यह वही कूलर है जो कैनरा बैंक के पास राहगीरों और ग्रामीणों की सुविधा के लिए लगाया गया था, और कुछ दिन पहले बिना किसी सूचना के गायब हो गया था।

**मीडिया में खबर आते ही कूलर की हुई वापसी**

जब यह मामला मीडिया की सुर्खियों में आया, और सोशल मीडिया पर लोगों ने पंचायत और प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए, तो अगले ही दिन सुबह लोग हैरान रह गए। गायब हुआ कूलर उसी जगह पर वापस खड़ा था।

**न कोई शोर न कोई स्पष्टीकरण बस चुपचाप अपनी जगह वापसी आया वाटर कूलर**

न पंचायत की ओर से कोई जानकारी न पुलिस की कोई आधिकारिक पुष्टि यह गायब हुआ और फिर लौट आया वाला प्रकरण अब गांव में एक मज़ाक बन गया है जनसेवा का। आखिर कूलर को ले गया कौन?मामला बना सनसनी, क्या पंचायत की किसी गलती को छुपाने की कोशिश थी? CCTV, बैंक चौकीदार, पंचायत सचिव सब चुप क्यों हैं?

**ग्रामीणों का गुस्सा उबाल पर**

गांव के कुछ लोगो का कहना है कि ये तो जनता की आंखों में धूल झोंकने जैसा है। अगर मीडिया दबाव न होता तो शायद कूलर कभी लौटता भी नहीं। ग्राम प्रधान से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा कि हमने पुलिस को शिकायत पत्र देकर अज्ञात के खिलाफ कार्रवाई की मांग पुलिस से की है। हम इस मामले मे जांच के आधार पर कार्रवाई की मांग पुलिस प्रशासन से कर रहे हैं। वाटर कूलर गया था कहा और फिर आपस कैसे आया यह अब चर्चा का विषय बना हुआ है। क्षेत्र वासी तरह तरह की बाते कर रहे है और पुलिस की तरफ से अभी तक इस मामले मे कोई कार्रवाई होती हुई नही दिखाई दे रहे ही। यह मामला अभी तक रहस्य बना है। इसका खुलासा होगा या यह एक रहस्य ही रहेगा यह भी एक बडा सवाल है। एक कूलर गया, लौटा लेकिन पीछे छोड़ गया। सवालों का तूफान। छपरौली पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।




## विद्यालय की प्रतिभाओं को सम्मानित करने के लिए आयोजित समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** नगर के अर्वाचीन इंटर कॉलेज के प्रांगण में विद्यालय की प्रतिभाओं को सम्मानित करने के लिए आयोजित समारोह में छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि कस्तूरबा कन्या इंटर कॉलेज खेकड़ा की पूर्व प्राचार्या राज गोस्वामी, अर्वाचीन की प्राचार्या मीनाक्षी स्वामी, डायरेक्टर उमेश शर्मा ने पगड़ी, फूल माला मेंडल व प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया और उन्हें समाज और देश की सेवा करने का आशीर्वाद दिया।

अर्वाचीन इंटर कॉलेज खेकड़ा के प्रांगण में आयोजित समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज गोस्वामी, प्राचार्या मीनाक्षी स्वामी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यालय की प्रतिभाओं को तिलक लगाकर मुख्य द्वार पर स्वागत कर आशीर्वाद दिया। समारोह में बच्चों को आशीर्वाद देते हुए मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्या राज स्वामी ने कहा कि आप सभी देश का उज्जवल भविष्य है। अच्छी शिक्षा ग्रहण कर आप देश और समाज की सेवा के लिए तत्पर रहें यही आपकी गुरु दक्षिणा रहेगी। समारोह का संचालन हर्ष धामा ने किया। समारोह में विशाल धामा, हंर्ष तेवतिया, प्रशांत तेवतिया, चारु, आस्था, निशा, जैद, निखिल, कार्तिक, भानु शर्मा, लवली पाल, लवीश पाल, पलक,प्राची छात्र छात्राओं को पिंटू तेवतिया, अरशद, मनीष कुमार, हरिओम, अरुण शर्मा, कृष्ण दत्त, विजयलक्ष्मी, श्वेता, निति नैन, साधना, कविता, मीनाक्षी शर्मा ने छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया।



## सीबीएससी की जिला टॉपर्स वंशिका व रिया को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** क्षेत्र के गाँव लूम्ब निवासी इण्टरमीडिएट सीबीएससी की जिला टॉपर्स छात्रा वंशिका चौधरी को ग्राम सेवा संगठन व आर्यन गैलेक्सी एकेडमी के नेतृत्व में स्कूल ग्रुप ने सम्मानित करते हुए छात्रा व उसके परिवार को शुभकामनायें दी।

आर्यन गैलेक्सी एकेडमी लूम्ब की पूर्व छात्रा इण्टरमीडिएट सीबीएससी की जिला टॉपर्स वंशिका चौधरी सुपुत्री अमित कुमार, एवं 92प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली उसकी छोटी बहन रिया चौधरी सुपुत्री ललित कुमार को ग्राम सेवा संगठन के नेतृत्व में आर्यन गैलेक्सी एकेडमी, संस्कार पब्लिक स्कूल, न्यू इंडियन पब्लिक स्कूल लूम्ब, विजिड्म पब्लिक स्कूल छपरौली, षिकुल विद्यापीठ गंगेरू, श्रीराम पब्लिक स्कूल ककौर कलां ने पटका पहनाकर, स्मृति चिन्ह देकर व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। वंशिका चौधरी व रिया चौधरी के गुरु अनंगपाल आर्य ने कहा कि संस्कारों से पोषित इन बेटियों ने परिवार का ही नहीं जनपद का नाम रोशन किया है, यह हमारे लिए गर्व की बात है। ग्राम सेवा संगठन के अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार सरोहा ने कहा आज बेटियाँ सम्पूर्ण विश्व में भारतवर्ष का परचम लहराते हुए, देश का नाम रोशन कर रही है। समाजसेवी आरआरडी उपाध्याय ने माता-पिता का कठोर तप, गुरूओं का समर्पण और विद्यार्थी की लग्न लक्ष्य तक पहुँचने का मार्ग है। माता पिता के त्याग को नजरअंदाज करने वाले को कभी ईश्वर भी क्षमा नहीं करता।



### बड़े पैमाने पर हो रही कछुओं की तस्करी

# दो तस्करों को दबोचा, 33 कछुए बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के बीटा-2 कोतवाली क्षेत्र में वन्य जीवों की तस्करी के एक बड़े मामले का खुलासा हुआ है। पुलिस ने पीपल्स फॉर एनजीओ की मदद से दो कछुआ तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 33 प्रतिबंधित कछुए बरामद किए हैं। दोनों आरोपी यमुना नदी से कछुए पकड़कर उन्हें अवैध रूप से बेचने का काम करते थे। एक कछुए की कीमत दो हजार रुपये बताई गई है।



पीपल्स फॉर एनजीओ एनजीओ के गौरव ने बताया कि उन्हें काफी समय से सूचना मिल रही थी कि ग्रेटर नोएडा और आसपास के इलाकों में कछुओं की तस्करी की जा रही है। उन्होंने पुलिस के साथ मिलकर एक ट्रैप योजना बनाई। उन्होंने दिल्ली जामा मस्जिद के पास रहने वाले एक व्यक्ति हाजी नावेद से संपर्क कर 100 कछुओं की डील तय की। बात. चीत के दौरान नावेद ने कछुओं की तस्करी करने वाले आरोपी रिंकू का नंबर साझा किया। इसके बाद गौरव ने खुद को ग्राहक बताते हुए रिंकू से संपर्क किया। शनिवार को रिंकू अपने साथी सोनू के साथ एच्छर क्षेत्र के नट मडैया के पास कछुओं की डिलीवरी देने के लिए पहुंचा। जैसे ही उन्होंने कछुए सौंपने की कोशिश की, मौके पर मौजूद पुलिस टीम ने दोनों को दबोच लिया। आरोपियों के पास से 33 प्रतिबंधित कछुए बरामद हुए, जिन्हें सुरक्षित वन विभाग के हवाले किया गया है। जांच में पता चला है कि गिरफ्तार आरोपियों में से एक का भाई पहले भी दिल्ली में वन्य जीव तस्करी के एक मामले में गिरफ्तार हो चुका है। पुलिस अब इस तस्करी गिरोह के नेटवर्क को खंगाल रही है।

यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इनका संबंध किन-किन बड़े तस्करों से है। अब तक कितने कछुओं की तस्करी हो चुकी है। दोनों आरोपियों के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। कछुओं को वन विभाग की निगरानी में सुरक्षित रखा गया है। विभाग का कहना है कि कछुओं को जल्द प्राकृतिक आवास में छोड़ने की प्रक्रिया की जाएगी।

## बुजुर्ग महिला कोरोना संक्रमित मिली

**नोएडा।** स्वास्थ्य विभाग ने सेक्टर-110 निवासी 55 वर्षीय महिला में शनिवार को कोरोना संक्रमण की पुष्टि की। महिला का इलाज होम आइसोलेशन में ही चल रहा है। मरीज के संपर्क में आए दो लोगों में संक्रमण के लक्षण नहीं मिले। महिला 14 मई को उज्जैन के महाकालेश्वर गई थी। कोरोना संक्रमण के लक्षण दिखने पर महिला सेक्टर-128 स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए गई। वहां महिला की कोरोना जांच की गई। निजी अस्पताल ने कोरोना संक्रमण की पुष्टि की। इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को मिलने पर मरीज की क्रॉस जांच कराई गई। रिपोर्ट पॉजिटिव आई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार ने बताया कि मरीज के घर में दो और व्यक्ति रहते हैं। इनमें कोरोना संक्रमण के लक्षण नहीं हैं। लिहाजा अभी जांच के लिए इनके नमूने नहीं लिए गए।

# पत्रकारों के हित की रक्षा के लिए बनाना चाहिए पत्रकार आयोग: राजभर

**■ पत्रकार होते हैं समाज का आईना: डॉ महेश शर्मा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर 29 स्थित नोएडा मीडिया क्लब में शनिवार को एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधियों द्वारा नोएडा मीडिया क्लब की नव निर्वाचित कार्यकारिणी का स्वागत किया गया और उन्हें शुभकामनाएं दी गई, इस मौके पर उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर, गौतमबुद्ध नगर के सांसद डॉक्टर महेश शर्मा, नोएडा के विधायक पंकज सिंह और दादरी विधायक तेजपाल नागर पहुंचे, शहर के तमाम मीडिया कर्मियों की मौजूदगी में सभी



को संबोधित करते हुए गौतमबुद्ध नगर के सांसद डॉक्टर महेश शर्मा ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होता है, नई कार्यकारिणी से उन्हें पूरी उम्मीद है कि वह देश और समाज के हित में काम करेंगे।

## गोवंश पर तेजाब से हमला

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में गोवंश पर तेजाब से हमले का मामला सामने आया है। घटना मंडपा गांव के पास हुई। गौरक्षकों को जानकारी मिलने पर उन्होंने घायल गोवंश का इलाज कराया। गौरक्षा प्रमुख राष्ट्रीय बजरंग दल के त्रिलोक नागर ने शनिवार को कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को किसी अज्ञात व्यक्ति ने गोवंश पर तेजाब छिड़क दिया। इससे पहले 7 मई को भी एक गोवंश पर इसी तरह का हमला हुआ था।

त्रिलोक नागर ने बताया कि पिछले कई महीनों से मंडपा गांव के आसपास गोवंशों पर तेजाब से हमले के मामले सामने आ रहे हैं। उन्होंने आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की मांग की है।कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने कहा कि शिकायत दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मोबाइल चोरी करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों सहित अन्य जगहों पर मोबाइल फोन स्नेचिंग व चोरी करने वाले एक गिरोह के दो शातिर बदमाशों को थाना फेस-2 पुलिस ने आज गिरफ्तार किया है। बदमाशों के कब्जे से चोरी के कीमती 51 मोबाइल फोन व एक स्कूटी बरामद हुआ है।

एक प्रेस वार्ता के दौरान एडीसीपी सेंट्रल नोएडा ह्रदेश कठेरिया ने बताया कि आज थाना फेस-2 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस व इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की सहायता से मोबाइल फोन स्नेचिंग व चोरी करने वाले 2 अभियुक्त मंयक पुत्र राजवीर सिंह तथा नजरुल पुत्र असलम को शमशान वाली सड़क पर बने गन्दें नाले के पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से 51 मोबाइल फोन व घटना



में प्रयुक्त चोरी की एक स्कूटी बरामद की गयी है।

एडीसीपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान बदमाशों ने पुलिस को बताया है कि वे दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में भीड़-भाड़ वाले बाजारों, सब्जी, फलों की मण्डियों व साप्ताहिक बाजारों में चोरी के वाहन का इस्तेमाल कर रास्ते में चलते हुए व्यक्तियों के मोबाइल फोन चोरी करने व छीनने की घटना करते थे। मोबाइल फोन एकत्रित हो जाने पर अपने- अपने जनपद व दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में राह चलते लोगों को बेच दिया करते थे।

उन्होंने बताया कि अभियुक्तों द्वारा नियमित रूप से लगने वाली मण्डी तथा साप्ताहिक बाजार में आने वाले ग्राहक विशेषकर बुजुर्गो एवं महिलाओं को टारगेट किया जाता था। अभियुक्त ग्राहकों के ध्यान भंग होने की प्रतीक्षा किया करते थे तथा ध्यान भंग होने के बाद उनके मोबाइल फोन चोरी करके गायब हो जाते थे।

उन्होंने बताया कि बदमाशों द्वारा अधिक मात्रा में मोबाइल एकत्रित हो जाने के बाद वे जनपद शाहजहांपुर, अलीगढ़ व दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में ले जाकर लोगों को मजबूरी का बहाना बताकर किसी राह चलते राहगीर को सस्ते दामों में बेच देते हैं। अभियुक्तों का कोई निश्चित ग्राहक नही होता था। जहाँ इनको अधिक दाम मिलता था वही बेच देते थे।

## एक नजर

### पुलिस कमिश्नर का बड़ा एक्शन, एसीपी को किया सस्पेंड, डीसीपी को नोटिस

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह ने पुलिस उपायुक्त यातायात एवं सहायक पुलिस आयुक्त यातायात को यातायात संबंधी समस्याओं एवं जाम से निपटने के लिये कार्ययोजना एवं डायवर्जन प्लान बनाने, अधीनस्थों की ड्यूटियां लिखित में लगाने के निर्देश दिये थे, लेकिन इनके द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन न करने के कारण जिले में यातायात व्यवस्था बाधित हो रही है। यह जाम व अतिक्रमण जैसी स्थिति के बार-बार उत्पन्न हो रही है। जिले की यातायात व्यवस्था को लेकर शनिवार को समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान यातायात व्यवस्था में काफी कमिया पाई गईं। पुलिस आयुक्त ने डीसीपी यातायात लखन सिंह को स्पष्टीकरण प्राप्त करने के लिये नोटिस दिया गया। जबकि एसीपी पवन कुमार को निलंबित कर दिया।

12 **यातायात कर्मियों को किया दंडित:** यातायात व्यवस्था में लाप. रवाही करने में 01 टीआई, 02 टीएसआई के खिलाफ कार्रवाई की गई है। मुख्य आरक्षी व चार आरक्षी यातायात को अर्दलीरूम में दण्डित किये जाने की कार्रवाई की गई है।

### कोरोना के बाद पांच गुना बढ़े कॉमर्शियल वाहन

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** कोरोना काल के बाद ऑटो सेक्टर के खराब हालात अब सामान्य हो गए हैं। इस बात की गवाही परिवहन विभाग के आंकड़े दे रहे हैं। कोरोना के बाद से कॉमर्शियल वाहनों की बिक्री में पांच गुना वृद्धि देखने को मिली है। वहीं इस वर्ष जो वाहन पंजीकृत हुए हैं उनसे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस वर्ष बीते सभी वर्षों का रिकॉर्ड टूटने वाला है। जहां 2020 में 3687 कॉमर्शियल वाहन पंजीकृत हुए थे, वहीं 2021 में यह संख्या बढ़कर 4821 हो गई। यही नहीं 2024 तक तो 22314 वाहनों का पंजीकरण हुआ है। विशेषज्ञों का मानना है कि महामारी के बाद आर्थिक गतिविधियों में तेजी, ई-कॉमर्स के विस्तार और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में बढ़ती मांग ने कॉमर्शियल वाहनों की संख्या को बढ़ाने में योगदान दिया है। साथ ही, 2025 में नोएडा में कॉमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस धारकों की संख्या में भी वृद्धि दर्ज की गई। 2024 में 400 लोगों ने कॉमर्शियल लाइसेंस प्राप्त किया था, जबकि 2025 के पहले तीन महीनों में ही 200 से अधिक लोगों ने लाइसेंस बनवाया। यह इस बात का संकेत है कि कॉमर्शियल वाहनों की मांग के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं। नोएडा में कुल वाहनों की संख्या 11 लाख से अधिक है।

इनमें से 1.10 लाख वाहन कॉमर्शियल श्रेणी में आते हैं। बताते दें कि कॉमर्शियल वाहनों में जिन वाहनों में सबसे अधिक वृद्धि देखने को मिली है तो वह टैक्सी है। यानी लोगों के लिए कहीं ना कहीं रोजगार के लिए अवसर बढ़े हैं। वहीं कोरोना काल में यह संख्या काफी घट गई थी। 2018 में जहां 10 हजार वाहनों का पंजीकरण हो रहा था वह 2020 में घटकर साढ़े तीन हजार पर सिमिट गई थी। लेकिन अब हालात काफी सुधर गए हैं। यही नहीं इस सबसे प्राधिकरण के राजस्व में भी काफी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। उप संभागीय परिवहन अधिकारी डॉ सियाराम वर्मा का कहना है कि कोरोना के तुरंत बाद हालात काफी खराब थे। अब पंजीकरण काफी अधिक बढ़ गए हैं।

### बिजली कटौती से जल्द राहत मिलेगी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-122 के आसपास के सेक्टर के दस हजार उपभोक्ताओं को बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से राहत मिलेगी। यहां जेजे कॉलोनी स्थित 33/11 केवीए बिजली उपकेंद्र पर चेन्नई से दस एमवीए ट्रांसफार्मर लाकर लगाया जाएगा। इससे उपकेंद्र की क्षमता तीन गुना अधिक हो जाएगी। विद्युत निगम का सेक्टर-122 में 33/11 केवीए का बिजली उपकेंद्र है। गर्मी में यह उपकेंद्र पूरी तरह ओवरलोड चल रहा है। इसके लोड को कम करने के लिए सेक्टर-122 के जेजे कॉलोनी में नया 33/11 केवीए का बिजली उपकेंद्र बनाया गया।

पांच एमवीए का ट्रांसफार्मर लगाकर उपकेंद्र शुरू किया गया। फिर भी ओवर लोड की समस्या खत्म नहीं हो सकी। इस वजह से भीषण गर्मी में बिजली की मांग में बढ़ोतरी होने की वजह से क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बिजली कटौती के साथ ही वोल्टेज की समस्या भी झेलनी पड़ रही है। विद्युत निगम के अधिकारियों ने क्षेत्र के उपभोक्ताओं की समस्याओं को देखते हुए जेजे कॉलोनी के 33/11 केवीए के बिजली उपकेंद्र पर 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर लगाने का निर्णय लिया। इसके लिए निजी एजेंसी को कार्य सौंप भी दिया गया। अब निजी एजेंसी चेन्नई से 10 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर मंगा रही है। विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता विवेक कुमार पटेल ने बताया कि आगामी मंगलवार तक बिजली उपकेंद्र पर ट्रांसफार्मर आ जाएगा। इसके बाद बुधवार या गुरुवार से ट्रांसफार्मर को चार्ज कर सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। इससे क्षेत्र के करीब 10 हजार उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति में मदद मिलेगी। नया ट्रांसफार्मर लगने से सेक्टर-122, पीके ब्लॉक, जेजे कॉलोनी, सर्फाबाद, गढ़ी, सेक्टर-118 की सोसाइटी, 119 की सोसाइटी और सेक्टर-121 की सोसाइटी में लोगों को निर्बाध आपूर्ति मिल सकेगी।

# ग्रेटर नोएडा हादसा: बिल्डर के खिलाफ केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** तेज आंधी-तूफान के दौरान सेक्टर ओमीक्रॉन-3 स्थित मिगसन अल्टिमो सोसाइटी की 22 वीं मंजिल से लोहे की ग्रिल गिरने से महिला और उसके नाती की मौत हो गई थी। मामले में परिजनों ने मिगसन बिल्डर और सोसाइटी के मेंटेनेंस विभाग के कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामले में लापरवाही से मौत की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

बुधवार रात आई तेज तूफान के चलते ओमीक्रॉन-3 स्थित मिगसन अल्टिमो सोसाइटी के 22 वीं मंजिल से लोहे की ग्रिल गिरकर एक महिला और उसके नाती के ऊपर गिर गई थी। इससे सोसाइटी में टहल रही महिला सुनीता (50) का सिर धड़ से अलग हो गया, जबकि उनके साथ पार्क में टहल रहा उनका दो वर्षीय नाती आद्विक गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान बृहस्पतिवार को अस्पताल में उसकी मौत हो गई थी।

मामले में महिला के दामाद जित. ेंद्र ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने मिगसन बिल्डर सुनील मिगलानी और उनके अन्य कर्मचारियों के खिलाफ लापरवाही का आरोप लगाया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 (1) लापरवाही से मृत्यु कारित करने से संबंधित) धाराओं में मुकदमा दर्ज कर किया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि बिल्डर और उसके मैनेजमेंट के लोगों की लापरवाही के चलते यह घटना हुई है।

## ऑपरेशन सिंदूर की याद में तिरंगा यात्रा

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के बिलासपुर में शनिवार को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को याद करते हुए तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान भारत-पाकिस्तान युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

तिरंगा यात्रा कस्बे के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। मार्ग में जगह-जगह लोग यात्रा में शामिल हुए और भारत माता के जयकारे लगाए। बिलासपुर नगर अध्यक्ष पति संजय तुगलपुर ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के शौर्य और बलिदान की अमर गाथा है।

कार्यक्रम में शामिल लोगों का कहना था कि इस आयोजन ने शहीदों के सम्मान को नया आयाम दिया है। साथ ही युवा पीढ़ी में देशभक्ति की भावना को मजबूत किया है। यात्रा का समापन डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पार्क में हुआ।

# सोसाइटी की टूटी चारदीवारी का निर्माण नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गुलशन अवांते के निर्माणाधीन परियोजना में चल रहे निर्माण कार्य के कारण अजनारा होम्स सोसाइटी की चारदीवारी गिर गई। इसका निर्माण गुलशन प्रबंधन ने दो महीने बाद भी नहीं कराया। ऐसे में लोगों को सुरक्षा की चिंता सता रही है। आरोप है कि दीवार का निर्माण न होने के कारण परिसर का रास्ता भी बंद हो गया है। सोसाइटी के एओए अध्यक्ष चंदन सिन्हा ने बताया कि अजनारा होम्स सोसाइटी की चारदीवारी से लगा हुआ गुलशन अवांते की निर्माणाधीन परियोजना है। 18 मार्च को सोसाइटी की चारदीवारी के पास गुलशन प्रबंधन जेसीबी से खुदाई करा रहा था।

आरोप है कि खुदाई के समय नियमों को ताक पर रखकर कार्य किया गया। इसके कारण मिट्टी धंसने के कारण सोसाइटी की चारदीवारी गिर गई। इसका लोगों ने भरपूर विरोध जताया। पुलिस से भी इस मामले की शिकायत की गई। इसके बाद गुलशन प्रबंधन ने लोगों को 15 दिन के अंदर चारदीवारी का निर्माण करने का आश्वासन दिया। इस बात को बीते हुए दो महीने हो चुके हैं, लेकिन अभी तक दीवार की एक ईंट नहीं लगाई गई। ऐसे में लोगों की सुरक्षा खतरे में है। परिसर में शाम के समय बच्चे भी खेलते हैं। टूटी दीवार के कारण बच्चों का दूसरी तरफ गिरने या चोट लगने का खतरा बना हुआ है। वाहनों पर पेड़ गिरने से नुकसान लोगों का आरा. प है कि सोसाइटी परिसर में चारद. ीवारी से सटकर कई पेड़ लगे हुए हैं। दीवार गिरने के कारण यहां से मिट्टी धंस गई, पेड़ों की मजबूती कमजोर हो गई। तीन दिन पहले आई आंधी के दौरान टूटे दीवार के पास खड़े चार वाहनों के ऊपर पेड़ गिर गए। इससे गाड़ियों का शीशा, छत और बोनट टूट गया। इससे वाहन मालिकों का अधिक नुकसान हुआ। आरोप है कि गुलशन प्रबंधन ने पेड़ों से ही बांधकर लोहे की चादर या ग्रिल लगाई हुई है। इससे वह पेड़ कभी भी नीचे गिर सकते हैं और एक बड़ा हादसा हो सकता है।

> टूटी दीवार के कारण ओपन पार्किंग में वाहन आगे की तरफ खड़े होते हैं। इससे परिसर का रास्ता बंद हो जाता है और लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है। दिनकर पांडे, अजनारा होम्स गुलशन प्रबंधन ने कुछ दिन पहले मिलने पर 15 दिन में काम शुरू करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ है। हर बार झूठे वादे किए जा रहे हैं।
>
> **सुल्तान सिंह, एओए सदस्य, अजनारा होम्स**

## नोएडा से फर्रुखाबाद के लिए बस चलनी शुरू

**नोएडा।** नोएडा डिपो से फर्रुखाबाद के लिए बस चलनी शुरू हो गई है। यह बस दिल्ली के आनंद विहार होकर फर्रुखाबाद पहुंचती है। बीते हफ्ते इस रूट को शुरू किया गया। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम गौतमबुद्ध नगर के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि ग्रेटर नोएडा डिपो से फर्रुखाबाद के लिए बस थी, लेकिन नोएडा डिपो से इसकी सुविधा नहीं थी। डिपो को 80 नई बसें मिलनी हैं, जिसके मॉडल के तौर पर एक नई बस बीते हफ्ते मुख्यालय से मिली। इस बस को दो दिन पहले फर्रुखाबाद के लिए शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि नोएडा डिपो से बस सुबह सात बजे निकलती है।

बस दादरी, लाल कुआं, एटा होते हुए फर्रुखाबाद पहुंचती है। वहीं, फर्रुखाबाद से बस शाम चार से पांच बजे के बीच चलती है। बस में यात्रियों की संख्या काफी अच्छी है, इसलिए इसे रोजाना चलाया जा रहा है।

# पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दादरी में पुलिस और बाइक सवार बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में एक बदमाश को गोली लगी, जबकि दो अन्य को कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया।

शुक्रवार रात दादरी पुलिस ज्यू 3 नाले के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान तीन युवक एक मोटरसाइकिल पर आते दिखे। पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन वे भागने लगे। पीछा करने पर बदमाशों ने पुलिस पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश घायल हो गया।

घायल बदमाश की पहचान करन (21) के रूप में हुई। वह ग्राम रोजा जलालपुर, थाना बिसरख का रहने वाला है। अन्य दो बदमाशों में हर्ष (21) समाधीपुर दादरी और पीयूष बंसल (19) ग्राम सैथली, थाना जारचा का निवासी है।

पुलिस ने बदमाशों से एक तमंचा



315 बोर, एक खोखा कारतूस, दो जिंदा कारतूस, दो अवैध चाकू, एक लूटा हुआ मोबाइल और चोरी की एक स्प्लेंडर बाइक बरामद की। बाइक पर नंबर प्लेट नहीं थी।

एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार ने बताया कि ये शातिर बदमाश चोरी और लूटपाट की वारदातों को अंजाम देते थे। घायल बदमाश को अस्पताल भेजा गया है। पुलिस बदमाशों के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटा रही है।

# कार और स्कूल बस ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा जोन में अलग-अलग कोतवाली क्षेत्र में हुए हादसों में कार और स्कूल बस की टक्कर से दो बाइक सवार घायल हो गए। मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

जेवर कोतवाली में गांव उदरपुर निवासी नरेंद्र कुमार ने बताया कि 22 मई की रात करीब 8 बजे अपने भाई महेश कुमार के साथ बाइक से जेवर एयरपोर्ट से अपने गांव लौट रहे थे। जब दोनों भाई किशोरपुर गांव के पास पहुंचे तो सामने से आ रही एक वैगनआर कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और महेश कुमार (29) को सिर, हाथ, पैर, कान सहित कई जगह गंभीर चोटें आईं। पहले उन्हें कैलाश हॉस्पिटल जेवर में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत बिगड़ने पर तुरंत शारदा हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा के आईसीयू वार्ड में शिफ्ट किया गया। आरोप है कि वैगनआर कार जेवर एयरपोर्ट पर आस्था कंपनी के अंतर्गत तैनात है। उसमें विशाल और विवेक नाम के व्यक्ति सवार थे।

**स्कूल बस की टक्कर से सुप. रवाइजर घायल:** नॉलेज पार्क कोतवाली में भिवाड़ी के संजय त्रिपाठी ने केस दर्ज कराया है कि आगरा के बलराम सोलंकी (27) निवासी वर्तमान में ग्रेटर नोएडा स्थित कंपनी में सुपरवाइजर हैं। 22 मई की सुबह अपने कार्य पर जा रहे थे। जब वह भरत राम ग्लोबल स्कूल के समीप पहुंचे, तो स्कूल की बस ने उनकी बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उनकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और उन्हें कंधे और घुटने में गंभीर चोटें आईं। उन्हें तत्काल प्रोमैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# पंचायती राज मंत्री ने शहीदों की स्मृति में बने शिलालेखों का किया लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आहवान पर जनपद गौतमबुद्ध नगर क्षेत्र के 1857 के शहीदों व आजादी के बाद के युद्धों में शहीद हुए जांबाजों की याद में तैयार कराये गए स्मृति शिलालेखों का शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार में पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने लोकार्पण किया।

जिला पंचायत गौतमबुद्ध नगर के प्रांगण में शहीदों की स्मृति में शिलालेख का लोकार्पण कार्यक्रम में मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि मई 1857 के भारतीय स्वाधीनता संग्राम में इस क्षेत्र में तत्कालीन दादरी रियासत जो कि अधिकांश जनपद गौतमबुद्ध नगर का भू-भाग है, ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिसमें 1857 को महान क्रान्ति जिसे अंग्रेजों ने गदर कहा गांव-गांव फैल गयी थी, यहां रहे ग्रामीणों ने अंग्रेजी राज को चुनौती दी थी तथा लगभग एक साल में गुलामी का निशान ही मिटा दिया। उन्होंने बताया कि तत्कालीन अंग्रेज अधिकारी मिस्टर टर्नबुल की रिपोर्ट थी कि दादरी के इलाके में सर्वाधिक गड़बड़ी है। वर्ष 1874 में बुलन्दशहर के डिप्टी कलेक्टर कुंवर लक्षण सिंह ने 1857 की क्रान्ति का लिपिबद्ध किया। उन्होंने लिखा है कि दादरी रियासत के राव रोशन सिंह, राव उमराव सिंह, राव बिशन सिंह, राव भगवन्त सिंह आदि ने मिलकर अंग्रेजी सरकार के खिलाफ बगावत का झन्डा उठाया था। अत: इस परिवार की सारी चल-अचल सम्पत्ति सरकार द्वारा जब्त कर ली गयी और राव रोशन सिंह तथा उनके पुत्रों व भाईयो को प्राण दण्ड दे दिया गया। भारतीय स्वाधीनता की बेदी पर अपने प्राणों की आहूत्ति देने वाले उपरोक्त एवं अन्य ज्ञात व अज्ञात सभी बलिदानियों को शत-शत नमन।

मंत्री ने बताया कि इस जन युद्ध के हिम्मतसिंह गांव (रानौली) झण्डू



जमीदार, सहाब सिंह (नगला नैनसुख) हरदेव सिंह, रूपराम (बील) मजलिस जमीदार (लुहारली), फत्ता नम्बरदार (चिटहेरा), हरदयाल सिंह गहलौत, दीदार सिंह (नगला समाना), राम सहाय (खगुआ बास), नवल, हिम्मत जमीदार (पैमपुर), कदम गुर्जर (प्रेमपुर), कल्लू जमीदार (चीती), करीमबख्शखान (तिलबेगमपुर), जबता खान (मुडसे) मैदा जमीदार, बस्ती जमीदार (सावली) इन्द्रसिंह, भोलू गुर्जर (मसौता), मुल्की गुर्जर (हदयपुर), मुगनी गुर्जर (सैथली), बंसी जमीदार (नगला चमरू), देवी सिंह जमीदार (मेहसे), दानसहाय (देवटा), बस्ती जमीदार (गिरधरपुर), फूल सिंह गहलौत (पारसेह), अहमान गुर्जर (बढपुरा), दरियाव सिंह (जुनेदपुर), इन्द्रसिंह (अट्टा), राम स्वरूप (गुनपुरा), सुरजीत सिंह (राजपुर), सुलेख (महावड), सुरजीत सिंह (अट्टा), हरदयाल सिंह रौसा, राम दयाल सिंह, निर्मल सिंह (सरकपुर), बिशन सिंह (बिशनपुरा), सहित 84 आदि क्रान्तिकारियों को अंग्रेजी सरकार ने रिंग लीडर दर्ज कर भारत की आजादी के लिए प्रथम क्रान्ति युद्ध में बुलन्दशहर के (काला आम) पर मृत्यु दण्ड दिया गया। वहीं अंग्रेजी सरकार द्वारा सैकड़ों क्रान्तिकारियों को काले पानी की सजा दी गई।

लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, सांसद डॉक्टर महेश शर्मा, दादरी विधायक तेजपाल सिंह नागर, विधान परिषद नरेंद्र भाटी, जिला पंचायत सदस्य देव भाटी, मोहिनी, भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, जिला पंचायत गौतमबुद्धनगर की अपर मुख्य अधिकारी प्रियंका चतुर्वेदी, जिला पंचायत अभियन्ता अमर सिंह, अवर अभियंता ऋतुनम, प्रशासनिक अधिकारी जयकुमार भाटी सहित अन्य मौजूद रहें।

# सड़क हादसे में बाइक सवार अज्ञात व्यक्ति की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना सेक्टर 49 क्षेत्र के सेक्टर 52 मेट्रो स्टेशन के पास आज सुबह को बाइक सवार अज्ञात व्यक्ति को एक अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दिया। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना सेक्टर 49 के प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सैनी ने बताया कि शनिवार सुबह को एक 38 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति बाइक पर सवार होकर जा रहे थे, तभी एक अज्ञात वाहन चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दिया। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए नोएडा के सेक्टर 27 स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

सी-311, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# शॉर्ट सर्किट के कारण टावर में लगी भीषण आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शनिवार की सुबह नगर कोतवाली क्षेत्र के साइलो प्रथम चौकी क्षेत्र में स्थित एक जियो टावर में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। टावर में आग लगने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने आग लगने की सूचना पर दमकल विभाग को दी। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने मौके के पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली क्षेत्र के मेरठ रोड पर दिन निकलते ही शॉर्ट सर्किट के कारण जियो के टावर में भीषण आग लग गई। आग लगने से स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।





# जुआ खेल रहे दो जुआरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने जुआ खेलते हुए दो जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नकदी व ताश के पत्ते बरामद किए है।

बहादुरगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं जुआरी व सटेबाजों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना बहादुरगढ़ पुलिस द्वारा जुआ खेलते हुए दो जुआरियों को ग्राम पलावाड़ा धर्मकांटा के पास से गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से 1140 रुपये की नकदी व 52 ताश के पत्ते बरामद हुए हैं। जुआरियों की पहचान दिलशाद पुत्र इस्तकार और राशिद पुत्र मेहरबान निवासी ग्राम पलवाडा थाना बहाद. ुरगढ जनपद हापुड के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि जुआरियों को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की कार्यवाही की जा रही है।



# कन्या इंटर कॉलेज में बाल संस्कार शिविर का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारत विकास परिषद सृष्टि शाखा पिलखुवा के तत्वाधान मे बाल संस्कार दिवस का शुभारंभ प्रथम दिवस बहुत ही उत्साह के साथ शुरू किया गया। बाल संस्कार शिविर का शुभारंभ हिंदू कन्या इंटर कॉलेज मे किया गया। हिंदू कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य डा. वर्तिका अग्रवाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। इस दौरान प्रधानाचार्य को पटका पहनाकर पुष्प गुच्छ व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वंदे मातरम के साथ शिविर की शुरुआत की गई। कुसुम लता गुप्ता ने बच्चों को गायत्री मंत्र का जाप कराया साथ ही सभी बच्चों को ऊं और गायत्री मंत्र का अर्थ समझाया। इस दौरान डांस प्रशिक्षिका यशिका गोयल ने बच्चों को डांस बहुत सुंदर ढंग से सिखाया। भावना ने बच्चों को ढोलक सिखाई। शालू बंसल ने बच्चों को फायरलैस कुकिंग सिखाई, जिसमें उन्होंने चीज ब्रेड सैंडविच और गुलकंद बनानी सिखाई व बच्चों को गुलकंद के फायदे भी बताए गए। कार्यक्रम का संचालन संस्था की मार्गदर्शक बीना गोयल ने किया। शिविर में लगभग 180 बच्चे उपस्थित रहे। निलाक्षी गोयल ने बच्चों से ज्ञानवर्धन के लिए ऐसे प्रश्न पूछे जिससे अन्य बच्चों को भी उनसे प्रेरणा मिले ऐसे प्रश्न बच्चों के ज्ञानार्जन के लिए बहुत आवश्यक हैं। जिन बच्चों ने प्रश्नों के सही उत्तर दिए उनको चॉकलेट देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। महिला सहभागिता हिमानी बंसल की पूरी टीम का भी इसमें अच्छा सहयोग किया। बाल संस्कार शिविर के प्रथम दिवस पर उपस्थित सदस्यों, मार्गदर्शक बीना गोयल, अध्यक्ष शशि गुप्ता, सचिव अलका अग्रवाल कोषाध्यक्ष श्वेता बंसल, अल्का मित्तल, महिला उपाध्यक्ष सहभागिता हिमानी बंसल, शाखा सदस्य मोनिका सिंघल, आरती अग्रवाल, शालू बंसल, निलाक्षी गोयल, सर्वेश शर्मा, कुसुम लता गुप्ता, रिंकी अग्रवाल, गरिमा गर्ग, शालिनी अग्रवाल, बबिता वर्मा, रंजना मित्तल उपस्थित रहे।



# भाजपा ने मनाई रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुद्रेश्वर में रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर जिले भर में 21 से 31 मई तक विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में गढ़मुद्रेश्वर के ब्रजघाट में क्षेत्रीय विधायक हरेंद्र तेवतिया व भाजपा के समस्त पदाधिक. ारीयों व नगर के लोगों ने गंगा घाटों पर एक विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन कर अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर माल्या अर्पण कर देवी अहिल्याबाई होल्कर को नमन किया। तो वहीं गंगा में मोटरबोट के द्वारा तिरंगा यात्रा निक. ाली और भारत माता की जय का उद्घोष किया। इस अभियान के तहत गंगा के आस-पास के क्षेत्रों की गहन सफ़ाई की गई। इस पहल का उद्देश्य केवल स्वच्छता को बढ़ावा देना नहीं, बल्कि देवी अहिल्या बाई होलकर के सेव और समाज-निर्माण के आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाना था। अभियान के दौरान स्थानीय नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई और स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी को पुन: दो. हराया।





# किसानों की समस्याओ को लेकर एएसपी से मिले संगठन के पदाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शनिवार को किसानों की समस्याओ को लेकर जय जवान जय किसान भारतीय किसान संगठन के पदाधिकारी एएसपी से मिले और उनके सामने किसानों की विभिन्न समस्याओं को उनके सामने रखा। जय जवान जय किसान भारतीय किसान संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष शाहनवाज चौधरी के नेतृत्व में स्थानीय जन समस्याओं को लेकर पदाधिकारी और कार्यकर्त्ता एएसपी विनीत भटनागर से मिले और किसानों की विभिन्न समस्याओं के बारे में उन्हें अवगत कराया। जहां एएसपी विनीत भटनागर ने उनकी समस्याओं का जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर जिला सचिव रिजवान, इमरान, दानिश आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।





# भाजपा कार्यालय पर प्रदर्शनी का फीता काटकर किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** लोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जन्म स्मृति अभियान के तहत भाजपा द्वारा उनके जीवनकाल पर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री व प्रभारी मंत्री जशंवत सैनी ने भाजपा कार्यालय पर पहुंचकर प्रदर्शनी का फिता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सामाजिक कुरीतियों से जीवन भर लड़ने वाली नारी सम्मान एवं प्रतिष्ठा की प्रतीक महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के अवसर पर हम उन्हें नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही महापुरुषों के समाज कल्याण के लिए किए गए कार्य को जन-जन को बताती है। किंतु रानी अहिल्याबाई होलकर के समाज हित में किए गए कल्याणकारी कार्यों को पूर्ववर्ती सरकारों ने छुपाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि नारी सम्मान के लिए रानी होलकर ने बहुत से कार्य किए हैं। जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के अवसर पर उनके जीवन पर्यंत कार्यों को लेकर प्रदर्शनी लगाई गई है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम जनता को रानी अहिल्याबाई होल. कर के कार्य से अवगत होने का अवसर मिलेगा। इस दौरान जिला महामंत्री बिजेंद्र शर्मा व जिला अभियान संयोजक बिजेंद्र शर्मा एडवोकेट, कार्यक्रम संयोजक रविन्द्र आर्य, जिला उपाध्यक्ष कुलदीप भारद्वाज, सतेन्द्र मौर्य, सुनील दीक्षित, डा.शराफत अली, अमित उपाध्याय, प्रतिभा शर्मा डिमरी, राखी राजपूत, दयावती, रितु, योगेंद्र सिंह संजय राणा डा.आशु, दिनेश प्रधान आदि मौजूद रहे।



## एक नजर

### नेशनल हाइवे पर लगाई गई थर्मोप्लास्टिक रेडियम स्ट्रिप्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने को लेकर एनएचएआई और बाबूगढ़ पुलिस ने हाइवे पर उन क्षेत्रों में थर्मोप्लास्टिक रेडियम स्ट्रिप्स लगाई गई है। जिन्हें दुर्घटना संभावित क्षेत्रों के रूप में चिह्नित किया गया है। ये स्ट्रिप्स रात के समय चमकती हैं, जिससे वाहन चालकों को सड़क की स्थिति स्पष्ट रूप से दिखाई देती है और हादसों की संभावना कम होती है। जिसका उद्देश्य सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं में कमी लाना है। पिछले दिनों एनएचएआई और बाबूगढ़ पुलिस की संयुक्त टीम ने एनएच- 9 पर ब्लैक स्पॉट्स का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उन स्थानों की पहचान की गई जहां सबसे अधिक दुर्घटनाएं होती हैं। बाबूगढ़ थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि इन स्थानों पर थर्मोप्लास्टिक रेडियम स्ट्रिप्स लगाने का निर्णय लिया गया। ये स्ट्रिप्स कुचेसर चौपला फ्लाईओवर, रसूलपुर फ्लाईओवर और नई पुलिस लाइन के पास सड़क के दोनों ओर लगाई गई हैं। इन स्ट्रिप्स को लगाने के लिए एनएचएआई के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित किया गया, जिसके परिणामस्वरूप यह कार्य सफलतापूर्वक पूरा हुआ। उम्मीद है कि इन स्ट्रिप लगने से सड़क हादसों में कमी आएगी।



### ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत युवक गिरफ्तार, तमंचा व कारतूस बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र मेरठ कलानिधि नेथानी के निर्देशानुसार जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना बाबूगढ़ पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुआ है। बाबूगढ़ थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना बाबूगढ़ पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान एक युवक को कनिया कल्याणपुर से मतनौरा की तरफ जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से एक अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुआ है। युवक की पहचान साजिद पुत्र शहजाद अली निवासी चौनापुरी थाना हापुड देहात जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बाबूगढ़ पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# पुलिस ने अवैध शराब व विस्फोटक सामग्री को कराया नष्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेकड़ा कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 12 मुक. दमों से जब्त 1641 लीटर अवैध शराब को नष्ट किया है। साथ ही एक अन्य मामले में जब्त 59 किला. ेग्राम विस्फोटक सामग्री को भी नष्ट किया गया।

शनिवार को कार्रवाई के दौरान खेकड़ा कोतवाली प्रभारी कैलाश चंद शर्मा, तहसीलदार खेकड़ा और सीओ खेकड़ा मौजूद रहे। पुलिस ने जेसीबी की मदद से 15 फीट गहरा गढा खोदा। इसमें अवैध शराब और विस्फोटक सामग्री को नष्ट किया गया। खेकड़ा कोतवाली प्रभारी ने बताया कि अवैध शराब और विस्फोटक सामग्री के खिलाफ विशेष चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अवैध शराब पर अंकुश लगाने में सफल रही है। सभी सामान न्यायालय के आदेश के बाद ही नष्ट किया गया है।





# माता अहिल्याबाई होल्कर नारियों के लिए थी प्रेरणा स्रोत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड।** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रीत विहार स्थित जिला कार्यालय पर पुण्य श्लोक माता अहिल्याबाई होल्कर की प्रदर्शनी का हुआ उद्घाटन प्रीत विहार स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर आज जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर सदर विधायक विजयपाल आढ़ती क्षेत्र महामंत्री विकास अग्रवाल ने संयुक्त रूप से माता अहिल्याबाई होलकर की जीवन प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि माता अहिल्याबाई होल्कर नारियों के लिए प्रेरणा स्रोत थी उनको देखकर आज भी महिलाएं उनके रास्ते पर चलने का प्रयास करती है जिस समय में महिलाओं का उत्पीड़न अपनी चरम सीमा पर था। उसे समय माता अहिल्याबाई होल्कर में महिलाओं के उत्थान के लिए बहुत अधिक प्रयास कर उनकी दिशा और दशा में बदलाव लाने का कार्य किया था। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष नरेश तोमर राज सुंदर तेवतिया दिनेश त्यागी अनिल त्यागी तरुण चौहान दीपक भाटी अनिरुद्ध सिंह राजू तेवतिया राहुल प्रजापति सुधीर त्यागी व जिला मीडिया प्रभारी सुयश वशिष्ठ समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डीएम ने पिलखुवा क्षेत्र में निरिक्षण कर लोगों की सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शनिवार को डीएम अभिषेक पांडेय ने नगर पालिका परिषद पिलखुवा के वार्ड नंबर-15 लखपत सिंह की मड़ैया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने स्थानीय लोगों से साफ-सफाई, विद्युत आपूर्ति , पेयजल एवं अन्य समस्याओं की जानकारी ली। स्थानीय लोगों द्वारा डीएम को अवगत कराया गया कि पानी एवं विद्युत की आपूर्ति समय से हो रही है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने खाली प्लाटों में कूड़ा पाए जाने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने नगर पालिका परिषद पिलखुवा के अधिशासी अधिकारी को कूड़ा हटवाने के निर्देश दिए गए तथा खाली प्लॉट पर नगर पालिका का बोर्ड लगा दिया जाए, जिससे कोई भी व्यक्ति यहां पर कूड़ा ना डालें। उन्होंने 15 दिन के अंदर प्लॉट मालिक से नोटिस द्वारा चार दिवारी कराने हेतु अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने खाली प्लॉट में कूड़ा डालने वालों पर जुर्माना लगाने हेतु अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद पिलखुआ को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान उप जिला अधिकारी धौलाना, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद पिलखुवा, सभासद एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# पुलिस ने दो वारंटीयों को किया गिरफ्तार, दो चाकू बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात पुलिस ने दो वारन्टियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से दो अवैध चाकू बरामद किए है। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने बताया कि हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवंंरार वारंटयों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ देहात पुलिस द्वारा न्यायलय से फरार चल रहे वारंटी सोनू उर्फ सौरभ पुत्र शीशपाल निवासी भीम नगर थाना हापुड देहात जनपद हापुड और डमरु उर्फ सनी कुमार पुत्र गुरदास निवासी सुभाष नगर थाना हापुड देहात जनपद हापुड़ को मोहल्ला सुभाषनगर से गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से दो अवैध चाकू बरामद हुए हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों वारंटी न्यायालय से गैरहाजिर चल रहे थे। न्यायलय ने गैरहाजिर चल रहे वारंटीयों के खिलाफ वारंट जारी किए थे। न्यायलय से जारी वारंट के आधार पर शनिवार को दो वारंटीयों को गिरफ्तार कर न्यायलय में पेश किया है।



## आवश्यकता है

शाह टाइम्स समाचार पत्र में जिला हापुड़ के विभिन्न क्षेत्रों जैसे धौलाना, गढ़मुक्तेश्वर, सिंभावली, बाबूगढ़, हापिजपुर आदि के लिए संवाददाता/विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित जिला कार्यालय में संपर्क करें।

**चांद मियां**

**जिला प्रभारी, शाह टाइम्स**

**जनपद हापुड़**

मो. 9897823485, 9927631162

जिला कार्यालय:- अबेंडकर चौक हापुड़

# मुस्लिम वार्डों में निकाली गई तिरंगा यात्रा, पाकिस्तान मुर्दाबाद के गूंजे नारे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** तिरंगा यात्रा अभियान में शनिवार को शाम 5 बजे से लेकर 6 बजे तक भाजपा के 30 मुस्लिम वार्डों में तिरंगा यात्रा निकाली गई। मेरठ महानगर अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष अंजुम निजामी के नेतृत्व में यह 30 वार्डों में तिरंगा यात्रा निकाली गई। मेरठ के तीनों विधानसभा शहर विधानसभा दक्षिण विधानसभा और कैंट विधानसभा में यह यात्रा निकाली गई जिसमें मुस्लिम वार्ड में मुस्लिम पार्षद प्रत्याशी रहे एवं वार्ड अध्यक्ष के नेतृत्व में वार्ड की आम जनता को साथ लेकर तिरंगा यात्रा निकाली गई। मुस्लिम वार्डों में तिरंगा यात्रा को लेकर बहुत उत्साह रहा। मुस्लिम समाज में इस यात्रा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। भारत माता की जय, पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद के नारों से तिरंगा यात्रा अभियान निकाला गया। यात्रा में मुख्य भूमिका में युसूफ कुरैशी, जीशान गाजी, शाह फैसल, राहील सलमानी, हाजी अमजद, आसिफ अंसारी, ओवैस खान, समीर खान मुख्य भूमिका में रहे।



## बच्चों के विवाद में चले लाठी-डंडे, कई घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शुक्रवार को देर शाम कस्बा सिवाल खास में बच्चों की विवाद में दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले जिसमें करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। कस्बे के गुलजार व सलीम के बीच बच्चों के विवाद को लेकर देर शाम झगड़ा हो गया था। झगड़ा इतना बड़ा हो गया कि दोनों पक्षों के व्यक्ति आमने-सामने आ गए और जमकर लाठी डंडे और धारधार हथियार चले। जिसमें गुलजार पक्ष के तीन व्यक्ति घायल हो गए तभी सूचना पाकर पहुंची थाना पुलिस ने घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने दोनों पक्षों को हिरासत में ले लिया प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कर दिया है और आरोपियों की तलाश जारी है।

# दबंगों ने नहीं होने दी जमीन की पैमाईश, राजस्व टीम लौटी बेरंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कब्जामुक्त कराने पहुंचे तहसील अधिकारियों को दबंगों के विरोध का सामना करना पड़ा। थाने पर आयोजित शनिवार को समाधान दिवस में तहसीलदार जितेंद्र कुमार व थाना प्रभारी संजय कुमार द्विवेदी की अगुवाई में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण किया जा रहा था। इस दौरान पीड़ित भारत भूषण ने अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह पिछले 8 वर्षों से अपने खेत की जमीन से कब्जा हटवाने के संबंध में जिलाधिकारी मेरठ व तहसील दिवस मवाना व थाने में अपनी जमीन को कब्जा मुक्त करने की गुहार लगाई थी। बताया गया कि उसके खेत की जमीन पर कस्बे के ही धर्म सिंह पुत्र नानकसिंह, विजयपाल पुत्र धर्म सिंह आदि कई दबंगों ने पिछले 15 वर्ष पूर्व से दबंगता के बल पर जबरदस्ती कब्जा कर रखा है। इस संबंध में एसडीएम वं तहसीलदार मवाना ने पीड़ित के खेत की जमीन से कब्जा हटवाने के आदेश दिए थे। शनिवार को पीड़ित अपने खेत की जमीन पर दीवार कर रहे थे लेकिन



दबंग लोगों ने पीड़ित के साथ गाली गलौज व मारपीट कर दी। मामले की जानकारी मिलने पर थाने पर समाधान दिवस को बीच में छोड़कर तहसीलदार जितेंद्र कुमार वं थाना प्रभारी संजय कुमार द्विवेदी व राजस्व विभाग के दो लेखपाल ने मौके पर पहुंच कर पैमाइश कराते हुए निशानदेही कर जमीनी विवाद को सुलझा रहे थे लेकिन दबंग लोगों ने विरोध करते हुए हंगामा खड़ा कर दिया जिस कारण राजस्व विभाग की टीम को वापस लौटना पड़ा।

# बदलते भारत में हम दुश्मन को उसके घर में घुसकर मारते हैं: विजया किशोर

**लोक माता अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर श्री वेंकटेश्वरा विवि में हुआ कार्यक्रम**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान की ओर से चोटीपुरा गुरुकुल में लोकमाता अहिल्याबाई की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित एकदिवसीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रुप पधारी राष्ट्रीय महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यश विजया किशोर रहाटकर एवं महिला सशक्तीकरण की संवाहक गुरुकुल चोटीपुरा की संस्थातिका आचार्या डॉ. सुमेधा दीदी का महिला सशक्तीकरण की दिशा में किये जा रहे शानदार कार्यो के लिए पटका, पगड़ी, स्मृति चिन्ह एवं तलवार भेंट कर भव्य अभिनन्दन किया गया।

श्रीमद दयानन्द गुरुकुल में 'लो. कमाता अहिल्याबाई होल्कर' की 300वीं जयंती पर आयोजित संगोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यश विजया किशोर रहाटकर गुरुकुल की संस्थापिका आचार्या डॉ. सुमेधा दीदी वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके एवं लोकमाता अहिल्याबाई की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके किया। अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यश विजया किशोर रहाटकर ने कहा कि आज भारतीय महिलाएं जमीन से लेकर अन्तरिक्ष तक अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही है। केन्द्र एवं राज्य सरकार की महिला सशक्तीकरण को लेकर चलायी जा रही प्रभावी योजनाओ से महिलाओं पर अत्याचार करने वाले लोगों को कठिन कारावास देकर दण्डित किया जा रहा है। हम सभी को देवी अहिल्याबाई द्वारा शिक्षा, स्वास्थय, नारी उत्थान एवं शोषित वंचितो के लिए किये गये ऐतिहासिक कार्यो को आदर्श मानकर उन पर चलने की शपथ लेनी चाहिए। इस अवसर पर कुलपति प्रो. कृष्णकान्त दवे, भाजयुमो अध्यश शुभम चौधरी, मेरठ परिसर निदेशक डॉ. प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# इण्डियन शेख अब्बासी अल्पसंख्यक महासभा के जिलाध्यक्ष बने जावेद अब्बासी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** इण्डियन शेख अब्बासी अल्पसंख्यक महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जहीर अब्बासी व प्रदेश अध्यक्ष शहाबुद्दीन अब्बासी की संस्तुति पर जावेद अब्बासी निवासी मौहल्ला ईदगाह नई बस्ती सरधना को इण्डियन शेख अब्बासी अल्पसंख्यक महासभा मेरठ का जिलाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। जावेद अब्बासी ने वरिष्ठ पदधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है उसको वह मेहनत व निष्ठा के साथ मजबूती से निभाएंगे और संगठन को मजबूत बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे तथा इंडियन शेख अब्बासी अल्पसंख्यक महासभा की नीतियों को जन जन तक पहुंचा कर संगठन को सर्वोच्च शिखर पर स्थापित करने के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। प्रदेश अध्यक्ष शहाबुद्दीन अब्बासी ने कहा कि आज अब्बासी समाज के युवाओं को समाज की खिदमत के लिए आगे आना एक अच्छा संकेत है। मंडल अध्यक्ष हाजी जहीर अब्बासी ने कहा कि अपनी नेक कमाई से अपने बच्चों को अच्छी तालीम दिलाए, क्योंकि जब तक अब्बासी समाज का बच्चा शिक्षा हासिल नहीं करेगा, तब तक समाज का विकास नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अब्बासी समाज का युवा वर्ग महासभा से जुड़े और संगठन को मजबूत करे। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष जावेद अब्बासी ने कहा कि जब तक अब्बासी समाज की तरक्की के लिए अपने अंदर जज्बा पैदा नहीं करेंगे जब तक एकजुट नहीं होंगे तब तक कोई भी राजनीतिक पार्टी या कोई भी आपको महत्व नहीं देगा। अपने आप को पहचानो क्योंकि पूरे देश में अब्बासी समाज की तादाद चार करोड़ के लगभग है लेकिन आज तक समाज में कोई उच्च अधिकारी पद पर नहीं है। बात करें राजनीति की तो कोई भी विधायक, सांसद नहीं हैं इसके लिए भी हमें सोचने की जरूरत है। इस दौरान चेयरमैन निजाम अंसारी, आगा एनुदीन शाह, सैय्यद रिहानुदीन, हाजी नोशेर अब्बासी, हाजी मेहरबान अब्बासी, हाजी अख्तर अब्बासी, चौधरी वसीम, रियाजुदीन अब्बासी, मईनुद्दीन अब्बासी, अरशद अल्वी हाजी शाहिद अब्बासी पार्षद, परवेज अब्बासी, इलियास अब्बासी पूर्व सभासद, सजाउदीन अब्बासी, शकील अब्बासी पूर्व सभासद, सलाउदीन अब्बासी, खुर्शीद अब्बासी, नफीस अब्बासी,नदीम अब्बासी, आसिफ अब्बासी आदि सम्मानित लोगों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया व मिठाई खिलाकर कर बधाई दी।



## जानी पुलिस ने दो आरोपियों को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शनिवार को जानी थाना पुलिस ने शनिवार को मुखबिर की सूचना पर दो आरोपियों को दबोच लिया और चालान कर दिया। जानी थाना पुलिस ने बताया कि काफी दिनों से मुकदमे में फरार चल रहे दीपक पुत्र रामोतार निवासी कुराली और जावेद पुत्र मीरहसन निवासी चंदोरा आज पुलिस ने उन्हें घर से ही दबोच लिया और चालान कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक महेश कुमार राठौर ने बताया कि क्षेत्र में एक अभियान चलाया जा रहा जो लोग मुकदमा पंजीकृत होने के बाद पुलिस नहीं पड़ रही उनका चालान कर जेल भेजा जा रहा है और सभी चौकी इंचार्ज को निर्देश दिए हैं कि वह कानून व्यवस्था पर ध्यान दें। थाना प्रभारी महेश सिंह राठौर प्रतिदिन व रात्रि में ग्रामीण क्षेत्रों में खुद गश्त कर रहे हैं और अपराधों पर नजर रख रहे हैं।

# फसलों के नुकसान को लेकर कमिश्नर से मिले रालोद नेता, मुआवजे की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शाम को आए अचानक तूफान से आम, लीची व नाशपाती के बागों में लगभग 80 प्रतिशत की फसल खत्म हो गई है। आम व लीची का किसान बर्बादी के कगार पर है। इसी समस्या को लेकर शनिवार को रालोद का एक प्रतिनिधि मंडल मेरठ मंडलायुक्त से मिला और इस भारी नुकसान वाली समस्या से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने तत्काल इसका सर्वे कराकर किसानों को मुआवजा दिलाने के लिए कहा इस अवसर पर चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी, प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ रणबीर दहिया, प्रदेश सचिव पतला चेयरमैन देवेंद्र सिंह, युवा रालोद के अध्यक्ष जयदीप सिंह, युवा रालोद के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ नेता कपिल चौधरी, आजाद सभासद व राजेन्द्र सिंह आदि इस अवसर पर मौजूद रहे।



# मुस्लिम युवाओं ने भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा शौर्य यात्रा निकाली




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय सेना के सम्मान में हापुड़ रोड़ जाकिर कॉलोनी पुलिस चौकी से एल ब्लॉक पुलिस चौकी तक तिरंगा शौर्य यात्रा निकाली गई जिसमें मुस्लिम युवाओं ने भारतीय सेना जिंदाबाद, सेना के सम्मान मे पूरा देश मैदान मे, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह जिंदाबाद के नारे लगायें। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा पश्चिम उत्तर प्रदेश मीडिया प्रभारी नासिर सैफी ने कहा कि हमारी भारतीय सेना के जांबाजो ने पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब देते हुए उनके घर मे घुंसकर मारा। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा पश्चिम उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष दिलशाद चौहान ने कहा कि यदि पाकिस्तान अब भी अपनी हरकतों से बाज नही आया तो नक्शे से मिटा देंगे। राशिद मेवाती, यूनुस सैफी, मुस्तकीम कुरैशी, समीर खान, ओवेश खान, आसिफ सैफी, सुहैल कुरैशी, मेहराज, सलमान, वकार, शाहबान, असद, मोहसिन चौहान, तैय्यब मलिक, जहीर अंसारी आदि उपस्थित रहे।

## आज से नौतपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आज से सूर्यदेव और ज्यादा कहर बरसाएंगे। वैज्ञानिकों के अनुसार आज से नौ दिन तक सूर्य पृथ्वी के सबसे निकट रहता है इससे भीषण गर्मी की समस्या उत्पन्न होती है। नौ दिन के इस भ्रमण को नौतपा नाम दिया जाता है। इस दौरान मौसम वैज्ञानिकों ने बच्चों व बुजुर्गों को खास ध्यान रखने की सलाह दी है।

# प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्रों को दिए गए प्रमाण पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में इंडोरामा कंपनी में तीन माह का प्रशिक्षण कॉलेज ऑफ हॉर्टिकल्चर के छात्रों ने प्राप्त किया था इन छात्रों को कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर के के सिंह ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कृषि विश्व. विद्यालय के छात्रों ने अपनी पढ़ाई के दौरान एंडोरमा कंपनी में रहते हुए 90 दिवसीय पंजाब तथा हरियाणा के क्षेत्र में किसानों के छात्र कार्य करते हुए एंटरप्रेन्योरशिप का प्रशिक्षण प्राप्त किया था।

छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित करने के बाद उनको संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने जो फील्ड में जाकर तकनीकी ज्ञान हासिल किया है उसको किसने तक पहुंचाएं जिससे उनकी आय में बढ़ोतरी हो सके



इंडोरामा कंपनी के मार्केटिंग मैनेजर डॉक्टर यशपाल सिंह ने अपने संबा. `धन में कहा कंपनी के विभिन्न उत्पादों के प्रीमियम तथा अन्य उत्पादों की जानकारी देते हुए बताया की कंपनी अपने कार्य को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर करती है और यह कंपनी ऐसी है जो फर्टिलाइजर कीटनाशक एवं बीज के क्षेत्र में कार्य रही है। कंपनी के उत्पादों और गुणवत्ता के बारे में किसान भली भांति परिचित है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मार्केटिंग मैनेजर संजीव पांडे ने अपने संबोधन में कहा एंडोरामा कंपनी भारतवर्ष के 13 राज्यों में कार्य कर रही है और उन्होंने कृषि वीर प्रोजेक्ट के अंतर्गत एंटरप्रेन्योरशिप के बारे में पूरी जानकारी दी। इस अवसर पर निदेशक ट्रेनिंग प्लेसमेंट प्रोफेसर आर एस सेंगर, संयुक्त निदेशक ट्रेनिंग प्लेसमेंट प्रोफेसर सत्य प्रकाश, निदेशक ट्रेनिंग प्लेसमेंट डॉक्टर एसके गुप्ता, सहायक निदेशक डॉक्टर पीयूष तोमर, डॉक्टर सावन रावत आदि लोग मौजूद रहे।

## कृषि विवि कर्मचारी संघ का आम चुनाव सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दौराला।** सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आज कृषि विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ मेरठ का वार्षिक आम चुनाव वर्ष 2025 और 27 के लिए लोकतांत्रिक प्रक्रिया के साथ संपन्न किया गया जिसमें डॉक्टर लोकेश गंगवार प्राध्यापक कृषि महाविद्यालय एवं डॉ. रचना वर्मा पर अध्यापक पशु चिकित्सा महाविद्यालय चुनाव अधिकारी के रूप में नामित किए गए थे। उक्त दोनों अधिकारीगण ने चुनाव को शांतिपूर्वक पूर्ण निष्पक्षता के साथ संपन्न कराया। यह कार्यक्रम जब प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के सभागार में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वित्तीय नियंत्रक पंकज कुमार चतुर्वेदी तथा कार्यक्रम के अध्यक्षता डॉ. रविंद्र कुमार अधिष्ठाता जैव प्रौद्योगिकी द्वारा की गई। इस बार चुनाव में अध्यक्ष पद हेतु राकेश कुमार सेन, महामंत्री सुरेश कुमार मौर्य, उपाध्यक्ष विकास, उपाध्यक्ष द्वितीय प्रदीप कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए एवं संरक्षक के रूप में मनोज कुमार सेंगर को नामित किया गया है। चुनाव प्रक्रिया के दौरान प्रदीप सिंह, हरवीर सिंह, विनय प्रताप सिंह, रुचि गुप्ता, संजय गुप्ता, नरेंद्र नाथ उपाध्याय, विकास सिरोही तथा अन्य सदस्यों ने भाग लिया।




# अपना दल (एस) के क्षेत्रीय अध्यक्ष सुधीर पंवार का हापुड़ में हुआ भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** आज जनपद हापुड़ स्थित नागर रेस्टोरेंट में अपना दल (एस) मेरठ मंडल के क्षेत्रीय अध्यक्ष सुधीर पंवार का कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से भव्य स्वागत व अभिनंदन किया साथ में विशिष्ट अतिथि प्रदेश महासचिव विधि मंच कृपाल सिंह एडवोकेट, प्रदेश महासचिव सहकारिता वीरेंद्र चौधरी, वरिष्ठ नेता बलीचंद पाल का भी स्वागत किया गया सर्वप्रथम भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल व अपना दल के संस्थापक डॉक्टर सोनेलाल पटेल के चित्रों पर मालार्पण किया कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष सुधीर पंवार ने पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल जी के दिशा निर्देशों



पर चलने व अपना दल (एस) को मजबूत करने पर भी बल दिया जिससे दबे कुचले समाज के लोगों को सामाजिक न्याय मिल सके और उनका उत्थान हो सके उन्होंने आगामी पंचायत चुनावों व विधानसभा चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए बूथ स्तर तक गठन पर जोर दिया। कार्यक्रम में आदेश त्यागी, आरिफ चौधरी, रवि चौधरी, इंद्रेश त्यागी, अनिल गुप्ता, काजी अफजल, संजय त्यागी, डॉ. नीरज आर्य, मोबीन खान, अनिल त्यागी, ललित त्यागी, कार्तिक शर्मा, अशोक शर्मा, आबिद हुसैन, चौधरी वाहिद, संजय जाटव, शिवम गुप्ता, नफीस अहमद, शहजाद अहमद, अवनीश गर्ग आदि काफी संख्या में कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

# वार्षिक सम्मान समारोह में छात्र-छात्राओं के स्मृति चिन्ह पाकर खिले चेहरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डीपीएम पब्लिक स्कूल में वार्षिक सम्मान समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामयी वातावरण में किया गया। इस अवसर पर कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रिटायर्ड मेजर जनरल डॉ. दीप अहलावत, अर्जुन पुरस्कार विजेता एवं




ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय मेरठ के कुलपति पधारे। विशिष्ट अतिथि के रूप में थाना बहसूमा की थाना प्रभारी इन्दु वर्मा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के सचिव जगदीश त्यागी एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य जिया जैदी ने किया। सम्मानित छात्र कक्षा 10वीं प्रथम स्थान आयुषी सिंह 98.20 प्रतिशत द्वितीय स्थान गुंजन 97.60 प्रतिशत, तृतीय स्थान शगुन चौधरी 93 प्रतिशत कक्षा 12वीं विज्ञान संकाशन प्रथम स्थान तस्मिया कुरैशी 93.80 प्रतिशत, द्वितीय स्थान तैयबा मन्नत सुब्हान 92.20 प्रतिशत, तृतीय स्थान साझा अपेक्षा बैसला एवं तन्वी चौधरी 89.40 प्रतिशत, कक्षा 12 वीं वाणिज्य संकाय, प्रथम स्थान प्रिंस चौधरी 89.60 प्रतिशत, द्वितीय स्थान तनुष्का सिरोही 88.40 प्रतिशत, तृतीय स्थान भारती रानी 84.20 प्रतिशत मेधावी छात्रों को ट्रॉफी प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, संगीत, नाटक एवं भाषण जैसे विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इन प्रस्तुतियों ने अथितियों एवं अभिभावकों मन मोह लिया। बच्चों की प्रतिभा और अनुशासन ने मुख्य अतिथि को अत्यंत प्रभावित किया। डॉ. दीप अहलावत ने अपने संबोधन में बच्चों को अनुशासन, शिक्षा, खेल एवं राष्ट्र निर्माण के महत्व को विस्तारपूर्वक समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरणा देते हुए कहा कि वे बड़े सपने देखें और उन्हें पूरा करने के लिए निरंतर मेहनत करें। उन्होंने विद्यालय की व्यवस्था, अनुशासन एवं विद्यार्थियों की प्रस्तुति की सराहना की और विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दीं। विशिष्ट अतिथि का संदेश के रूप में थाना प्रभारी इन्दु वर्मा ने अपने सम्बोधन में सभी सम्मानित विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया एवं नारी सशक्तिकरण पर बल देते हुए बेटियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह संस्थान क्षेत्र के बच्चों को एक उज्ज्वल भविष्य देने का उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। विद्यालय के सचिव जगदीश त्यागी ने सभी अथितियों एवं अभिभावकों का हार्दिक स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए अत्यंत गौरव और प्रेरणा का दिन है। हमारे होनहार विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन से जो उपलब्धियां अर्जित की हैं, वे न केवल उनके परिवार और विद्यालय के लिए गर्व की बात हैं। बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए भी प्रेरणास्त्रोत हैं। विद्यालय का उद्देश्य केवल अकादमिक शिक्षा देना नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में उन्हें नैतिक मूल्यों, आत्मनिर्भरता और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना से ओत-प्रोत करना है। मैं सभी अभिभावकों का भी विशेष धन्यवाद करता हूँ, जिनके सहयोग, प्रोत्साहन और विश्वास के बिना यह सफलता संभव नहीं होती। विद्यालय के प्रधानाचार्य जिया जैदी ने अपने विचार रखते हुए पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी शिक्षकगण, अभिभावकों एवं संचालक मंडल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विद्यार्थियों को सतत प्रयास एवं उच्च लक्ष्य निर्धारण का संदेश दिया। इस मौके पर मुख्य रूप से चौधरी नरेश कुमार, हरदयाल राठी, अमित गोयल, कोऑर्डिनेटर मुकुल त्यागी, ममता शर्मा, पूनम,पूर्णिमा शर्मा, रेनू, अब्दुल सुब्हान, प्रमोद गर्ग, पूर्व प्रधान बालेंद्र सिंह, प्रवेश जैनर आदि लोग शामिल है।




## इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम घोषित

# टीम की कमान शुभमन गिल को

### ऋषभ पंत बनाए गए उप कप्तान

**मुबंई, वार्ता।** इंग्लैंड में अगले माह शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृखंला के लिए बल्लेबाज शुभमन गिल को भारतीय क्रिकेट टीम का कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज रिषभ पंत को उप कप्तान बनाया गया है। बीसीसीआई की चयन समिति ने

**भारतीय टीम इंग्लैंड के साथ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी**

इंग्लैंड दौरे के लिए शनिवार को टेस्ट टीम की घोषणा करते हुए कहा कि शुभमन गिल टीम की कप्तानी करेंगे और रिषभ पंत उप कप्तान होंगे।

अटठारह सदस्यीय टीम के अन्य सदस्यों में यशस्वी जायसवाल, के एल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नीतीश कुमार रेड्डी, रविंद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल, वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाशदीप, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव को शामिल किया गया है।

अब तक टीम की कप्तानी कर रहे रोहित शर्मा ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से सन्यास लेने की घोषणा कर दी थी, जिसके बाद गिल को नया कप्तान बनाया गया है। बल्लेबाज विराट कोहली भी टेस्ट क्रिकेट से सन्यास की घोषणा कर चुके हैं। अरसे बाद भारतीय टीम इन अनुभवी खिलाड़ियों की गैर मौजूदगी में खुद को साबित करने विदेशी जमीन पर उतरेगी। इस दौरे में भारतीय टीम इंग्लैंड के साथ पांच टेस्ट मैच खेलेगी। पहला टेस्ट 20 जून को हेडिंग्ली में, दूसरा दो जुलाई को एजबेस्टन, तीसरा 10 जुलाई को लॉर्ड्स, चौथा 23 जुलाई को ओल्ड ट्रैफ़र्ड और पांचवां टेस्ट 31 जुलाई को द ओवल में खेला जायेगा। मोहम्मद शमी अनफिट होने के कारण टेस्ट टीम में जगह नहीं बना पाये हैं जबकि करुण नायर की टीम में वापसी हुई है।

जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आक.ाश दीप और अर्शदीप सिंह तेज गेंदबाजी को धार देंगे जबकि कुलदीप यादव और जडेजा अंग्रेजों को फिरकी में उलझाने की जिम्मेदारी उठायेंगे। मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर ने भरोसा जताया कि गिल की अगुवाई में भारतीय टीम अपना शत प्रतिशत देने में सफल रहेगी।

# आज सीएसके से भिड़ेगी गुजरात

**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात टाइटन्स (जीटी) रविवार को यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 67वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का सामना करेगी। हाल ही में मिली हार के बाद, गुजरात पर लीग चरण में शीर्ष दो में जगह बनाने के लिए इस मैच को जीतने का दबाव है। गुजरात ने 13 मैचों में 17 अंकों के साथ पहले ही प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है।




हाल ही में लखनऊ सुपर जायंट्स से मिली हार ने शीर्ष दो में जगह बनाने की उनकी कोशिशों को झटका दिया है। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर से मिली हार की बदौलत, जीटी अभी भी बढ़त बनाए हुए है। इस सीजन में जीटी की सफलता काफी हद तक उनके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के लगातार अच्छे प्रदर्शन की वजह से है। साई सुदर्शन और शुभमन गिल दोनों ने 600 से ज्यादा रन बनाए हैं, जिससे वे गुजरात की बैलटग लाइनअप की रीढ़ बन गए हैं। दोनों खिलाड़ियों ने नियमित रूप से महत्वपूर्ण पारियों में योगदान दिया है और इस मैच में 30 से ज्यादा रन बनाने के लिए उन्हें स्मार्ट दांव के रूप में देखा जा रहा है। जोस बटलर का फॉर्म भी महत्वपूर्ण रहा है, जिसने शीर्ष पर स्थिरता प्रदान की है। मध्य और निचले क्रम को

**गुजरात की नजरें शीर्ष दो में जगह बनाने पर, नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में होगा 67वां मुकाबला**

शेरफेन रदरफोर्ड ने मज़बूत किया है, जिन्होंने 161 की शानदार स्ट्राइक रेट से 267 रन बनाए हैं। शाहरुख खान ने पिछले गेम में 27 गेंदों पर 59 रनों की तेज़ पारी खेलकर अपनी विस्फोटक क्षमता दिखाई थी। जिससे यह सुनिश्चित होता है कि गुजरात के पास स्कोरिंग में तेज़ी लाने के लिए कई विकल्प हैं। गेंदबाजी के मोर्चे पर, गुजरात ने संतुलित आक्रमण के साथ कड़ा नियंत्रण बनाए रखा है। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने कुल मिलाकर 36 विकेट लिए हैं, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर रविश्रीनिवासन साई किशोर ने नौ रन प्रति ओवर से कम की इकॉनमी रेट के साथ 16 विकेट लिए हैं। राशिद खान और कैगिसो रबाडा ने अपनी शानदार फॉर्म के बावजूद इस सीजन में मिली-जुली सफलता हासिल की है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आईपीएल 2025 में कुछ हाई-स्कोरिंग मैच देखने को मिले हैं, जिसमें पहली पारी का औसत स्कोर 178 रन के आसपास रहा है। इस मैदान पर सबसे बड़ा लक्ष्य 2023 में गुजरात के खिलाफ कोलकाता नाइट राइडर्स द्वारा 207-7 के स्कोर पर हासिल किया गया था। पिच तेज गेंदबाजों के लिए शुरुआत में अच्छी उछाल और गति प्रदान करती है, साथ ही खेल आगे बढ़ने पर स्पिनरों की भी मदद करती है। बल्लेबाजों को स्ट्रोक खेलने के लिए अनुकूल ठोस सतह की उम्मीद हो सकती है, लेकिन पारी के उत्तरार्ध में स्कोरिंग धीमी हो जाती है। चेन्नई अपने अब तक के सबसे खराब आईपीएल अभियान के साथ मैच में उतरेगी। 13 मैचों में सिर्फ़ छह अंक और खराब नेट रन रेट के साथ, सीएसके का तालिका में सबसे नीचे रहना लगभग तय है। संघर्षों के बावजूद, डेवल्ड ब्रेविस और आयुष म्हात्रे जैसी युवा प्रतिभाओं ने उम्मीद का संचार किया है। ब्रेविस विशेष रूप से प्रभावशाली रहे हैं, उन्होंने सिर्फ़ पाँच मैचों में 160 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 168 रन बनाए हैं, जिससे मध्य क्रम में काफ़ी ज़रूरी गति मिली है। वरिष्ठ खिलाड़ी शिवम दुबे सीएसके के लिए 130 से कम के स्ट्राइक रेट से 340 रन बनाए हैं।

## खेलो इंडिया बीच गेम्स में नागालैंड की महिलाओं ने रचा इतिहास

**दीव, वार्ता।** नागालैंड ने शुक्रवार रात दीव में खेले गए खेलो इंडिया बीच गेम्स में सेपकटकरॉ महिलाओं की क्वाडरेगु टीम इवेंट में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। इस शानदार प्रदर्शन ने उन्हें पहली बार किसी खेलो इंडिया प्रतियोगिता के शीर्ष तीन में पहुंचा दिया। वहीं,दिल्ली ने मणिपुर को हराकर पुरुषों की क्वाडरेगु टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। नागालैंड ने खेलो इंडिया बीच गेम्स 2025 में अपना अभियान कुल मिलाकर तीसरे स्थान पर समाप्त किया, जिसमें उन्होंने 5 स्वर्ण, 3 रजत और 5 कांस्य पदक जीते। नागालैंडके चार स्वर्ण पदक पेंचक सिलाट से आए हैं।पदक तालिका में मणिपुर और महाराष्ट्र पहले और दूसरे स्थान पर रहे। घोंघला बीच पर जैसे ही अंतिम सीटी बजी, वहां उत्सव और जश्न का माहौल छा गया।नागालैंड की महिला टीम ने घबराहट, कड़ी टक्कर और दबाव का सामना करते हुए हरियाणा को रोमांचक मुकाबले में 2-1 से हराकर जीत दर्ज की। वहीं, दिल्ली की पुरुष टीम ने फाइनल में मणिपुर को सीधे सेटों में 2-0 से हराकर आसानी से खिताब जीता। पुरुष और महिला दोनों वर्गों के फाइनल के दौरानबड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे। नागालैंड महिला टीम की कप्तान सैयेखिए नोतेपा ने मैच के बाद कहा, हमें बहुत खुश हूं।

### खेल विशेष

## सुक्खु ने अंगमो को एवरेस्ट फतह करने की दी बधाई

**शिमला, वार्ता।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू ने शनिवार को पर्वतारोही छोंजिन अंगमो को माउंट एवरेस्ट की चोटी पर विजय पताका फहराने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। श्री सुक्खू ने कहा कि किन्नौर ज़िला के चांगो गांव निवासी छोंजिन अंगमो जी ने माउंट एवरेस्ट की चोटी पर विजय पताका फहराकर हिमाचल प्रदेश का नाम पूरे देश और पूरी दुनिया में गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि दृष्टिबाधित छोंजिन अंगमो जी ने अपार साहस और अटूट संकल्प से दुनिया को दिखा दिया कि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। उनकी यह सफलता युवाओं को अपने कर्तव्यपथ पर डटे रहने की प्रेरणा प्रदान करेगी। सीएम ने अंगमो और उनके परिवार को इसअविस्मरणीय सफलता के लिए हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं भी दीं।

## खिलाड़ियों के सपनों को एमपीएल दे रही है उड़ान

**ग्वालियर, वार्ता।** मध्य प्रदेश लीग उभरते हुए क्रिकेटरों के लिए आईपीएल जैसे बड़े मंच पर पहुंचने का माध्यम बनती जा रही है, जिसका ताजा उदाहरण माधव तिवारी, अनिकेत वर्मा और शिवम शुक्ला के रूप में इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के संस्करण में देखा जा सकता है। अनिकेत वर्मा ने आईपीएल 2025 में युवा खिलाड़ियों में सबसे शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग में भोपाल लेपर्ड्स के लिए मात्र 41 गेंदों में 123 रन की तूफानी पारी खेली, जिसके चलते उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद ने अपने स्क्वॉड में शामिल किया। 30 लाख रुपये के बेस प्राइस पर खरीदे गए अनिकेत वर्मा ने हैदराबाद के लिए इस सीजन में 12 मैच खेले हैं और 155-91 के स्ट्राइक रेट से सर्वाधिक 74 रन बनाते हुए कुल 198 रन बनाए हैं। आक्रामक बल्लेबाजी और क्लीन हिटिंग के लिए पहचाने जाने वाले अनिकेत ने अपने इस प्रदर्शन के दौरान 16 छक्के लगाने के साथ ही 5 कैच भी पकड़े।

# शानदार तरीके से अभियान समाप्त करने उतरेगी केकेआर-एसआरएच

- दोनों ही टीमें प्लेऑफ के लिए दावेदार नहीं है यह मैच सिर्फ प्रतिष्ठा की लड़ाई बन गया है

**नई दिल्ली, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) रविवार को यहां अरुण जेटली स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन के अपने अंतिम ग्रुप स्टेज मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से भिड़ेगी। दोनो ही टीमे प्लेऑफ के लिए दावेदार नहीं है, जिससे मैच नंबर 68 प्रतिष्ठा की लड़ाई बन गया है। हालांकि, दोनों फ्रेंचाइजी इस साल के टूर्नामेंट में विपरीत प्रदर्शन के बावजूद सकारात्मक प्रदर्शन के साथ अभियान को समाप्त करना चाहेंगी। सनराइजर्स हैदराबाद ने खराब शुरुआत के बावजूद अपने पिछले चार मैचों में से तीन में जीत के साथ शानदार प्रदर्शन किया है। अपने पिछले मैच में, हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर 42 रनों की शानदार जीत दर्ज की, जिसमें ईशान किशन की 48 गेंदों पर 94 रनों की तूफानी पारी शामिल थी। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के धमाकेदार फॉर्म ने टीम की वापसी में अहम भूमिका निभाई है, जिन्होंने 193 के स्ट्राइक रेट से 12 पारियों में 407 रन बनाए हैं। इस बीच, गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) इस सीजन में लय हासिल करने में विफल रही है और 13 मैचों में से पांच जीत के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर है। आरस.ीबी के खिलाफ उनका सबसे हालिया मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया, जिससे उनकी प्लेऑफ की उम्मीदें खत्म हो गईं। अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे 375 रनों के साथ केकेआर के मुख्य खिलाड़ी रहे हैं, जबकि आंद्रे रसेल ने लगातार प्रभावशाली पारियों के साथ फॉर्म की झलक दिखाई है। हालांकि, बल्लेबाजी और डेथ बॉलिंग दोनों में असंगतता ने पूरे सीजन में नाइट राइडर्स को नुकसान पहुंचाया है। अरुण जेटली स्टेडियम में बल्लेबाजों को ज्यादा मदद मिलने की उम्मीद है। इस मैदान पर पिछले दो आईपीएल 2025 मुकाबलों में 199 और 187 रनों का स्कोर आसानी से हासिल किया गया था, जो टॉस जीतने पर पहले गेंदबाज़ी करने की प्राथमिकता को दर्शाता है। रविवार का मौसम गर्म और नम रहने का पूर्वानुमान है, बारिश की कोई आशंका नहीं है। आंकड़ों के अनुसार, केकेआर ने पिछले छह मुकाबलों में से चार में जीत हासिल करते हुए हाल के रिकॉर्ड पर अपना दबदबा बनाया है। हालांकि, एसआरएच इस समय बेहतर स्थिति में दिख रहा है, क्योंकि उसके खिलाड़ी फॉर्म में हैं और जीत की लय उनके पीछे है।

# विंडीज के खिलाफ इंग्लैंड ने जीती सीरीज




**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने होव में वेस्टइंडीज को नौ विकेट से हराकर टी-20 सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है।

जीत के लिए मात्र 82 रनों का पीछा करते हुए, इंग्लैंड ने शुक्रवार को कप्तान नेट साइवर-ब्रंट के 31 गेंदों पर नाबाद 55 और सोफिया डंकले के नाबाद 24 रनों की मदद से 9-2 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। डैनी वायट-हॉज पारी की पहली गेंद पर आउट हो गईं थी। वेस्टइंडीज ने अपने चार विकेट मात्र 29 रन पर ही खो दिए थे और आखिर में वह नौ विकेट पर 81 रन का मामूली स्कोर ही बना सकी। तेज गेंदबाज एम अर्लट ने अपने दूसरे अंतरराष्ट्रीय मैच में 14 रन देकर 3 विकेट लिए, जिसमें विंडीज की कप्तान हेले मैथ्यूज के छह और अनुभवी बल्लेबाज स्टेफनी टेलर (शून्य) के महत्वपूर्ण विकेट शामिल हैं। तेज गेंदबाज लॉरेन बेल ने 28 रन देकर 3 विकेट लिए और स्पिनर चार्ली डीन ने अपने चार ओवरों में 12 रन देकर 2 विकेट चटकाए।

शेमाइन कैम्पबेले और शबिका गजनबी वेस्टइंडीज की दो बल्लेबाज थीं जो दोहरे अंक तक पहुंचीं, जिन्होंने क्रमश: 26 और 22 रन बनाए और उनकी पूरी पारी में केवल आठ चौके लगे, जिसमें 74 डॉट बॉल भी शामिल हैं। तीसरा और अंतिम टी-20 सोमवार को चेम्सफोर्ड में होगा।

## आईएलसी के उद्घाटन मुकाबले में इंडियन वॉरियर्स से भिड़ेंगे अफ्रीकन लायंस

**आईएलसी का उद्घाटन मुकाबला 27 मई की शाम को होगा**

**ग्रेटर नोएडा, वार्ता।** ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 27 मई से शुरू हो रही इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप (आईएलसी) का उद्घाटन मुक.ाबला इंडियन वॉरियर्स और अफ्रीकन लायंस के बीच 27 मई की शाम खेला जाएगा। जिसके बाद 28 मई से प्रतिदिन डबल हेडर मुक.ाबले देखने को मिलेंगे। दिन का पहला मैच दोपहर 3:30 बजे से, जबकि दूसरा मुकाबला शाम 7:30 बजे शुरू होगा। लीग चरण तीन जून को समाप्त होगा, जिसके बाद सेमीफाइनल मुकाबले चार जून को क्रमशः दोपहर 3:30 बजे और शाम 7:30 बजे से खेले जाएंगे। पांच जून को ग्रैंड फिनाले मुकाबला खेला जाना तय है। आईएलसी के संस्थापक और निदेशक प्रदीप सां.गवान ने कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कहा कि, ह्यह सिर्फ के लीग नहीं बल्कि छह महाद्वीपों का समागम है। शेड्यूल को इस तरह से तैयार किया गया है कि रोमांच बना रहे और दुनियाभर के दर्शक हर दिन स्क्रीन से जुड़े रहें। पूर्व दक्षिण अफ्रीकी धाकड़ बल्लेबाज हर्शल गिब्स अफ्रीकन लायंस की कप्तानी करेंगे, तो वहीं एशियन किंग्स की अगुवाई सुरेश रैना के हाथों में है। एशिया की इस टीम में रैना के साथ पूर्व श्रीलंकाई दिग्गज तिलकरत्ने दिलशान और अफगानिस्तान के पूर्व कप्तान असगर अफगान भी जलवा बिखेरते नजर आएंगे। इस चैंपियनशिप का प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर होगा।

**टीमें**

अफ्रीकन लायंस, ट्रांस टाइटंस (ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड), यूरो ग्लैडिएटर्स, अमेरिकन स्ट्राइकर्स, एशियन किंग्स और इंडियन वॉरियर्स।

# 100वें एटीपी खिताब से एक कदम दूर जोकोविच



**जिनेवा, वार्ता।** नोवाक जोकोविच ने जिनेवा ओपन के सेमीफाइनल में ब्रिटेन के कैमरन नॉरी के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत हासिल कर अपने 100वें एटीपी टूर-स्तरीय एकल खिताब से एक जीत दूर पहुंच गए हैं।

जिमी कोनर्स और रोजर फेडरर के बाद जोकोविच ओपन युग में 100 एटीपी खिताब जीतने वाले तीसरे खिलाड़ी बनने की ओर अग्रसर है। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने शुक्रवार को नॉरी पर 6-4 6-7 (6-8) 6-1 की शानदार जीत के साथ उस मील के पत्थर के करीब एक कदम और बढ़ा दिया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार जोकोविच ने पिछले साल गर्मियों में पेरिस में ओलंपिक स्वर्ण जीतने के बाद से कोई खिताब नहीं जीता है। वह शनिवार को होने वाले फाइनल में पोलैंड के ह्यूबर्ट हर्काज़ से भिड़ेंगे। गुरुवार को 38 साल के हो गए जोकोविच ने कहा कि यह मेरे लिए अब तक का सबसे कठिन मैच था।

**नोवाक ने पेरिस में ओलंपिक स्वर्ण जीतने के बाद से कोई खिताब नहीं जीता है**

जोकोविच के लिए यह क्ले सीजन निराशाजनक रहा है, उन्हें मैड्रिड और मोंटे कार्लो में तुरंत बाहर होना पड़ा। हालांकि, जिनेवा में एटीपी 250 खिताब फ्रेंच ओपन से पहले यह टूर्नामेंट आत्मविश्वास बढ़ाने वाला हो सकता है, जहां वह रिकॉर्ड तोड़ 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कोशिश करेंगे। रविवार से शुरू होने वाले रोलांड गैरोस में पहले दौर में जोकोविच का सामना अमेरिकी मैकेंजी मैकडोनाल्ड से होगा। सीजन के अपने पहले सेमीफाइनल में खेलते हुए, नॉरी ने पहले सेट में जोकोविच की सर्विस पर सिर्फ दो अंक जीते। दूसरे सेट में ब्रिटिश खिलाड़ी ने नियंत्रण हासिल किया और पहली बार जोकोविच की सर्विस को चुनौती देते हुए 4-1 से आगे हो गया। 5-2 पर जोकोविच द्वारा किए गए डबल फॉल्ट ने नॉरी को एक सेट प्वाइंट दिलाया, लेकिन वह अपना मौका चूक गए।

## कामिला राखिमोवा के खिलाफ मैच से फ्रेंच ओपन अभियान की शुरुआत करेंगी सबालेंका

**पेरिस, वार्ता।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने फ्रेंच ओपन के महिला एकल में रविवार को रूस की कामिला राखिमोवा के खिलाफ़ अपना अभियान शुरू करेंगी। सबालेंका को ड्रॉ के उसी हिस्से में रखा गया है, जिसमें पाँचवीं वरीयता प्राप्त पोलिश खिलाड़ी इगा स्वियाटेक हैं। 27 वर्षीय बेलारूसी खिलाड़ी ने मियामी और मैड्रिड में दो डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीते हैं, साथ ही ऑस्ट्रेलियन ओपन, इंडियन वेल्स और स्टटगार्ट में तीन अन्य फाइनल में पहुंची हैं। इस सीजन में क्ले पर तीन बार की गत विजेता इगा स्विएटेक के संघर्ष से सबालेंका का हाथ मजबूत हुआ है।सबालेंका ने कहा कि यह जानते हुए कि कोई मेरा पीछा कर रहा है या मेरी पीठ पर निशाना लगा रहा है, मुझे यह अच्छा लगता है। मैं इसे एक चुनौती के रूप में लेती हूँ। देखते हैं कि कौन दबाव के क्षणों के लिए तैयार है। सबालेंका पिछले साल के क्वार्टर फाइनल में रूसी किशोरी मीरा एंड्रीवा से पेट दर्द की समस्या के चलते हार गई थी।

# आतंकवाद को लेकर पाखंड पर दिल्ली सख्त

## भारत ने पाकिस्तान की संयुक्त राष्ट्र में की कड़े शब्दों में निंदा

**न्यूयॉर्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र (संरा) में पाकिस्तान की इस बात के लिए कड़े शब्दों में निंदा की है कि वह भारत में आतंकवादी हमलों को प्रायोजित करने और निर्दोष नागरिकों की हत्या करने के अपने पाखंडी व्यवहार के साथ-साथ आम नागरिकों की सुरक्षा की बात भी कर रहा है।

संरा में भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत पी-हरीश ने शनिवार को यहां संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की वर्तमान समय में उभरते खतरों से निपटने, नागरिकों, मानवीय एवं संयुक्त राष्ट्र कर्मियों और पत्रकारों एवं मीडिया पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा जवाबदेही तंत्र को बढ़ावा देने के मसलों पर हुई खुली बहस के दौरान अपने संबोधन में यह बात कही। हरीश ने कहा कि अपनी सीमाओं के पार से आतंकवाद को प्रायोजित करने वाले देश के लिए नागरिकों की सुरक्षा पर चर्चा में भाग लेना भी अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का अपमान है। हरीश ने 'एजेंडा' पत्र 'सशस्त्र संघर्ष में नागरिकों की सुरक्षा' के तहत संबोधन में कहा कि भारत ने अपनी सीमाओं के पार से दशकों तक पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवादी हमलों का सामना किया है। ऐसे देश (पाकिस्तान) के लिए नागरिकों की सुरक्षा पर



**पिछले चार दशकों में आतंकवादी हमलों में 20000 से अधिक भारतीय लोगों की जानें गई हैं**

चर्चा में भाग लेना भी अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का अपमान है। पाकिस्तान के सभी तर्कों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि वह कई मुद्दों पर पाकिस्तानी प्रतिनिधि के बेबुनियाद आरोपों का जवाब देने के लिए बाध्य हैं। कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या के बाद भारत के पाकिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए राजदूत हरीश ने कहा कि इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तानी सेना ने जानबूझकर हमारे सीमावर्ती गांवों पर गोलाबारी की जिसमें 20 से अधिक नागरिक मारे गए और 80 से अधिक घायल हो गए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने जानबूझकर गुरुद्वारों, मंदिरों और कॉन्वेंट जैसे स्थलों के साथ-साथ सभी चिकित्सा सुविधाओं को निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि इस तरह के व्यवहार के बाद इस संगठन में उपदेश देना घोर पाखंड है। इससे पहले उन्होंने सिंधु जल संधि के बारे में गलत सूचना फैलाने के लिए पाकिस्तान को फटकार लगाते हुए कहा कि उसने भारत के खिलाफ तीन युद्ध और हजारों आतंकवादी हमले करके संधि की भावना का उल्लंघन किया है। उसके इस बर्ताव से नागरिकों का जीवन, धार्मिक सद्भाव और आर्थिक समृद्धि प्रभावित होती है। हरीश ने कहा कि हम सिंधु जल संधि के संबंध में पाकिस्तान के प्रतिनिधिमंडल द्वारा फैलाई जा रही गलत सूचना का जवाब देने के लिए बाध्य हैं। भारत ने एक ऊपरी तटवर्ती देश के तौर पर हमेशा ही जिम्मेदाराना कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि पिछले चार दशकों में आतंकवादी हमलों में 20000 से अधिक भारतीय लोगों की जानें गई हैं, जिनमें से सबसे हालिया पहलगाम में पर्यटकों पर किया गया नृशंस आतंकवादी हमला था।

## ऑस्ट्रेलिया में बाढ़ के कारण दस हजार संपत्तियां क्षतिगस्त

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) में बाढ़ के कारण लगभग दस हजार संपत्तियों के क्षतिग्रस्त होने का अनुमान है। राज्य के आपातकालीन सेवा प्राधिकरण ने शनिवार को कहा कि शुरुआती अनुमानों से पता चलता है कि राज्य के पूर्वी क्षेत्रों में बाढ़ के पानी में 10000 से अधिक संपत्तियां क्षतिग्रस्त हो गई। राज्य आपातकालीन सेवा (एसईएस) के मुख्य अधीक्षक पॉल मैकक्वीन ने आज सुबह संवाददाताओं को बताया कि क्षति आकलन प्रक्रिया शुरू करने के लिए टीमें रवाना होंगी। उन्होंने कहा कि मैं दोहराता हूं कि यह अभी भी एक खतरनाक स्थिति है जहां बुनियादी ढांचे और संपत्तियों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की संभावना है। दुर्भाग्यवश जब तक पानी के स्तर में और कमी नहीं हो जाती तब तक लोगों को अपने घरों में वापस जाने देना संभव नहीं है तथा हमें विश्वास है कि वे अपने घरों और समुदायों तक सुरक्षित पहुंच सकेंगे। एनएसडब्ल्यू पुलिस ने शुक्रवार शाम को एक बयान में कहा कि बचाव अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित मध्य उत्तरी तट पर एक जले हुए वाहन के अंदर एक शव मिला। यह लगातार पांच दिनों की मूसलाधार बारिश के बाद मध्य उत्तरी तट और आसपास के क्षेत्रों में आई व्यापक बाढ़ की समस्या में पांचवीं मौत है।



**जम्मू-कश्मीर। पूंछ में एक स्कूल के दौरे के दौरान कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।**

## मैक्सिको 3.5 प्रतिशत धन हस्तांतरण कर का विरोध करने के लिए अमेरिका भेजेगा एक राजनयिक मिशन

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको सरकार ने अमेरिका में रह रहे उसके नागरिकों के स्वदेश धन भेजने पर 3.5 प्रतिशत कर लगाने के ट्रम्प प्रशासन के फैसले का विरोध किया है और इस पर बातचीत करने के लिए एक राजनयिक मिशन अमेरिका भेजने का निर्णय लिया है। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने कहा कि अमेरिका के इस निर्णय से वहां रह रहे लाखों मेक्सिको के नागरिकों पर गंभीर असर पड़ेगा। सुशिनबाम ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में अमे. रिकी प्रतिनिधि सभा द्वारा गुरुवार को पारित प्रस्ताव को अस्वीकार किया और अमेरिका में मेक्सिको के समुदाय से इसके खिलाफ एकजुट होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह एक और टीम अमेरिकी सीनेटरों और सीमा पार हमारे समुदाय के लोगों से बातचीत करने के लिए जाएगी ताकि इसे रो. कने का काम जारी रखा जा सके। गौरतलब है कि धन भेजने पर कर जो शुरू में पांच प्रतिशत प्रस्तावित था और बाद में संशोधित कर 3.5 प्रतिशत कर दिया गया था, अब विचार के लिए अमेरिकी सीनेट के पास जाएगा।

## इमरान ने कसा पाक आर्मी चीफ पर तंज

### कहाः उन्हें खुद को राजा की उपाधि देनी चाहिए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने आर्मी चीफ आसिम मुनीर के फील्ड मार्शल बनने पर तंज कसा है। इमरान ने कहा है कि मुनीर को खुद को राजा की उपाधि देनी चाहिए। जेल में बंद इमरान का यह बयान उनके एक्स पर पोस्ट किया है।

इसमें इमरान ने लिखा माशाअल्लाह, जनरल असीम मुनीर को फील्ड मार्शल बनाया गया है। हालांकि, उन्हें राजा की उपाधि देना ज्यादा अच्छा होता-क्योंकि अभी देश में जंगल का कानून चलता है और जंगल में केवल एक ही राजा होता है। जनरल मुनीर को भारत-पाक संघर्ष के बाद 20 मई को फील्ड मार्शल के पद पर प्रमोट किया गया। वे देश के इतिहास में इस पद पर पहुंचने वाले दूसरे आर्मी चीफ हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ 25 से 30 मई तक



**पाक पीएम शहबाज चार देशों के दौरे पर जाएंगे**

तुर्की, ईरान, अजरबैजान और ताजिकिस्तान का दौरा करेंगे। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को इस बारे में जानकारी दी। मंत्रालय के मुताबिक शरीफ इस दौरान इन देशों के साथ कई मुद्दों पर चर्चा करेंगे और हाल ही में भारत के साथ संघर्ष के समय मदद करने के लिए आभार जताएंगे। बयान में यह भी कहा गया कि शरीफ 29-30 मई को ताजिकिस्तान की राजधानी दुशान्बे में ग्लेशियर्स पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भी भाग लेंगे। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के चेयरमैन बिलावल भुट्टो ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात की। बिलावल ने शरीफ से सलाह मांगी कि दुनिया के सामने पाकिस्तान का पक्ष कैसे रखा जाए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस बैठक में सीनेटर शेरी रहमान और पूर्व विदेश मंत्री हिना रब्बानी खार भी मौजूद थीं। पिछले हफ्ते, शरीफ ने बिलावल को एक हाई लेवल डेलिगेशन की लीडरशिप सौंपी है, जो भारत के साथ हुए तनाव को लेकर दुनिया के सामने पाकिस्तान क पक्ष रखेगा।

## ईरान-अमेरिका के बीच परमाणु समझौते पर बेहतर समझ विकसित हुईः अराघची

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि इटली में 'ईरानी परमाणु दस्तावेजों' पर बातचीत के बाद ईरान और अमेरिका के बीच बेहतर समझ विकसित हुई है। हाल ही में ओमान की मध्यस्थता में अमेरिका-ईरान की अप्रत्यक्ष वार्ता का पांचवां दौर इटली की राधानी रोम में आयोजित की गई थी। अराघची ने शक्रवार को कहा कि यह अमेरिका के साथ हमारी अब तक की सबसे पेशेवर वार्ताओं में से एक थी मुझे लगता है कि अमेरिका को अब हमारी स्थिति के बारे में पता चल गया होगा। उन्होंने कहा कि ओमान ने ईरान और अमेरिका को समझौते तक पहुंचने में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए 'कार्यप्रणाली तंत्र' का प्रस्ताव दिया है।

## ट्रम्प के क्रिप्टो बिजनेस का नया ठिकाना बनेगा पाक

### पीएम शहबाज के बेटे को मिलेगी कमान, दुबई की कंपनी नेटवर्क खड़ा कर रही

**इस्लामाबाद/वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के क्रिप्टो कारोबार की गूंज अब पाकिस्तान पहुंच गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रम्प और उनके परिवार द्वारा समर्थित क्रिप्टो बिजनेस का नया ठिकाना अब पाकिस्तान बनने जा रहा है। इस कंपनी की कमान खुद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बेटे सलमान शहबाज के हाथों में होगी।

दुबई में बनी एक संदिग्ध ब्लाकचेन फर्म हाईलैंड सिस्टम्स के जरिए यह सारा नेटवर्क खड़ा किया जा रहा है। हाईलैंड सिस्टम्स की मदद से पाकिस्तान सरकार ब्लाकचेन और क्रिप्टो माइनिंग तकनीक विकसित करेगी। कंपनी में ट्रम्प के बेटे एरिक ट्रम्प और पाकिस्तान के टाप मिलिट्री कान्ट्रैक्टर्स भी साझेदार हैं। दरअसल ट्रम्प के करीबी निवेशक और क्रिप्टो लाबी पहले से ही अमेरिका में रेगुलेशन की सख्ती से नाराज हैं। ऐसे में वे ऐसे देशों की तलाश में हैं, जहां नियम ढीले हों और सत्ता से



**दुबई में बनी एक संदिग्ध बलाकचेन फर्म हाईलैंड सिस्टम्स के जरिए यह सारा नेटवर्क खड़ा किया जा रहा है**

सीधा तालमेल हो। पाकिस्तान इस समय गढ़ बनकर उभरा है। आर्थिक अस्थिरता और सरकार की अमेरिका के साथ संबंध सुधारने की तत्परता जैसे कारण पाकिस्तान को ट्रम्प के कुनबे के लिए क्रिप्टो हब बनाने के लिए एक आदर्श देश बना रहे हैं। बता दें कि शहबाज सरकार क्रिप्टो को वैध करेंसी के रूप में मान्यता देने की भी योजना बना रही है। सलमान की कंपनी क्रिप्टो माइनिंग के लिए बिजली देगी प्रधानमंत्री शहबाज के बेटे सलमान की अगुवाई वाली एसएसई टेक्नोलाजीज पाकिस्तान की सबसे बड़ी सोलर पैनल इंपोर्टर है। अब ये कंपनी हाईलैंड सिस्टम्स के साथ मिलकर पाकिस्तान में क्रिप्टो माइनिंग नेटवर्क तैयार करेगी। दरअसल, क्रिप्टो माइनिंग में सबसे ज्यादा खर्च बिजली का होता है। इसी समस्या के समाधान के लिए एसएसई टेक्नोलाजीज को इस नेटवर्क का अहम भागीदार बनाया गया है। सूत्रों के अनुसार, कंपनी पाकिस्तान के सिंध और बलूचिस्तान में सोलर फर्म स्थापित करेगी, जिनकी बिजली से माइनिंग आपरेशंस को चलाया जाएगा। पाकिस्तान क्रिप्टो अपनाने के मामले में अभी दुनिया में नौवें नंबर पर है। अमेरिका से क्रिप्टो ब्लाकचेन और माइ. निंग तकनीक विकसित करने को लेकर हुई डील के बाद इसमें और बढ़त के आसार हैं।

## हंगरीः रूसी ऊर्जा प्रतिबंध के पीछे यूक्रेन का हाथ है

**मास्को/बुडापेस्ट।** हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ऑरबान ने आरोप लगाया है कि रूसी ऊर्जा पर प्रतिबंध लगाने की यूरोपीय नीति के पीछे यूक्रेन का हाथ है और इससे यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं को भारी नुकसान हो सकता है, जो सिर्फ यूक्रेन के हित में है।

ऑरबान ने शुक्रवार को हंगरी के कोसुथ रेडियो के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि पूरे रूसी ऊर्जा संसाधनों पर प्रतिबंध की नीति के पीछे यूक्रेन है। उन्होंने इसे 'यूक्रेनी ऊर्जा खतरा' करार दिया और कहा कि यूक्रेन यूरोप से ऐसी मांगें कर रहा है, जो यूरोप और हंगरी के परिवारों को नुकसान पहुंचाएंगी। उनका कहना है कि योजना रूस से किसी को भी गैस और तेल खरीदने को रो. कने की है। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि यूक्रेन ने रूसी गैस के अपने क्षेत्र से गुजरने पर रोक लगाकर इस योजना की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि टर्कस्ट्रीम पाइपलाइन की वजह से हंगरी ऊर्जा संकट से बच सका। उनके अनुसार, अगर यूक्रेन की यूरोपीय संघ में चल गई, तो हंगरी के परिवारों को हर साल दो अरब यूरो अधिक चुकाने पड़ेंगे, बिजली के बिल दोगुने और हीटिंग खर्च चार गुना हो जाएगा। उन्होंने यूरोपीय संघ के नेताओं की आलोचना करते हुए कहा कि वे अपने नागरिकों की भलाई से ज्यादा रूस को नुकसान पहुंचाने और यूक्रेन की मदद को प्राथमिकता दे रहे हैं। ऑरबान ने कहा कि यह हमारी लड़ाई नहीं है और हम ब्रसेल्स को इसकी कीमत हमसे नहीं वसूलने देंगे। हंगरी के विदेश मंत्री पीटर सिज्जियार्तो ने पश्चिमी यूरोपीय देशों पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया है।

## सिंध नदी परियोजना के खिलाफ फिर हिंसक प्रदर्शन

### राष्ट्रपति जरदारी की बेटी के काफिले पर हमला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की बेटी और सांसद आसिफा भुट्टो के काफिले पर शुक्रवार को भीड़ ने हमला कर दिया। इसका वीडियो शनिवार को सामने आया। पुलिस के मुताबिक आसिफा कराची से नवाबशाह जा रही थीं।

इसी दौरान प्रदर्शनकारियों ने उनके काफिले को रोका और विवादित नहर परियोजना और कार्पोरेट खेती के खिलाफ नारे लगाए। कुछ लोगों ने काफिले की गाड़ियों पर डंडों से हमला कर दिया। आसिफा के साथ मौजूद सुरक्षा टीम और हैदराबाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और उनकी गाड़ी को सुरक्षित



**चार दिन पहले गृहमंत्री का घर जलाया था**

वहां से निकाल लिया। इस पूरी घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। पाकिस्तान सरकार सिंध नदी पर नहर बनाने की प्लानिंग कर रही है। इससे स्थानीय लोग नाराज हैं। नाराज लोगों ने मंगलवार को सिंध के गृह मंत्री जियाउल हसन लंजर का घर जला दिया था। हमला करने वाली भीड़ में कई बच्चे भी थे, जिन्होंने लाठी-डंडे से हमला किया। इलाके के एसएसपी जफर सिद्दीकी ने मीडिया को बताया कि काफिला एक मिनट से भी कम समय के लिए रुका था और आसिफा या उनके सुरक्षा कर्मियों को कोई नुकसान नहीं हुआ। उन्होंने कहाः शांतिभंग करने वाले प्रदर्शनकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है और कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अशांति फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पाकिस्तान में प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार को सिंध के गृह मंत्री जियाउल हसन लंजर का घर जला दिया था।

## अमेजन की जनजाति ने न्यूयॉर्क टाइम्स पर किया 18 करोड़ डॉलर की मानहानि का दावा

**लंदन।** ब्राजील में अमेज़ॅन के जंगलों के निवासी एक जनजातीय समूह ने अमेरिका के प्रभावशाली अखबार 'दि न्यूयॉर्क टाइम्स' के खिलाफ एक रिपोर्ट को लेकर 18 करोड़ डॉलर की मानहानि का मुकदमा दायर किया है, जिसमें जनजातीय समूह को 'पोर्न का शौकीन' बताया है। दि गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, सुदूर जावरी घाटी की अमेज़न के जंगलों में रहने वाली मारुबो जनजाति ने इंटरनेट तक पहुंच प्राप्त करने के बाद उन्हें तकनीक और पोर्नोग्राफी का आदी होने के रूप में गलत तरीके से चित्रित करने के लिए अमेरिकी दैनिक पर मुकदमा दायर किया और 18 करोड़ डॉलर (करीब 1500 करोड़ रुपये) का हर्जाना मांगा है। मुकदमे में कहा गया है कि न्यूयॉर्क टाइम्स ने करीब दो हजार लोगों के समुदाय मारुबो जनजाति को इस तरह से पेश किया कि वे इंटरनेट पाने के बाद बहक गए हैं।

## बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार बने रहेंगे यूनुस

**ढाका।** बांग्लादेश में जारी राजनीतिक उथल पुथल के बीच सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस अपने पद पर बने रहेंगे। इससे पहले माना जा रहा था कि वो राजनीतिक और सैन्य दबाव के चलते इस्तीफा दे सकते हैं।

मोहम्मद यूनुस ने शनिवार को सलाहकार परिषद की एक बैठक बुलाई थी। इस बैठक के बाद प्लानिंग एडवाइजर वाहिदुद्दीन महमूद ने कहाः मोहम्मद यूनुस हमारे साथ बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि हम लोगों को भी नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। न्यूज एजेंसी यूएनबी के मुता. बिक सलाहकार परिषद की एक बैठक के बाद जल्द मंत्रियों के साथ बैठक होगी। वहीं, सेना प्रमुख वकार-उज-जमां ने स्पष्ट रूप से दिसम्बर तक चुनाव कराने का अल्टीमेटम दिया है। दूसरी ओर,

**इमरजेंसी बैठक के बाद फैसला, सेना ने दिसम्बर तक चुनाव कराने का अल्टीमेटम दिया**

विपक्षी दल बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी के बीच चुनाव को लेकर चर्चा और सड़कों पर संघर्ष की रणनीतियां बन रही हैं। नेशनल सिटिजन पार्टी (एनएसपी), जमात-ए-इस्लामी के स्टूडेंट विंग छात्र शिबिर और वामपंथी छात्र संगठनों ने एकमत होकर कहा है कि जब तक पिछली सरकार के दौरान हुई हिंसा और हत्याओं की निष्पक्ष जांच नहीं होती, चुनाव का कोई मतलब नहीं। एनसीपी के छात्र नेता नाहिद इस्लाम का कहना है कि अगर देश के सभी वर्ग इस तरह असहयोग करेंगे तो डा. यूनुस इस्तीफा दे देंगे।

## अमेरिका ने यूरोपीय संघ पर कसा शिकंजा

### डोनाल्ड ट्रम्प ने की ईयू पर आयात पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा

**वाशिंगटन/ब्रुसेल्स।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को यूरोपीय संघ (ईयू) से सभी आयात पर एक जून से 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की और कहा व्यापार वार्ता बेनतीजा रही। ट्रम्प ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर लिखा कि यूरोपीय संघ दशकों से अमेरिका का शोषण कर रहा है।

उन्होंने ईयू पर भारी व्यापारिक बाधाएं, वैट टैक्स, ज्यादा कॉरपोरेट जुर्माने, मुद्रा में हेरफेर और अनुचित मुक. दमों का आरोप लगाया, जिससे हर साल 250 अरब डॉलर का व्यापार घाटा हो रहा है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रपति ने कहा कि ईयू के साथ समझौता करना 'बहुत मुश्किल' रहा है। ट्रम्प ने लिखा कि ईयू के साथ हमारी बातचीत कहीं नहीं पहुंची है, इसलिए मैं एक जून 2025 से सीधे 50 प्रतिशत टैरिफ की सिफारिश कर रहा हूं। बाद में राष्ट्रपति कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मैं किसी सौदे की तलाश में नहीं हूं, टैरिफ 50 प्रतिशत तय है। लेकिन अगर वे यहां प्लांट बनाएंगे, तो कोई टैरिफ नहीं लगेगा। राष्ट्रपति ने दावा किया कि ईयू समझौता करना चाहता है, लेकिन सही तरीके से नहीं करता। ट्रम्प की टिप्पणियां ऐसे समय आईं जब कुछ घंटों बाद ही अमेरिका और ईयू अधिकारियों की व्यापार वार्ता होनी थी, जो अब अधर में लटक गई है। वहीं यूरोपीय आयोग ने कहा कि वह बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन ज़रूरत पड़ी तो जवाब देने को भी तैयार है। ईयू के व्यापार आयुक्त मारोश शेफचोविच ने कहा कि



यूरोपीय संघ- अमेरिकी व्यापार बेजोड़ है और इसे आपसी सम्मान से चलना चाहिए, धमकियों से नहीं। हम अपने हितों की रक्षा के लिए तैयार हैं। जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वाडेफुल ने इस कदम पर चिंता जताई और चेतावनी दी कि दंडात्मक टैरिफ दोनों अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे टैरिफ किसी की मदद नहीं करेंगे, बल्कि दोनों बाजारों की आर्थिक विकास गति धीमी करेंगे। आयरलैंड के प्रधानमंत्री माइकल मार्टिन ने कहा कि ईयू ने 'सच्चे इरादे' से काम किया है और टैरिफ दोनों पक्षों के लिए नुकसानदेह होंगे। उन्होंने कहा कि वार्ता ही एकमात्र स्थाई रास्ता है। फ्रांस के विद. ेश मंत्री लॉरेंट सेंट-मार्टिन ने भी संयम का आह्वान करते हुए कहा कि हम शांति चाहते हैं, लेकिन जवाब देने को भी तैयार हैं। अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेंसेंट ने कहा कि ईयू के अंदर मतभेद वार्ताओं में बाधा बन रहे हैं और कुछ सदस्य देशों को ब्रुसेल्स की बातचीत की शर्तों की जानक. ारी नहीं है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ट्रम्प का टैरिफ धमकी ईयू को सक्रिय करेगी। राष्ट्रपति ने ऐप्पल से जुड़ी पुरानी लड़ाई भी फिर शुरू की और अमेरिका में न बने आईफोन पर 25 प्रतिशत आयात कर लगाने की धमकी दी, जिसे विशेषज्ञों ने अवास्तविक बताया।

## गाजा में प्रवेश करने वाले बहुत से ट्रकों को भूखे लोगों ने लूट लियाः संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** इजरायली हमलों से गाजा में हालात इतने खराब हो गए हैं कि ज्यादातर लोग भुखमरी से मरने लगे हैं और मानवीय सहायता के तौर पर भेजे जाने वाले बहुत से ट्रकों को हाल ही में गाजावासियों ने लूट लिया है। संयुक्त राष्ट्र के अध्यक्ष एंटोनियो गुटेरस ने कहा कि गाजा इस समय सबसे खराब समय का सामना कर रहा है।

इजरायल ने लंबे समय की पाबंदी के बाद जब गाजा वालों के लिए राहत सामग्री वाले ट्रकों को जाने की इजाजत दी तो कई ट्रक रास्ते में ही लूट लिए गए। गुटेरेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने आज यहां यह जानकारी देते हुए कहा कि हमने लगभग 100 ट्रकों को केरेम शालोम (करेम अबू सलेम) में भेजा और क्रॉसिंग के फलस्तीनी वाले छोर से लगभग 35

**यह उन लोगों द्वारा की गई लूट है जो हताशा और भूख का सामना कर रहे हैं: फरहान हक**

ट्रकों को भेजा ताकि उन्हें गाजा में उन जगहों के करीब लाया जा सके जहां लोगों को उनकी ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि लेकिन बुधवार को निवासियों ने आटे से भरे छह ट्रकों को रोक कर उन्हें लूट लिया। हक ने कहा शुक्रवार रात 15 अन्य ट्रकों को भी इसी तरह लूटा गया। हमारा मानना है कि ये संगठित आपराधिक लूटपाट के मामले नहीं हैं। यह उन लोगों द्वारा की गई लूट है जो हताशा और भूख का सामना कर रहे हैं। गौरतलब है कि इज़रायल ने लंबे समय से यह तर्क दिया है कि गाजावासियों को दी जाने वाली अंतरर्राष्ट्रीय सहायता का अधिकांश हिस्सा आतंकवादी संगठन हमास को पहुंचा दिया जाता है जो फलस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एजेंसी की मौन स्वीकृति के साथ ही संभव हो रहा है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र ने इस आरोप का दृढ़ता से खंडन किया है। उप प्रवक्ता ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के कार्यकर्ता स्थानीय समुदायों के साथ विश्वास जीतने के लिए बातचीत कर रहे हैं ताकि भविष्य में लूटपाट न होना इसको सुनिश्चित किया जा सके। हालांकि उन्होंने कहा कि लूटपाट से निपटने का सबसे अच्छा तरीका है कि इन जगहों में अधिक सहायता पहुंचाई जाए ताकि लोगों को ऐसी हताशा का सामना न करना पड़े। पत्रकारों के साथ एक मुलाकात में संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने भी इसी आह्वान को दोहराया।



# आलिया भट्ट ने कान्स फेस्टिवल में किया डेब्यू

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री आलिया भट्ट ने कान्स फिल्म फेस्टिबल में धमाकेदार डेब्यू किया। इन दिनों कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025 काफी चर्चा में है।

इस मौके पर कई बॉलीवुड सेलेब्रिटीज अपना जलवा बिखेर रहे हैं। फ्रांस के रिवेरा शहर में चल रहे कांस फिल्म फेस्टिवल 2025 में आलिया भट्ट ने धमाकेदार एंट्री की है। आलिया भट्ट ने इस मौके के लिए सॉफ्ट पेस्टल फ्लोरल गाउन चुना, जिसमें शानदार एम्ब्रायडरी और क्लासिक सिल्हूट नजर आ रहा था।

आलिया इस गाउन में एकदम परी जैसी दिख रही थीं। कान्स फिल्म फेस्टिवल के दौरान आलिया भट्ट केली रीचर्ड्ट की हॉलीवुड फिल्म द मास्टरमाइंड की स्क्रीनिंग में शामिल हुई, जिसका प्रीमियर इस फेस्टिवल के दौरान 23 मई को किया गया। कान्स फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू के साथ ही आलिया के ड्रेस सेलेक्शन को लेकर तारीफ मिल रही है।

आलिया भट्ट ने कान्स फिल्म फेस्टिबल से अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। उन्होंने तस्वीरों के कैप्शन में लिखा है, हैलो कान्स। इसके साथ उन्होंने लोरियल पेरिस को टैग किया है, जिसकी ब्रांड एम्बेसडर के तौर पर वे वहां पहुंची हैं।



## थिएटर: द मिथ ऑफ रिएलिटी का ट्रेलर कान्स फिल्म फेस्टिवल में हुआ रिलीज

**कान्स।** सजिन बाबू लिखित-निर्देशित फिल्म थिएटर द मिथ ऑफ रिएलिटी का ट्रेलर प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025 -मार्चे दू फिल्म में लॉन्च किया गया। फिल्म थिएटर का आधिकारिक ट्रेलर दिग्गज फिल्म निर्देशक सुधीर मिश्रा ने रिलीज किया। यह ट्रेलर इंडो-जर्मन फिल्म वीक फेस्टिवल के डायरेक्टर स्टीफन ओटनब्रुक के मुख्य आतिथ्य में जारी किया गया। थिएटर द मिथ ऑफ रिएलिटी के ट्रेलर रिलीज के अवसर पर प्रसिद्ध फिल्मकार डॉ. बिजू दामोदरन, अभिनेता प्रकाश बेरे, अभिनेत्री छाया कदम, ट्रांस-मीडिया कंसल्टेंट एम.एन. गुजर और भारत, जर्मनी, चीन व फ्रांस के कई जाने-माने फिल्म निर्माता भी उपस्थित थे।

## माता-पिता को प्राइवेट जेट में उड़ते हुए देखना चाहते हैं राघव जुयाल




**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता राघव जुयाल अपने माता-पिता को प्राइवेट जेट में उड़ते हुए देखना चाहते हैं। अपने अपरंपरागत आकर्षण और बोल्ड रोल के लिए जाने जाने वाले राघव जुयाल ने हाल ही में एक सस्पेंस से भरपूर एक्शन-थ्रिलर में अपने दमदार अभिनय से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा।

राघव जुयाल ने अपने माता-पिता के लिए अपने सपने के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि मेरे माता-पिता एक निजी जेट में उड़ान भरें। राघव ने कहा, मैं वास्तव में हर काम में मौजूद रहना चाहता हूं। मैं अपने लक्ष्य हासिल करना चाहता हूं। मैं इसके साथ आने वाली सभी सुख-सुविधाएं पाना चाहता हूं। मैं चाहता हूं कि मेरे माता-पिता निजी जेट में उड़ान भरने का अनुभव करें।




# 'एक दिन बिक जाएगा माटी के मोल'

## मजरूह सुल्तानपुरी को गीत के मिले थे 1000 रुपये



मजरूह सुल्तानपुरी के महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए वर्ष 1993 में उन्हें फिल्म जगत के दादा साहब फाल्के पुरस्कार से नवाजा गया। 1964 में प्रदर्शित फिल्म दोस्ती में अपने रचित गीत चाहूंगा मैं तुझे सांझ सवेरे के लिए सर्वश्रेष्ठ गीतकार का फिल्म फेयर पुरस्कार दिया गया।

**मुंबई।** महान शायर और गीतकार मजरूह सुल्तानपुरी को उनके रचित गीत एक दिन बिक जाएगा माटी के मोल के लिए शोमैन राजकपूर ने 1000 रुपये दिए थे। मजरूह सुल्तानपुरी का जन्म उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर शहर में एक अक्टूबर 1919 को हुआ था। उनके पिता पुलिस में एक उप निरीक्षक थे और वह मजरूह सुल्तानपुरी को ऊंची से ऊंची तालीम देना चाहते थे। मजरूह सुल्तानपुरी ने लखनऊ के तकमील उल तीब कॉलेज से यूनानी पद्धति की मेडिकल की परीक्षा उत्तीर्ण की और बाद में वह हकीम के रूप में काम करने लगे। बचपन के दिनों से ही मजरूह सुल्तानपुरी को शेरो-शायरी करने का काफी शौक था और वह अक्सर सुल्तानपुर में हो रहे मुशायरों में हिस्सा लिया करते थे, जिनसे उन्हें काफी नाम और शोहरत मिली। उन्होंने अपनी मेडिकल की प्रैक्टिस बीच में ही छोड़ दी और अपना ध्यान शेरो-शायरी की ओर लगाना शुरू कर दिया। इसी दौरान उनकी मुलाकात मशहूर शायर जिगर मुरादाबादी से हुई। वर्ष 1945 में सब्बो सिद्धकी इंस्टिट्यूट द्वारा संचालित एक मुशायरे में हिस्सा लेने मजरूह सुल्तान पुरी बम्बई आए। मुशायरे के कार्यक्रम में उनकी शायरी सुन मशहूर निर्माता ए.आर. कारदार काफी प्रभावित हुए और उन्होंने मजरूह सुल्तानपुरी से अपनी फिल्म के लिए गीत लिखने की पेशकश की।

मजरूह ने कारदार साहब की इस पेशकश को ठुकरा दिया क्योंकि फिल्मों के लिए गीत लिखना वह अच्छी बात नहीं समझते थे। जिगर मुरादाबादी ने मजरूह सुल्तानपुरी को तब सलाह दी कि फिल्मों के लिए गीत लिखना कोई बुरी बात नहीं है। गीत लिखने से मिलने वाली धन राशि में से कुछ पैसे वह अपने परिवार के खर्च के लिए भेज सकते हैं। जिगर मुरादाबादी की सलाह पर मजरूह सुल्तानपुरी फिल्म में गीत लिखने के लिए राजी हो गए।

# 1946: डायरेक्ट एक्शन डे की स्क्रीनिंग



**कान्स।** पीपल मीडिया फैक्ट्री की फिल्म 1946: डायरेक्ट एक्शन डे-दि इरेज्ड हिस्ट्री ऑफ बंगाल की स्क्रीनिंग 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में की गई। विजय एलाकांती द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म 1946: डायरेक्ट एक्शन डे-दि इरेज्ड हिस्ट्री ऑफ बंगाल (पूर्व शीर्षक: मां काली) ने 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपनी स्क्रीनिंग के बाद वैश्विक स्तर पर जबर्दस्त सराहना और ध्यान प्राप्त किया। इस प्रतिष्ठित मंच पर फिल्म के मुख्य कलाकार अभिषेक सिंह ने फिल्म के नए शीर्षक का आधिकारिक अनावरण किया, जो भारतीय सिनेमा के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि बन गई। दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित सिनेमा मंचों में से कान्स में फिल्म की स्क्रीनिंग को दर्शकों ने स्टैंडिग ओवेशन और वंदे मातरम के नारों के साथ सराहा। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिले फीडबैक के आधार पर, फिल्म निर्माताओं ने ऐसा टाइटल चुना जो वैश्विक दर्शकों से अधिक जुड़ाव बना सके। इस प्रतिक्रिया को ध्यान में रखते हुए, फिल्म का नाम बदला गया और नया शीर्षक रखा गया: 1946: डायरेक्ट एक्शन डे-दि इरेज्ड हिस्ट्री ऑफ बंगाल, जो फिल्म की ऐतिहासिक विषयवस्तु को अधिक सटीक रूप से दर्शाता है। यह फिल्म 16 अगस्त 1946 की भयानक घटनाओं और साम्प्रदायिक हिंसा पर आधारित है, जिसने भारत के बंटवारे की नींव रखी थी। राइमा सेन और अभिषेक सिंह द्वारा निभाए गए प्रमुख किरदारों ने विभाजन-पूर्व भारत में हिदुओं के संघर्ष और भावनात्मक पीड़ा को बेहद प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कान्स में अपने अनुभव को साझा करते हुए अभिषेक सिंह ने कहा, 1946: डायरेक्ट एक्शन डे-दि इरेज्ड हिस्ट्री ऑफ बंगाल जैसी फिल्म का इस ऐतिहासिक मंच तक पहुंचना मेरे लिए बेहद विनम्र और गर्व का क्षण था। यह फिल्म अपने भावनात्मक गहराई के साथ उस इतिहास को सामने लाती है।

जिसे जानना और याद रखना ज़रूरी है। इस नई पहचान के साथ फिल्म को विश्व मंच पर प्रस्तुत करना हम सभी के लिए एक यादगार पल था। मुझे इस शक्तिशाली कथा का हिस्सा बनने पर गर्व है और उम्मीद करता हूं कि यह दुनियाभर के दर्शकों से जुड़ सकेगी। गौरतलब है कि यह फिल्म पहले ही वैश्विक फिल्म समारोहों में 15 पुरस्कार जीत चुकी है, जिनमें जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट पॉलिटिकल फिल्म और स्वीडिश इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट प्रोड्यूसर का खिताब शामिल है। इस फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर पिछले साल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया में हुआ था। टी.जी. विश्व प्रसाद और कृति प्रसाद द्वारा निर्मित यह फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज़ होने के लिए तैयार है।

